बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 22 मई 2024
वर्ष 5, अंक 57, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा 16

मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज 15

हिंदुओं की शक्ति को चार जून के बाद महाशक्ति बना दूंगा : मोदी

वाराणसी में नारी शक्ति संवाद के जरिए प्रधानमंत्री ने महिलाओं से साझा की दिल की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी।

- सपा के लड़के अब गलती करें वो हाल होगा, जो सोचा नहीं
- कहा, महिलाओं के बिना घर नहीं चल सकता तो देश कैसे चलेगा

अमृत विचार : इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि हिंदुओं की शक्ति का विनाश करके रहूंगा, लेकिन चार जून के बाद मोदी आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगा। मैं आपके लिए लगातार काम कर रहा हूं। आपके आशीर्वाद से नई ऊर्जा मिलती है। न थकता हूं, न रुकता हूं। झोपड़ी में रहने वालों को मेरी तरफ से कह देना कि चार जून के बाद पक्का मकान मिल जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में महिलाओं से संवाद करते हुए यह बातें कहीं।

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में नारीशक्ति संवाद में मौजूद महिलाओं से दिल की बात साझा करते हुए मोदी ने कहा कि यह भारत की सक्सेज स्टोरी का बहुत बड़ा फैक्टर है। जब घर आपके बिना नहीं चलता तो देश आपके बिना कैसे चल जाता। उन्होंने कहा, पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है, जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की और घर दिए। हमने 11 करोड़ टॉयलेट बनाए हैं। मेरी बहन-बेटियों को इसकी बहुत जरूरत थी। मोदी ने गरीब महिलाओं के लिए बिना एक रुपये खर्च किए खाते खुलवाए, चार करोड़ से अधिक घर बनाए, उसकी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर कराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा व कांग्रेस सरकारों ने महिलाओं की केवल उपेक्षा व असुरक्षा की। सपा के लड़के जरा आज गलती करके दिखाएं। योगी जी की सरकार वो हाल करेगी, जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, चंदौली से भाजपा प्रत्याशी महेंद्रनाथ पांडेय, मछलीशहर के प्रत्याशी बीपी सरोज, उप्र. महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, मीना चौबे आदि मौजूद रहे।

प्रयागराज में मोदी बोले, 4 जून, 4 बजे 400 पार

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज में जनसभा में बोले कि सपा और कांग्रेस का सुशासन व सनातन से 36 का आंकड़ा रहा है। ये लोग सनातन को डेंगू, मलेरिया कहते हैं। कहा कि सपा सरकार में एक जाति के लोगों को नौकरी दी जाती थी। यूपीएससी को परिवार सर्विस कमीशन बना दिया था। यह भी दावा किया कि 4 जून को चार बजे भाजपा की सीटों का आंकड़ा 400 के पार होगा।

अपने माई के बिना कइले हईं नामांकन

मोदी ने कहा कि इ पहली बार ह, जब हम काशी क नामांकन अपने माई के बिना कइले हईं। मां गंगा ही अब हमार माई हइन। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने लोंगो से इस गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह भी दी।

महंगाई डायन खाय जात है

प्रधानमंत्री ने तंज कसा कि कांग्रेस की सरकारों की पहचान एक गाने से खूब होती है.... महंगाई डायन खाय जात है। कांग्रेस सरकार रही होती तो आपकी रसोई का बजट दो-तीन गुना बढ़ चुका है, लेकिन मोदी प्रयास करता है कि आपके खर्चे कम हों।

मैं दोषी नहीं तो स्वीकार क्यों करुंगा : बृजभूषण

नई दिल्ली, एजेंसी

यौन उत्पीड़न मामले में कोर्ट ने तय किए आरोप

- डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख ने खुद को बताया निर्दोष

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और छह बार के लोकसभा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए। बृज भूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष खुद को निर्दोष बताया और सुनवाई की मांग की। बृज भूषण ने न्यायाधीश से कहा कि जब मैं दोषी नहीं हूं तो मैं दोष स्वीकार क्यों करूंगा?

अदालत ने मामले में सह आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आपराधिक धमकी का आरोप तय किया। अगली सुनवाई एक जून को होगी।

एसीएमएम प्रियंका ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। अदालत ने बृज भूषण के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय किए। न्यायाधीश ने कहा आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। हालांकि अदालत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में बृज भूषण को आरोपमुक्त कर दिया क्योंकि उसके दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत नहीं थे।

प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करे केंद्र सरकार

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने औपचारिक रूप से केंद्र सरकार से सेक्स वीडियो स्कैंडल के मुख्य आरोपी हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का अनुरोध किया है। डॉ. परमेश्वर ने पत्रकारों से बात करते हुए प्रज्ज्वल का गिरफ्तारी वारंट जारी करने की पुष्टि की और कहा कि हमने केंद्र सरकार से उनका पासपोर्ट रद करने का आग्रह किया है। एक बार ऐसा हो जाने पर प्रज्जवल रेवन्ना भारत लौटने के लिए बाध्य होंगे।

कोल्ड ड्रिंक समझकर जहरीला पदार्थ पीने से 10 वर्षीया बच्ची की गई जान

कार्यालय संवाददाता, संभल

बेटी की मौत के बाद बिलखती मां। ● अमृत विचार

- पिता मेडिकल स्टोर से कबाड़ में खरीदकर लाया था बोतल
- बोतल का पदार्थ कोल्ड ड्रिंक की बोतल में भरकर रखा था

अमृत विचारः कोल्ड ड्रिंक समझकर जहरीला पदार्थ पीने से 10 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। पिता मेडिकल स्टोर से कबाड़ में बोतल खरीदकर लाया था। उसने बोतल का पदार्थ कोल्ड ड्रिंक की बोतल में रख दिया था। बच्ची साइना ने कोल्ड ड्रिंक समझकर उसे पी लिया, जिससे उसकी जान चली गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल-आदमपुर मार्ग निवासी आसिफ कबाड़ी का काम करता है। मंगलवार को किसी मेडिकल स्टोर से गत्ता व दवाई से भरी प्लास्टिक की बोतलें लेकर आया था। आसिफ ने प्लास्टिक की बोतल का पदार्थ कोल्ड ड्रिंक की बोतल में भरकर रख दिया। अचानक घर पहुंची बेटी साइना (10) ने कोल्ड ड्रिंक की बोतल में भरे पदार्थ को ठंडा समझकर पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। मुरादाबाद के जिला अस्पताल में डॉक्टर ने साइना को मृत घोषित कर दिया।

मौसी के यहां से साइना को मौत खींच लाई

संभल। साइना अपनी मौसी शबनम पत्नी मुनाजिर निवासी मुहल्ला नाला के यहां रहकर मदरसे में पढ़ रही थी। मंगलवार की शाम वह चार बजे अपने घर चली आई। पहुंचते ही कोल्ड ड्रिंक की बोतल में भरी दवा को ठंडा समझकर पी लिया।

एक नजर

के. कविता मामले में फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बीआरएस की नेता के. कविता के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने को लेकर 31 मई को अपना फैसला सुना सकती है। ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी के इस दावे पर संज्ञान लेने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि उसके पास कविता पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत है।

कुकी उग्रवादी समूह के खिलाफ प्राथमिकी

इंफाल। मणिपुर भूमि संसाधन विभाग ने उग्रवादी संगठन ''कुकी नेशनल फ्रंट'' के खिलाफ राज्य में दो समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। भूमि संसाधन विभाग के अवर सचिव मंगोलजाओ कामेई ने इंफाल थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में जिक्र किया गया कि थैंटिंग के रूप में उल्लेखित जगह पर ''कुकी नेशनल फ्रंट मिलिट्री काउंसिल'' शब्दों वाला गेट लगाना थांगजिंग के नाम को अनधिकृत रूप से बदलने का संकेत देता है।

सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने शाम 6:28 बजे आदेश सुनाना शुरू किया जिसमें 22 मिनट लगे।

पात्रा बोले-भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त, विवाद बढ़ने पर माफी मांगी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- तीन दिन उपवास रखकर करेंगे अपनी टिप्पणी के लिए पश्चाताप

भगवान जगन्नाथ पर जुबान फिसलने को लेकर विवादों में घिरे भाजपा नेता और पुरी लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी संबित पात्रा ने विभिन्न वर्गों से आलोचनाओं के बाद माफी मांगी है और मंगलवार से तीन दिन तक उपवास रखकर प्रायश्चित करने की घोषणा की है। पात्रा ने सोमवार को टेलीविजन चैनलों से बातचीत में कहा था कि राज्य के प्रतिष्ठित देवता भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भक्त हैं। पात्रा ने बाद में स्पष्ट किया था कि यह सिर्फ जुबान फिसलने के कारण हुआ और वह यह कहना चाहते थे कि प्रधानमंत्री भगवान जगन्नाथ के परम 'भक्त' हैं। पात्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि...इस गलती के लिए, मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर क्षमा मांगता हूं। मैं इस गलती का प्रायश्चित करने के लिए अगले तीन दिन उपवास करूंगा।

पात्रा की टिप्पणी पर विवाद तब बढ़ गया जब ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटायक ने उनके बयान की कड़ी निंदा की ।

संबित के बयानों के लिए माफी मांगें मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली। भगवान जगन्नाथ को लेकर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा की जुबान से निकले शब्द पर सियासत गहरा गई है। कांग्रेस ने इसे भगवान जगन्नाथ के भक्तों की भावनाओं से खिलवाड़ करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए देश से माफी मांगने को कहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पात्रा के बयान की कड़ी निंदा की।

मोबाइल डेटा के लिए बिभव को मुंबई ले गई दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली, एजेंसी

मालीवाल मारपीट मामला

- केजरीवाल के पीए ने मुंबई में फार्मेट कराया था अपना मोबाइल फोन

आप की नेता एवं सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को उनके आईफोन का डेटा पुनः प्राप्त करने के लिए मुंबई ले जाया जा रहा है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर राज्यसभा सदस्य मालीवाल पर हमले के आरोप में बिभव कुमार पांच दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने बताया कि कुमार ने मुंबई में अपने फोन को 'फॉर्मेट' कर दिया था या डेटा किसी अन्य उपकरण में भेज दिया था। कुमार की गिरफ्तारी के बाद उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था लेकिन फोन को 'फॉर्मेट' किया जा चुका था। स्वाति मालीवाल ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया था ।

भाजपा प्रत्याशी गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर रोक

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार करने पर 24 घंटे के लिए रोक लगा दी। निवार्चन आयोग ने गंगोपाध्याय की टिप्पणी को 'निचले दर्जे का निजी हमला' करार दिया और कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आयोग का आदेश मंगलवार को शाम पांच बजे से प्रभावी होगा। आयोग ने गंगोपाध्याय को बनर्जी के खिलाफ असम्मानजनक टिप्पणी को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

भीषण गर्मी में चरमराई प्रदेश की बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओबरा, ऊंचाहार समेत कई विद्युत उत्पादन इकाइयां ठप
- विकल्प के तहत एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही आपूर्ति

अमृत विचार : भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। भारी मांग के कारण ओबरा की तीन इकाइयों समेत कुल पांच इकाइयां तकनीकी खराबी से ठप हो गई हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित होने से लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा रहा है।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बीते दिनों ओबरा बिजलीघर की दो-दो सौ मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं। इसके साथ ही, ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट व रोजा बिजलीघर की तीन सौ मेगावाट की एक इकाई में उत्पादन ठप हो गया है। 23 मई तक सभी बंद इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। इन दिनों प्रदेश में बिजली की मांग 26 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच रही है। ऐसे में एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति संभाली जा रही है।

दोषी अफसरों पर हो कार्रवाई : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस साल ज्यादा तकनीकी खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफॉर्मरों पर लोड संतुलित न होने व पुरानी लाइनों को न बदले जाने के कारण यह स्थिति बनी है। अंडरग्राउंड केबल में वैकल्पिक केबल न होने से बिजली आपूर्ति समय पर बहाल नहीं हो पा रही है। उन्होंने इस मामले में जांच कर दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि परिषद की ओर से बड़ी तकनीकी खराबियों के बारे में अध्ययन रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसे राज्य विद्युत नियामक आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन से साझा किया जाएगा।

यूपी समेत छह राज्यों में हीट वेव का अलर्ट

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश और गुजरात के मैदानी इलाकों में अगले पांच दिनों तक चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़े जैसी स्थिति जारी रहने का अनुमान जताया गया है। आईएमडी ने बुधवार को कहा कि 21 से 25 मई तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़े चलने का अनुमान है। 25 मई तक जम्मू, हिमाचल, गुजरात, मध्य प्रदेश, विदर्भ और महाराष्ट्र में लू चलने जैसी स्थिति बने रहेगी।

मिलक भूबरी में एक वर्ष में कैंसर ने ली 13 लोगों की जान

ऋषिकेश और दिल्ली स्थित एम्स में इलाज कराने के बाद भी तमाम लोग नहीं जीत सके कैंसर से जंग

अमृत विचार
एक्सक्लूसिव

शकील मलिक, मसवासी

अमृत विचार : तहसील स्वार के ग्राम भूबरा मुस्तहकम के मझरा मिलक भूबरी में एक वर्ष में कैंसर से 13 लोगों की मौत हो गई। इससे ग्रामीणों में दहशत है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अभिज्ञता जाहिर की है। इतनी मौतें होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग को कोई जानकारी नहीं है। ग्रामीण इलाज के लिए उत्तराखंड के ऋषिकेश के एम्स से दिल्ली के एम्स तक चक्कर काट कर थक चुके हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग बेखबर है। सीएमओ ने अमृत विचार को बताया कि भूबरी में शिविर लगवाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करा ली जाएगी।

पांच सौ की आबादी वाले इस मझरे में मुस्लिम परिवार निवास करते हैं। इसके बराबर वाले मझरे में दलित परिवार हैं।

इस मझरे में लगभग ढाई सौ मतदाता है। गांव के अधिकांश लोग मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। लेकिन कई परिवारों को कैंसर जैसी भयानक बीमारी ने भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। इलाज कराते-कराते कई परिजनों के मुखिया थक गए। इलाज के बाद भी उनके परिजन को मौत की नींद सोना पड़ा।

ऋषिकेश एम्स में भी गांव के कई लोग अपने रोगियों को लेकर डेरा डाले रहे, लेकिन अंत में उनके रोगी को भी मौत ही मिली है। गांव के कई मरीज दिल्ली के एम्स और पंडित गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल में भी भर्ती रहे।

लेकिन यहां भी रोगी कुछ दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझते रहे। अंत में उन्हें भी मौत मिली। कई मरीजों के परिजनों ने तो इलाज के लिए जमीन भी बेच दी है। मृतकों में हबीब अहमद (65), मकबूल (75), शमशुल इस्लाम (65), दानिश (40), सलीम (45), मोहम्मद अहमद (65), वसीम (35), मोहम्मद हसन (39), शाजिया (45), महबूब जहां (40), शाहजहां (60) शामिल हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। अब गांव में शिविर लगवाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करा लिया जाएगा।

तहसील स्वार का भूबरी गांव जहां कैंसर ने 13 लोगों की जान ले ली। ● अमृत विचार

● स्वास्थ्य विभाग को नहीं है इन मौतों की जानकारी

भूबरी में फिलहाल नहीं है कोई कैंसर पीड़ित

मसवासी, अमृत विचार : मिलक भूबरी में फिलहाल कोई कैंसर रोगी नहीं है। लेकिन, ग्रामीणों में कैंसर को लेकर दहशत बनी हुई है। मिलक भूबरी में एक वर्ष के भीतर 13 लोग कैंसर के कारण काल के गाल में समा गए। इलाज को लेकर कई घर बर्बाद हो गए। दिल्ली से उत्तराखंड तक के अस्पतालों में इलाज कराने के बाद भी वह कैंसर से जंग नहीं जीत सके। इस छोटे से गांव में इस बीमारी ने काफी कहर बरपाया है। लोग रोगियों का इलाज कराते-कराते आर्थिक रूप से पिछड़ गए। लेकिन आश्चर्यजनक यह है कि इतनी मौतों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग बेखबर रहा। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवा में उपेक्षा के चलते उन्हें निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ी। भारी भरकम इलाज के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला और रोगियों को जान से हाथ धोना पड़ा।

हेपेटाइटिस सी भी है कैंसर होने का बड़ा कारण

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डा. अच्छन खां बताते हैं कि लीवर कैंसर के केस सामने आए हैं। लिवर कैंसर हेपेटाइटिस सी के कारण होता है। हेपेटाइटिस सी दूषित पानी पीने से भी होता है। लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

भूबरी में कैंसर पीड़ितों की जानकारी नहीं है। शीघ्र ही गांव में शिविर लगाकर जांच करायी जाएगी। कैंसर जटिल बीमारी है। बिना लक्षण विकसित हुए कई वर्ष तक कैंसर हो सकता है। वजन घटना, दीर्घकालिक थकान, लगातार दर्द रहना, रात में बुखार रहना, त्वचा के नीचे गांठे या उभार, सांस लेने में दिक्कत, निगलने में कठिनाई आदि कैंसर के लक्षण हैं। प्रथम चरण में पता चलने पर इलाज संभव है।

-डा. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी

विद्यालय में हुई चोरी का पुलिस नहीं कर सकी खुलासा

टांडा, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम गजरौला में चोर ग्रामीण की दो भैंस चुरा कर ले गए। पुलिस ने तीन दिन बाद रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन अभी खुलासा नहीं किया है। उधर 10 मई को निजी विद्यालय में हुई चोरी का भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है।

ग्राम गजरौला निवासी सोमपाल ने 15 मई को पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 14-15 मई की रात चोर उसके आंगन से दो भैंस चुरा कर ले गए। उसने भैंसों को काफी तलाश किया किन्तु उनका पता न चल सका। शिकायत के बाद पुलिस ने तीन दिन बाद भैंस चोरी की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन किसान की भैंसों को तलाश करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। उधर पुलिस 10 मई को ग्राम मुंडिया रसूलपुर में स्थित एमजीआई पब्लिक स्कूल में हुई चोरी का भी खुलासा नहीं कर सकी है। चोर स्कूल के ताले तोड़कर लेपटॉप, प्रिंटर, तीन पंखे और 15 हजार रुपए चुरा कर ले गए थे।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में गणेश भगवान की पूजा-अर्चना प्रात: 6:30 बजे।

☞ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की तिलक कालोनी में बैठक दोपहर 12:30 बजे।

एक नजर

ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा करें : शुऐब

रामपुर, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

मोहम्मद शुऐब खान ने कहा कि गर्मी चरम पर है। मौसम विभाग द्वारा भी कुछ दिनों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है कि 45 डिग्री तापमान के साथ अत्याधिक गर्मी बढ़ने और भयंकर लू चलने की आशंका है। इस समय छोटे बच्चे स्कूल जा रहे हैं। उनकी छुट्टी दोपहर एक बजे के आसपास की जा रही है। इस समय सबसे ज्यादा गर्मी होती है। स्कूलों की छुट्टी होने के बाद स्टार चौराहा, शाहबाद गेट, हाथी खाना चौराहा और कोतवाली शहर के सामने प्रतिदिन लंबा जाम लग जाता है। काफी समय बच्चे जाम में फंसे रहते हैं। इससे उनकी तबियत खराब हो रही है। इस ओर जिला प्रशासन व स्कूल प्रशासन को जल्दी संज्ञान लेना चाहिए। कक्षा आठ तक के बच्चों और महिला शिक्षिकाओं जिनके छोटे बच्चे हैं, उनकी भी छुट्टी कर देने का आदेश जारी कर मासूम बच्चों को इस भयंकर गर्मी से राहत दिलानी चाहिए।

अभियान चलाकर हटाया अतिक्रमण

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : नगर में जाम की वजह बन रहे अतिक्रमण के विरुद्ध पालिका अधिकारियों ने अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों को घेर कर बैठे अतिक्रमणकारियों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी। लेकिन पालिका की टीम के जाते ही अतिक्रमणकारी फिर काबिज हो गए।

मंगलवार दोपहर पालिका की टीम स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रूपेश सक्सेना के नेतृत्व में मुख्य चौराहे पर पहुंची। टीम ने सड़कों को घेरकर ठेला-रेहड़ी लगाए लोगों और दुकानों के बाहर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को आड़े हाथों लिया। डंडे के जोर पर सामान को अंदर कराया। भविष्य में अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इसके बाद टीम माठखेड़ा रोड पर पहुंची। यहां भी अतिक्रमण हटाने में आनाकानी कर रहे फड़ विक्रेताओं को खरी-खोटी सुनाते हुए सामान जब्त करने की चेतावनी दी।

नोडल अधिकारी ने बताया शासन के निर्देश पर लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर हिदायतें दी जा रही हैं। परन्तु कुछ दिन बाद लोग फिर से अतिक्रमण कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान उन्हें पुलिस का सहयोग नहीं मिलता। इसकी वजह से अतिक्रमणकारी टीम से अभद्रता करने पर उतारू रहते हैं। उनकी मांग है कि अभियान के दौरान पुलिस का साथ जरूर होना चाहिए तभी असर दिखाई देगा। कुछ नागरिकों का कहना है कि पालिका टीम पक्षपात कर अभियान चलाती है। कुछ अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सामान जब्त करने और चालानी कार्रवाई तक की जाती है। जबकि कुछ फड़ विक्रेताओं के पास टीम नहीं पहुंचती जो जाम की मुख्य वजह बने हुए हैं।

अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदार को चेतावनी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

जिला छोड़ने वाले शिक्षकों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले के बेसिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि आचार संहिता एवं लोकसभा चुनाव की मतगणना को देखते हुए शिक्षक जिला नहीं छोड़ेंगे। अगर मुख्यालय छोड़ने की जानकारी मिलती है तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।

कक्षा एक से आठ तक के बेसिक स्कूलों 18 मई से बंद कर दिए गए हैं। इससे शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। शिक्षक गर्मियों के अवकाश का आनंद लेने के लिए घूमने जाने की तैयारियां कर रहे थे। लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग के आदेश ने उनकी योजना पर पानी फेर दिया है। आदेश में कहा गया है कि इस समय आचार संहिता प्रभावी है। चार जून को मतगणना होनी है। इसमें शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा सकती है। इसे देखते हुए जिले के समस्त प्रधानाध्यापक, इंचार्ज, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशक जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। यदि मुख्यालय से उनकी अनुपस्थिति की जानकारी मिलती है तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।

बच्चों के अवकाश होने का इंतजार देख रहे शिक्षक

जिले के काफी शिक्षकों के बच्चे इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ते हैं। इन स्कूलों में अभी पढ़ाई कराई जा रही है। शिक्षक इन स्कूलों का अवकाश होने का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद घूमने जाने की योजना बना ली थी। लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद शिक्षकों के होश उड़ गए हैं।

सार संक्षेप

रासलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

भगवान कृष्ण की लीलाओं ने दर्शकों का मन मोहा

सैदनगर, अमृत विचार : हिंदू हरि हर धाम अलीपुरा में चल रही श्री कृष्ण रासलीला के पांचवें दिन कृष्ण भगवान की नटखट लीलाओं का मंचन किया गया। मंगलवार को हुई रासलीला में दर्शाया गया कि नटखट नंद किशोर, माखन खा गए। मइया यशोदा ने कहा कि बेटा कन्हैया जाग जा देख सुबह हो गई। उन्होंने कहा कि फिर वह सपने में सभी देवी-देवताओं को बुलाते हैं। वहीं भगवान के पास शंकर जी आए, भगवान ने उन्हें आसन दिया, देवराज इंद्र आए उन्हें भी आसन दिया। तभी मां यशोदा डर गई और कहने लगी कि कन्हैया को नजर लग गई है और मईया ने उनकी नजर उतारी। तभी भगवान जाग गए और मइया को ढूंढने लगे। जब भगवान भंडार घर की ओर गए तो उन्हें मइया दिखाई दीं। पांचवे दिन की रासलीला में भगवान कृष्ण लीला के बारे में बताया। रासलीला के दौरान कलाकारों ने झांकियां भी निकालीं। इस अवसर पर महंत अदैत्य मुनि महाराज, चौधरी रोहित सिंह, विकास शर्मा, अमन चौधरी, मोनू शर्मा, सरदार ओम सिंह, हरि सिंह, हिमांशु चौधरी, धर्मपाल सिंह, मयंक चौधरी, राजू पाल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

विधिक शिविर में लोगों को जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

उपभोक्ताओं को दी अधिकारों की जानकारी

टांडा, अमृत विचार : तहसील सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इसमें गणमान्य व्यक्तियों, जन प्रतिनिधियों, कृषकों एवं अधिवक्ताओं ने प्रतिभाग किया। मंगलवार को तहसील सभागार में आयोजित शिविर में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई। गहनता से विचार-विमर्श कर जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सिविल जज एवं पूर्णकालिक सचिव अमरीश त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार अंकुर कुमार मौजूद रहे। इनमें अलावा व्यापार मंडल के अध्यक्ष हाजी शकील, हाजी अब्दुल समद, हाजी रशीद, हाजी रईस सलीम कसगर, जफरयाब अली, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार भारद्वाज, राजकुमार चौहान, जफरुद्दीन, समर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

ताश के खेल में हारने पर दोस्त को किया घायल

बिलासपुर, अमृत विचार : ताश खेलने के दौरान हार जाने पर बौखलाए युवक ने दोस्त को पीटकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची महिला उप निरीक्षक सृष्टि चौधरी ने आरोपी को पकड़कर शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि अहरो गांव में भूरा तथा पप्पू ताश खेल रहे थे। खेल में भूरा हार गया। इसके बाद दोनों में कहासुनी हो गई। उत्तेजित भूरा ने पप्पू को पीटकर घायल कर दिया। शांति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने भूरा को गिरफ्तार कर लिया।

झारखंड का युवक तमंचे के साथ गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : पुलिस ने मंगलवार को नैनीताल हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। उप निरीक्षक संजय कुमार ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है। पकड़ा गया राज हरि मूल रूप से झारखंड के साहेबगंज जिले के थाना तीन पहाड़ के गांव शिवा पहाड़ का रहने वाला है। फिलहाल वह उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जनपद के रुद्रपुर में बस स्टैंड के पीछे किराए के मकान में रहता है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया गया है।

ईरान के राष्ट्रपति की याद में लगाई सबील

रामपुर, अमृत विचार : ईरान के राष्ट्रपति की याद में स्टार चौराहे पर अल-अब्बास यूथ फाउंडेशन की ओर से शरबत की सबील लगाई गई। मंगलवार को स्टार चौराहे पर ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी की याद में शरबत का शिविर लगाया। इस मौके पर शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि ईरान के राष्ट्रपति आयतुल्लाह सैयद इब्राहीम रईसी की शहादत की याद में शिविर लगाया गया है। इस अवसर पर कमल रिजवी, राशिद एजाज, उजैर खां पठान, शुजा चौधरी, एहतेशाम, डा. अली फैज जैदी, मिन्हाल अकबर, दानिश एजाज और सैयद हसन मेहंदी आदि मौजूद रहे।

वर्क संस्था ने जनता रसोई लगाकर बांटा भोजन

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल में मंगलवार को वर्क संस्था की ओर से जनता रसोई का आयोजन किया गया। इसमें रोगियों, तीमारदारों और स्टॉफ को खाना खिलाया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी जुनैद अथर ने कहा कि हर व्यक्ति का फर्ज बनता है समाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लें। संस्था का मकसद गरीबों की मदद करना है। इसी के चलते मंगलवार को जिला अस्पताल में जनता रसोई लगाई गई। इस अवसर पर फैजी खां, जावेद, गायत्री परिवार के प्रमुख अशोक कुमार, मुदास्सिर आदि शामिल रहे।

युवती ने जहर खाकर दी जान

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार: संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे युवती की मौत हो गई।घटना से युवती के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

घटना चौकी क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार देर शाम करीब साढ़े आठ बजे घटित हुई। बताते हैं कि किसी कारणवश युवती ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवती की हालत बिगड़ी तब परिजनों को माजरा समझते देर न लगी। आनन-फानन में परिजनों ने युवती को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया,लेकिन इलाज से पहले ही युवती ने दम तोड़ दिया।

युवती की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताते हैं कि कुछ समय पहले ही युवती का रिश्ता तय किया जा चुका है। मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।युवती की मौत से गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है। मामले की जानकारी से चौकी इंचार्ज रोहित कुमार ने इंकार किया है।

धोखाधड़ी करने में सगे भाई गिरफ्तार

रामपुर,अमृत विचार : कूटरचित दस्तावेज तैयार करके जायदाद का बैनामा करा लेने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से उनको जेल भेज दिया गया है। गंज थाने में तीन मार्च को रजिस्ट्रार से साठगांठ करके छह दुकानें व मकान के कूटरचित,फर्जी दस्तावेज तैयार करके संपूर्ण जायदाद का बैनामा करा लेने के मामले में गुलाम जिलानी पुत्र गुलाम समदानी ,मोईन खा पुत्र गुलाम समदानी निवासी मोहल्ला तालाब मुल्ला इरम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने मंगलवार को दोनों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से जेल भेज दिया गया।

अधिशासी अभियंता ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आरडीएसएस योजना के तहत 11 हजार केवीए लाइन के तार व खंभों को बदलवाने के लिए शटडाउन नहीं लेना पड़ेगा। व्यापारियों को बिजली निगम के एक्सईएन प्रथम ने आश्वासन दिलाया कि जर्जर तारों की मरम्मत का काम रुकवा दिया है। व्यापारियों ने कहा कि खंभों को दुकानों से हटवाकर लगवाया जाए। एक्सईएन ने ठेकेदार से कहा कि ऐसा काम करें जिससे व्यापारियों को परेशानी न हो।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि सोमवार को एसई को ज्ञापन दिया था। मंगलवार को एक्सईएन प्रथम इमरान खां शादाब मार्केट पहुंचे। इसके बाद दोमहला रोड पर जर्जर तारों और खंभों को देखा। यहां उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को सुना। कहा कि शादाब मार्केट के पास मनमाने तरीके से बिजली के पोल लगाए जा रहे है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एक्सईएन ने दोनों स्थानों का निरीक्षण किया। बिजली के खंभे सही तरह से लगाने के ठेकेदार को निर्देश दिए। कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए काम रुकवा दिया है।

इस अवसर पर शाहिद शमसी, शुऐब मोहम्मद खान, मोहम्मद हारिस शमसी, जगन्नाथ चावला, प्रदीप खंडेलवाल, हरीश अरोड़ा, शाकेब अहमद, इमरान सलीम, बिलाल शमसी, उजैर अहमद, फैसल हबीब, राम गुप्ता, मुकेश आर्य, अनिल अरोड़ा, मोहसिन खान, वाजिद अली, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, इरफान उस्ताद, कामरान व फुरकान आदि मौजूद रहे।

व्यापारियों की समस्याएं सुनते एक्सईएन प्रथम इमरान खां। ● अमृत विचार

● बिजली कटौती को लेकर व्यापारियों ने एसई को सौंपा था ज्ञापन

भीषण गर्मी में ज्यादा देर तक ने लें शटडाउन : एसई

रामपुर, अमृत विचार : पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी ने जनपद के एसई को निर्देशित किया है कि भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। आरडीएसएस योजना के तहत एचटी लाइन के जर्जर तार व पोल की मरम्मत कराई जा रही है। इसके लिए ज्यादा देर तक के लिए विद्युतापूर्ति बंद न की जाए। अगर ज्यादा देर का काम है तो 30 मई तक उसे न कराएं। अधीक्षण अभियंता वीके आर्य ने बताया कि अजीतपुर बिजलीघर में पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कार्य कराया जाना है। इसमें अधिक समय लगता है। भीषण गर्मी की वजह से इसे रुकवा दिया है। बताया कि सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में जर्जर तारों को सही करते समय खंभा गिर गया था। इसे बड़ा हादसा होने से टल गया था। काम कराने का समय सुबह 10 से दोपहर दो तक निर्धारित किया था।

मौसम | वैज्ञानिक जता रहे पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान

पारा सात डिग्री गिरा, गर्मी से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मंगलवार को सात डिग्री पारा लुढ़कने से लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली है। सोमवार की रात चली आंधी से मौसम की तल्खी में कुछ कमी आई है। मंगलवार को पारा 34 डिग्री रहा। मंगलवार तीन दिन में सबसे कम गर्मी वाला दिन रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 26 मई तक पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने और लू चलने का अनुमान है। इसके अलावा दिन का तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस जबकि, रात्रि का तापमान 30 डिग्री रहने की संभावना है।

मंगलवार की शाम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से लोगों को काफी राहत मिली। पिछले दिनों तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। हालांकि, दिन निकलते ही आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। सुबह 10 बजे से सूरज की तपिश से लोग बेचैन रहे। गर्म हवा चलना शुरू हो गईं। मौसम वैज्ञानिक अभी और गर्मी बढ़ने के आसार जता रहे हैं। दोपहर में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्यिस पहुंच गया। आर्द्रता 41 प्रतिशत रहने से उमस का एहसास नहीं हुआ। घर और दफ्तर से बाहर निकलते ही गर्म हवा के थपेड़े मुंह पर लगने लगे। चिलचिलाती धूप और गरम हवाओं के कारण चिकित्सक बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दे रहे हैं।

लू से बचने को चेहरे पर कपड़ा लपेटकर जाता बाइक सवार। ● अमृत विचार

तीन दिन का तापमान

21 मई : अधिकतम	34 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम	28डिग्री सेल्सियस
20 मई : अधिकतम	41 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम	26 डिग्री सेल्सियस
19 मई : अधिकतम	43 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम	28 डिग्री सेल्सियस

26 मई तक पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने और लू चलने का अनुमान है। इसके अलावा दिन का तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।

-डा. उदय प्रताप शाही
मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ

ठगी के आभूषण समेत तीन ठग गिरफ्तार

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : महिलाओं से ठगी करने वाले तीन शातिर ठगों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए आरोपियों के कब्जे से ठगे गए जेवर व नकदी भी बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक तीनों ठगों ने तीन महिलाओं से धोखाधड़ी कर सोने के आभूषण ठग लिए थे।

शाहबाद पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला जिलेदारान निवासी राजकुमार, सैफनी थाना क्षेत्र के गांव चौकोनी निवासी आसेराम व वीरपाल को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन तीनों ने कोतवाली क्षेत्र के गांव बंदार निवासी मंगली सिंह की पत्नी रूपवती से सरकारी योजना का फॉर्म भरवाने के नाम पर उसकी नाक का सोने का फूल उतरवा लिया था। धोखाधड़ी करके उसका सोने का फूल ले कर भाग गए थे। हिम्मतपुर निवासी सत्य प्रकाश की बेटी को भी ठगों ने शिकार बना लिया था। उससे कानों की बाली और गले का लॉकेट ठग लिया था। वहीं, चतरपुर निवासी त्रिमल की पत्नी रामवती को बुआ कहते हुए अपनी लच्छेदार बातों में उलझा लिया था। इसके बाद उसके कान की दुरियां, नाक की लौंग व गले का तावीज उतरवा लिया था। आरोपियों ने उससे धोखाधड़ी करके आधार कार्ड, बैंक की किताब और हजार रुपए भी ठग ले गए थे।

कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि मंगलवार को इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से दो जोड़ी कान के दुरियां, एक जोड़ी बाली, दो लॉकेट, एक लौंग, एक फूल, सात सौ दस रुपए, आधार कार्ड, पासबुक, 315 बोर का तमंचा, चाकू एवं मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

पुलिस की गिरफ्त में ठगी के आरोपी व उनसे बरामद ठगे गए जेवर। ● अमृत विचार

एक नजर

मारपीट कर महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में महिला को मारपीट कर ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिलकखानम क्षेत्र के हाशमी नगर गांव निवासी युवती की शादी कुचैटा गांव निवासी युवक से हुई थी। ससुराल वाले आए दिन को दहेज के लिए ताने मारते थे। महिला मायके वालों की हैसियत का हवाला देकर उनकी मांग पूरी नहीं कर पा रही थी। चार दिन पूर्व ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को मायके वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार को थाने पहुंची महिला ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मखदूम अली, अकबर अली, अफरोज जहां और बाबू के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। इसके उसका चालान कर दिया। शाहबाद पुलिस ने मित्रपाल निवासी ग्राम मंगोली को मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया। उसके बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जेसीबी से हटवाए डीसीडीएफ की जमीन से कब्जे

22 एकड़ भूमि पर हो गए थे कब्जे, डीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई से मचा रहा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : माला रोड स्थित डीसीडीएफ के तीन स्थानों से कब्जों को हटाया गया। निर्माण कार्य को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त करा दिया गया है। डीसीडीएफ की जमीन पर हुई कार्रवाई से अन्य कब्जाधारकों में खलबली मची गई। डीसीडीएफ की जमीन पर कब्जा कर, मकान बनवाने की शिकायत डीसीडीएफ के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने जिलाधिकारी से की थी। इस पर जिलाधिकारी ने सहकारिता अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

माला रोड पर डीसीडीएफ की 22 एकड़ जमीन है। इस पर लोगों ने ऑलीशान मकान बनवा लिए हैं। जिलाधिकारी से मिले निर्देश पर मंगलवार की दोपहर 1:30 बजे एआर कोऑपरेटिव डा. गणेश गुप्ता, नायब तहसीलदार सदर गौरव विश्नोई, लेखपाल संजय मौके पर पहुंचे। उस समय भी मकान बनवाने के लिए नींव खोदी जा रही है। अधिकारियों ने वहां काम कर रहे मजदूरों से स्वामी के बारे में पूछा, मगर वह नहीं बता सके। इस पर उन्होंने कार्य रुकवा दिया। अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने बताया कि एक साल पहले डीसीडीएफ की जमीन के बारे में विभाग के अधिकारियों से पूछा था। अधिकारियों ने बताया कि माला रोड स्थित 22 एकड़ की जमीन पर लोगों ने मकान बना लिए है। इसकी शिकायत जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी। शिकायत होने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर विभाग की टीम ने तीन स्थानों से कब्जे हटवाए। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के समय पुलिस भी तैनात रही।

एआर कोऑपरेटिव को जमीन के कागज दिखाते लोग। ● अमृत विचार

माला रोड स्थित जमीन से कब्जा हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

60 लोगों ने मांगा सप्ताह भर का समय

माला रोड स्थित डीसीडीएफ की अधिकांश जगह पर लोगों ने ऑलीशान मकान बना लिए हैं। जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाकर रह रहे हैं। मकान बनवाने पर विभाग ने नोटिस भी दिए हैं। विभाग के अधिकारियों के अनुसार जो लोग अवैध रूप से कब्जा कर रहे है उनके पास मकान के कागजात नहीं हैं। मंगलवार को अध्यक्ष की शिकायत पर पहुंची टीम को देख भारी संख्या में लोग एआर कोऑपरेटिव के पास पहुंचे। उन्होंने मकान के कागजात दिखाने के लिए सप्ताह भर का समय मांगा है। समयावधि गुजर जाने के बाद कमेटी गठित की जाएगी। इसके बाद अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

विभाग की खाली है 6000 वर्ग मीटर जमीन

डीसीडीएफ की 22 एकड़ में से मात्र 6000 वर्ग मीटर जमीन खाली है। शेष जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा करके मकान बनवा लिए। मंगलवार को जिन स्थानों से कब्जा हटाया गया है वह लोग निर्माण करा रहे थे। टीम के आने की सूचना मिलने पर मौके से फरार हो गए। जिन लोगों के पक्के मकान बने हुए है, उन्हें सप्ताह भर का समय दिया गया है।

> माला रोड स्थित डीसीडीएफ की जमीन पर तीन कब्जे हटाए गए हैं। जिन लोगों ने पक्के मकान बना लिए हैं, उन्होंने सप्ताह भर का समय मांगा है। समय अवधि गुजर जाने के बाद कमेटी का गठन कर अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। –डा. गणेश गुप्ता, एआर कोऑपरेटिव

ऑडिट नहीं कराने पर शासन ने लेखाधिकारी को किया तलब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मार्च में रामपुर में आई थी ऑडिट टीम, नहीं दिखाए थे अभिलेख

अमृत विचार : जिले में अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों को हुए भुगतान की जांच के लिए शासन ने बेसिक शिक्षा विभाग के लेखाधिकारी अशोक कुमार को तलब किया है। एक सप्ताह में अभिलेख न दिखाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

शहर के ऊंची चौपाल स्थित जवाहरलाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय के पटल सहायक ने प्रबंधक, प्रधानाध्यापक व लिपिक से साठगांठ कर अपनी पत्नी की नियुक्ति करा ली थी। नियुक्ति जुलाई 2011 में दिखाई गयी। जबकि प्रथम वेतन का भुगतान जनवरी 2020 से देना शुरू कर दिया। फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने जिलाधिकारी से इस फर्जीवाड़े की शिकायत की। जांच में नियुक्ति फर्जी पाई गई थी।

इसके बाद फर्जी शिक्षिका और प्रबंधक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी। शासन ने पटल सहायक द्वारा एडेड स्कूलों के शिक्षकों को गत पांच वर्षों में हुए वेतन भुगतान की जांच के लिए वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी पायल सिंह के नेतृत्व में ऑडिट टीम गठित की थी। टीम बीएसए ऑफिस में 19 से 22 मार्च तक रुकी थी। लेकिन लेखा अधिकारी ने ऑडिट टीम को कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया। ऑडिट टीम ने लेखाधिकारी को निदेशालय आकर 10 दिन में अभिलेख उपलब्ध कराने का आदेश भी दिया था। इसके बावजूद लेखा अधिकारी ने अभिलेख नहीं दिखाए गए।

वित्त नियंत्रक शिवेंद्र सिंह ने वित्त एवं लेखाधिकारी को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रयागराज आकर संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा के अंदर अभिलेख उपलब्ध न करने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री ने बताया कि लेखा कार्यालय द्वारा व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है। लेखाधिकारी द्वारा ऑडिट टीम को सहयोग न करना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

आचार संहिता के दो मामलों में सुनवाई 31 को

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूर्व सांसद जयाप्रदा के आचार संहिता से जुड़े दो मामलों में हड़ताल के चलते मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इन दोनों मामलों में 31 मई को सुनवाई होगी। दोनों मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में स्वार और केमरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। अब दोनों मामलों में 31 मई को सुनवाई होगी। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि हड़ताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। अब 31 मई को सुनवाई होगी। हालांकि पिछली तारीखों पर जयाप्रदा के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी कर दिए गए थे। बाद में जयाप्रदा के कोर्ट में हाजिर होने पर वह निरस्त हो गए थे।

- एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है सुनवाई
- अधिवक्तओं की हड़ताल के चलते मंगलवार को नहीं हो सकी सुनवाई

भड़काऊ भाषण मामले में चार जून को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते मंगलवार को सपा नेता आजम खां के भड़काऊ भाषण मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की चार जून को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां ने 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्होंने जिले भर में जनसभाएं की थीं। एक जनसभा शाहबाद में भी की थी। इस दौरान उन पर भड़काऊ भाषण व जयाप्रदा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इस मामले में उनके खिलाफ शाहबाद थाने में मुकदमा दर्ज करा गया था। पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अब इस मामले में चार जून को सुनवाई होगी।

जमीन के विवाद में मां-बेटी पर धारदार हथियार से हमला

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : जमीन के विवाद को लेकर दबंगों ने मां-बेटी को धारदार हथियार व लाठी डंडों से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित महिला की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना कोतवाली के गांव मल्लूपुरा की है। गांव निवासी रिफाकत मजदूरी करता है। रिफाकत का गांव के ही नजाकत से काफी समय से जमीन का विवाद चल रहा रहा है। सोमवार को रिफाकत मजदूरी करने गया था। घर पर उसकी पत्नी महमूदी व बेटी निशा थीं। इस दौरान नजाकत, नासिर, फातिमा व सदाकत घर में घुस गए और गली-गलौज करने लगे। विरोध पर धारदार हथियार व लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। चीख-पुकार सुनकर बचाने आई बेटी के सिर में धारदार हथियार से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गए तो दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल मां-बेटी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित की तहरीर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दुस्साहस

- तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पड़ोसियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भागे

ग्रामीण को गोली मारकर किया घायल, भर्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव पंजाबनगर का मामला
- तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

अमृत विचार : पड़ोसन के घर बीच-बचाव कराने गए ग्रामीण पर फायर झोंक दिया। इसमें ग्रामीण घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव पंजाबनगर निवासी राकेश का कहना है कि सोमवार की रात उसके लड़के का जन्मदिन था। परिवार के सभी लोग बच्चे का जन्मदिन मना रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाली कमलेश का अपनी छोटी भाभी व छोटे भाई आनंदी से जमीन के बंटवारे को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान कमलेश की भाभी रजनी ने अपने भाई राकेश, अर्जेश, सनी तथा नेपाल को फोन करके बुला लिया। वह सभी लोग हथियारों से लैस होकर कमलेश के घर आ गए। आते ही वह कमलेश, हरपाल और जगवती को पीटने लगे। पड़ोसियों की चीख-पुकार सुन राकेश और उसका भाई धर्मपाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इस दौरान राकेश और अर्जेश ने तमंचे से 20 वर्षीय धर्मपाल पर फायर कर दिया। गोली धर्मपाल के कंधे में लग गई। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। घायल धर्मपाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने राकेश, अर्जेश, सनी और नेपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> पंजाबनगर में सोमवार की देर रात को दो गुटों में विवाद हो गया। विवाद को सुलटाने पहुंचे पड़ोसियों पर गोली चला दी। गोली लगने से धर्मपाल घायल हो गया। उसका जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। –महेश कुमार, एसएसआई, थाना सिविल लाइंस

गोली मारने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : ग्रामीण को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। पड़ोसी के घर हो रहे झगड़े को शांत कराने के लिए राकेश और उसका भाई धर्मपाल उनके घर गए थे। इस दौरान राकेश और उसके भाई अर्जेश ने धर्मपाल का फायर झोंक दिया। कंधे में गोली लगने से धर्मपाल घायल हो गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राकेश, अर्जेश, सनी और नेपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके अर्जेश और उसके भाई सनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को अर्जेश के पास से तमंचा भी मिला है।

तोपखाना स्थित डेयरी से लिए गए दूध के नमूने को सील करते अधिकारी।

सचल दल ने खाद्य पदार्थों के सात नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने मंगलवार को छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के सात नमूने लिए। विभाग की इस कार्रवाई से मिलावटखोरों में खलबली मची रही।

जिलाधिकारी के आदेश व सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सचल दल ने छापेमारी की। मंगलवार को सचल दल ने लालपुर टांडा में मोहम्मद मुस्तकीम के आइस्क्रीम कारखाने से दो नमूने, मोबीन की डेयरी, मुजाहिद के यहां, फूलों वाली बगिया हजरतपुर बाबू अली के यहां से तथा प्रानपुर रोड बिलाल के यहां से दूध के नमूने लिए। अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि सभी प्रतिष्ठानों से लिए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

होमगार्ड की पत्नी को दिया 38 लाख का चेक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सड़क हादसे में जान गंवाने वाले होमगार्ड को एक्सिस बैंक के अधिकारियों की ओर से मिलने वाली 38 लाख की रकम को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने परिजनों को सौंपा। इसके अलावा विभाग की ओर से भी आर्थिक सहायता दी गई है।

कंपनी नंबर छह में नगर में तैनात होमगार्ड ओमप्रकाश की ड्यूटी से घर जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने के कारण 21 दिसंबर 2023 को मौत हो गई थी। मृतक होमगार्ड की नॉमिनी पत्नी उर्मिला को होमगाड्र्स विभाग से अनुग्रह राशि के रूप में पांच लाख रुपये दिए गए हैं। मृतक ओमप्रकाश का एक्सिस बैंक में खाता था। इसमें प्रत्येक माह उनका ड्यूटी भत्ता भेजा जाता था। बैंक के नियमों के तहत वह होमगार्ड जिनका खाता एक्सिस बैंक में है। वह तीस लाख रुपये दुर्घटना बीमा से कवर्ड होने के कारण मृतक ओमप्रकाश की पत्नी उर्मिला को दुर्घटना बीमा के 30 लाख रुपये के भुगतान के लिए प्रस्ताव एक्सिस बैंक को भेजा गया था। इसके बाद विभाग के काफी प्रयास से मृतक होमगार्ड की पत्नी उर्मिला को दुर्घटना बीमा के 30 लाख और बच्चों की शिक्षा के लिए चार-चार लाख रुपये मिलाकर 38 लाख रुपये स्वीकृत हो गए थे। मंगलवार को जिलाधिकारी ने मृतक होमगार्ड की पत्नी को 38 लाख रुपये का चेक दिया। इस मौके पर जिला कमांडेट केएस पांडेय और बैंक का स्टाफ मौजूद रहा।

मृतक होमगार्ड की पत्नी को चेक देते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

- 21 दिसंबर 2023 को सड़क हादसे में हो गई थी होमगार्ड की मौत

पति को पीटने में पत्नी समेत चार लोगों पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : रंजिश के चलते पत्नी ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर पति को पीट दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पत्नी सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव पिपलिया महतो निवासी अजमेर सिंह का कहना है कि 30 अप्रैल की दोपहर को पत्नी सर्वजीत कौर से विवाद हो गया था। इस पर सर्वजीत कौर ने रुद्रपुर रोड स्थित बाटिरा रेस्टोरेंट के पास उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसने अपने रिश्तेदारों को बुलाकर पति की पिटाई करा दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने सर्वजीत कौर तथा उनके रिश्तेदार नवजोत सिंह, कुलदीप सिंह और एक अज्ञात सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शादी से इंकार करने पर थाने पहुंची प्रेमिका

संवाददाता, मिलक

- युवती ने प्रेमी के साथ शादी कराने की पुलिस से लगाई गुहार
- मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला, पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार : प्रेम-प्रसंग के एक साल बाद प्रेमी को शादी से इंकार करना भारी पड़ गया। प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी युवती कोतवाली पहुंच गई। उसने प्रेमी के साथ शादी कराने की पुलिस से गुहार लगाई है।

मामला मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली युवती का कहना है कि उसके पड़ोस में बरेली के जनपद के थाना शेरगढ़ का एक परिवार रहता है। इस परिवार के युवक का उनके घर आना-जाना था। इस दौरान युवक और युवती में नजदीकियां बढ़ गईं। देखते ही उनके बीच प्यार हो गया। युवती प्रेमी के साथ शादी करने के सपने देखने लगी। मगर प्रेमी के दिमाग में कुछ और ही चल रहा था। युवती इसे नहीं भांप सकी। वह किसी भी सूरत में प्रेमी के साथ ही शादी करना चाहती थी। आरोप है कि सोमवार को प्रेमी शादी का झांसा देकर उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। वहां उसने प्रेमी से शादी करने को कहा। मगर उसने साफ मना कर दिया। इतना ही नहीं मंगलवार को प्रेमी उसे मिलक बाइपास पर छोड़कर चला गया।

इसके बाद प्रेमिका थाने पहुंची और प्रेमी के साथ शादी कराने के लिए पुलिस से गुहार लगाई। युवती ने शादी न करने पर प्रेमी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। एसओ धनंजय सिंह ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सेहत गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडा और बासी भोजन न खाने की सलाह दे रहे चिकित्सक

उल्टी- दस्त, बुखार के मरीजों से 30 बेड का वार्ड फुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भीषण गर्मी में दो माह से 16 वर्ष तक बच्चों व बड़ों में भी उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत मिलने लगी है। इसके कारण अस्पताल की दूसरी मंजिल पर मेडिकल वार्ड के बराबर से बना बच्चा वार्ड रोगियों से भर गया है। बच्चों की अधिक संख्या देख अस्पताल प्रशासन ने 15-15 बेड के दो वार्ड आरक्षित किए हैं।

मंगलवार को जिला अस्पताल में 1060 रोगियों की ओपीडी हुई। बाल रोग विशेषज्ञ युगल किशोर कक्ष के बाहर रोगियों की कतारें लगी रहीं। बाल रोग विशेषज्ञ ने सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक 117 रोगियों को देखा। इनमें 25 बच्चों को उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत मिलने पर बच्चा वार्ड में भर्ती कराया गया। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि मौसम में परिवर्तन होने की वजह से बढ़ों के साथ बच्चों में भी शिकायत मिल रही है। उन्होंने तीमारदारों को सलाह दी कि बच्चों को ठंडा और बासी खाना न खिलाएं। अधिक से अधिक पानी, नारियल पानी और ओआरएस का घोल पिलाते रहें। बच्चों को दोपहर एक से शाम चार बजे तक बाहर न निकालें। स्कूल जाते समय पूरी आस्तीन के कपड़े पहनाकर, धूप से बचने के लिए छाता, टोपी देकर भेजें। मौसम में परिवर्तन होने की वजह से दो माह से 16 वर्ष तक के बच्चों का विशेष तौर पर ध्यान रखने की जरुरत है।

बाल रोग विशेषज्ञ कक्ष में लगी तीमारदार महिलाओं की भीड़। ● अमृत विचार

> बढ़ते तापमान के चलते अस्पताल में बीमार बच्चों की संख्या बढ़ रही है। बच्चों के लिए 15-15 बेड के दो वार्ड आरक्षित किए हैं। दोपहर एक से शाम चार बजे तक बच्चों को घरों से बाहर न निकालें। –डा. एचके मित्रा, सीएमएस

डायरिया वार्ड में कम हुई मरीजों की संख्या

जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में रोगियों की संख्या घटने लगी है। मंगलवार की दोपहर दो बजे तक 25 रोगी भर्ती हुए। गंगापुर के प्रवीण, मोहल्ला झंडा निवासी काशिफ, डूंगरपुर निवासी सलमान, घेर बाज खां निवासी महरीन, राजद्वारा निवासी राबिया के शरीर में पानी की कमी होने पर भर्ती किया गया। सलमान व प्रवीण ने बताया कि उनके मोहल्ले में लगे ओवरहेड टैंक से आ रहे दूषित पानी के सेवन से स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। ओवरहैड टैंक की सफाई के लिए कई बार पालिका अधिकारियों व सभासद को कहा जा चुका है। इसके बाद भी ओवरहेड टैंक की सफाई नहीं हुई।

किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र निवासी युवक मौका पाकर किशोरी को बहला फुसला कर ले गया। जानकारी मिलने पर परिजनों के होश उड़ गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का टांडा क्षेत्र के युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बताते हैं कि दो दिन पूर्व किशोरी का प्रेमी देर रात उसके घर आ गया। इसके बाद युवक किशोरी को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। सुबह परिजनों ने किशोरी को गायब देखा तो होश उड़ गए। आसपास तलाश करने पर किशोरी का कोई अता पता नहीं लगा। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने टांडा क्षेत्र के रतुआ नगला निवासी दीपक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

तीन दिन बाद भी पुलिस नहीं लगा सकी किशोरियों का सुराग

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : रविवार को तीन किशोरियों के गायब होने के मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। तीन दिन बाद भी पुलिस तीनों किशोरियों का पता नहीं लगा सकी है। पुलिस किशोरियों को तलाशने के लिए छह सदस्यीय टीम गठित करने की बात कह रही है। किशोरियों के लापता होने का मामला चर्चा का विषय बना है।

नगर से सटे गांव धनौरी निवासी दिनेश कुमार की 13 वर्षीय बेटी प्रियंका, सुरेश मौर्य की 13 वर्षीय बेटी मनीषा व धीरज मौर्य की 14 वर्षीय बेटी भारती आपस में सहेलियां थीं। रविवार की दोपहर बाद तीनों सहेलियां घर से गईं थीं। इसके बाद वापस नहीं आईं। देर शाम तक उनके घर वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने तीनों किशोरियों के घर जाकर जानकारी की। गांव में हर जगह तलाश भी किया मगर कहीं पता नहीं चला। तीनों किशोरियों के एक साथ गायब होने से परिजनों में हड़कंप मच गया।

किशोरियों का कोई सुराग नहीं मिलने पर सोमवार को उनके परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। इस पर पुलिस ने सोमवार की रात तीनों किशोरियों की गुमशुदगी दर्ज कर ली। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज ललित कुमार, दरोगा नायब खान, यूटी मनीष गिल, महिला दरोगा नीलम देवी, महिला कांस्टेबल प्रीति और शिल्पी की छह सदस्य टीम गठित कर किशोरियों को तलाश करने के निर्देश दिए हैं। कोतवाल ने बताया कि टीम किशोरियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का दावा है कि जल्दी ही किशोरियों को बरामद कर लिया जायेगा।

कपड़े धोते समय पानी में उतरा करंट, महिला झुलसी

मिलक, अमृत विचार : कपड़े धोते समय पानी में करंट आने से महिला झुलस गई। परिजन ने महिला को बालू में दबा दिया। इसके बाद गांव के ही निजी चिकित्सक ने एंबुलेंस के जरिए महिला को सरकारी अस्पताल भेज दिया।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव जनकपुर निवासी नीरज मंगलवार को स्नानघर में नहाने गई थी। नहाने के पश्चात महिला कपड़े धो रही थी। इस दौरान उसने मोटर चला दी और पानी में हाथ डाला तो वह करंट की चपेट में आ आकर बुरी तरह झुलस गई। महिला की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने मोटर का स्विच बंद करके महिला को करंट से छुड़ाया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों के कहने पर घबराए परिजनों ने नीरज को गांव के बाहर पड़ी बालू में दबा दिया। इसके बाद परिजन महिला को नगर के सरकारी अस्पताल ले गए। उपचार के बाद डॉक्टर ने महिला को घर भेज दिया।

एक नजर

विवाद में भिड़े दो ग्रामीण पुलिस ने किया चालान

बिलासपुर, अमृत विचार : विवाद में एक-दूसरे से भिड़े दो ग्रामीणों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि केमरी थाने के लखीमपुर भीका गांव निवासी अब्दुल हसन तथा फरजंद अली के बीच किसी बात को लेकर तनातनी चल रही है। इसी के चलते मंगलवार दोपहर दोनों आमादा फौजदारी हो रहे थे। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। महिला उप निरीक्षक आराधना तोमर ने शांति भंग की कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

पत्नी को पीटने पर पुलिस ने हवालात में किया बंद

बिलासपुर, अमृत विचार : पत्नी को बेरहमी से पीटने वाले पति को पुलिस ने पहले हवालात की हवा खिला दी। इसके बाद शांति भंग की आशंका में उसका चालान कर दिया। आरोपी पति सतपाल नगर के मोहल्ला बाजार कलां में गुरुनानक कॉलेज के पास का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी ने घरेलू बातों पर उत्तेजित होकर अपनी पत्नी गीता के साथ बेदर्दी से मारपीट की। पीड़िता ने थाने आकर तहरीर देते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई थी। प्रशिक्षु उप निरीक्षक कार्तिक सहरावत ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

जिले में मनरेगा से लगाए जाएंगे 12.35 लाख पौधे, खोदे जा रहे गड्ढे

तालाबों और नदियों के किनारे भी किया जाएगा पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले में मनरेगा के तहत 12.35 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए स्वार ब्लॉक में गड्ढा खोदाई का कार्य शुरू हो गया है। जिले में मनरेगा से पौध रोपण के लिए 1360 स्थानों का चयन किया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो-दो स्थलों का चयन हुआ है। इसके अलावा तालाबों और नदियों के किनारे भी पौधरोपण कराया जाएगा।

पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए पौधरोपण कराने की कवायद शुरू हो गई है। पौधरोपण के लिए स्वार ब्लॉक में गड्ढे खोदने का काम शुरू हो गया है। मनरेगा के तहत जिले में फलदार एवं दिनरात आक्सीजन छोड़ने वाले 12.35 लाख पौधे रोपित कराने का लक्ष्य है। स्वार, सैदनगर, बिलासपुर, शाहबाद, मिलक और चमरौआ विकास खंड क्षेत्र में पौधे रोपित होंगे। इस बार मनरेगा से पौधे रोपित कराने में पीपल और फलदार पौधों को प्रमुखता से रखा गया है। पीपल चौबीस घंटे ऑक्सीजन देता है। जबकि फलदार पौधे आगे चलकर पक्षियों के लिए भोजन उपलब्ध कराएंगे। उपायुक्त मनरेगा मंशाराम यादव ने बताया कि इस बार पर्यावरण को बेहतर बनाने वाले एवं पक्षियों को भोजन उपलब्ध कराने वाले पौधे रोपित कराए जाएंगे।

स्वार ब्लॉक में पौधरोपण करने के लिए गड्ढे खोदते मजदूर। ● अमृत विचार

> स्वार ब्लॉक में प्रतिदिन 150 मनरेगा मजदूर पौधे रोपित करने के लिए गड्ढे खोदने का कार्य कर रहे हैं। 15 जून तक सभी ब्लॉकों में गड्ढे खोदन का कार्य निपटाने का लक्ष्य है।
>
> –मंशाराम यादव, उपायुक्त मनरेगा

यह पौधे लगाए जाएंगे

देशी आम, पीपल, नीम, जामुन, सैजन, सागौन, बरगद, गुटेल।

मुख्यमंत्री पोर्टल पर की अतिक्रमण की शिकायत

सैफनी, अमृत विचार : नगर में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई है। इसमें कहा गया है कि अतिक्रमण से रास्ते तंग हो गए हैं। जिसके कारण लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शाहबाद-बिलारी रोड बस स्टैंड एवं छितौनी मार्ग पर नाले से आगे सड़क किनारे दुकानदार फल व अन्य सामान के ठेले के अलावा ई-रिक्शा खड़ी करते हैं। इससे आवागमन में काफी परेशानी होती है। हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। आरोप लगाया है कि पक्की दुकानों के स्वामी पैसे लेकर फलों एवं अन्य सामान के ठेले अपनी दुकानों के आगे लगवाते हैं। शिवालय मंदिर मोहल्ला निवासी सुशील शर्मा ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की शिकायत में कहा है कि अतिक्रमण की स्थिति को लेकर अधिशासी अधिकारी मूकदर्शक बने हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विवेक कुमार गौड़ ने बताया कि पोर्टल पर अभी कोई शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। समय-समय पर अतिक्रण के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। जल्द ही अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

छात्रों ने कबड्डी और रस्साकशी प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

संवाददाता, मिलक

- विजयी छात्र-छात्राओं को दिए गए पुरस्कार
- एसआरएम इंटर कॉलेज में हुआ समर कैंप का समापन

अमृत विचार : नगर के एसआरएम इंटर कॉलेज मिलक में आयोजित दो दिवसीय समर कैंप के अंतिम दिन मां शारदे की पूजा-अर्चना के बाद छात्र खेल मैदान में प्रतियोगिताओं के लिए पहुंचे।

प्रधानाचार्य दयालु शरण शर्मा एवं प्रबंधक अक्षत सिंघल ने टॉस उछालकर कबड्डी प्रतियोगिता का आरम्भ किया। इसके बाद कुर्सी दौड़, अंताक्षरी, रस्साकशी आदि प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें छात्रों को सब जूनियर, जूनियर, सीनियर ग्रुपों में रखा गया। कबड्डी में सीनियर वर्ग में शोभित, मोनू, संजू, रविन्द्र, शनि, जीशान, मनीष, उमेश की टीम विजयी रही। जूनियर वर्ग में प्रीत, यश, कश्यप, जितेन्द्र, ओम रुहेला, सूरज देवेश की टीम ने विजय प्राप्त की। सब जूनियर वर्ग में अरमान, हैदर, आलोक, प्रिंस यादव, लक्ष्य भारद्वाज अंश, मोहम्मद इरफान की टीम जीती। कुर्सी दौड़ में अनुप्रिया, इफरा, साक्षी, लव्य भारद्वाज आदि विजेता रहे। जूनियर वर्ग अंताक्षरी में ज्योति, बिजरा, मोनिका, इफरा, अंश, अमन, मानवी, अलका, अनुप्रिया विजयी रहीं।

सीनियर वर्ग अंताक्षरी में दिव्या, प्रियांशी, साक्षी, सुहानी, तान्या, सलौनी, वंशिका शिवानी, अंशिका, मानसी, प्रतीक्षा, ममता, यशी गुप्ता, सुषमा आदि विजयी रहे। रस्साकशी में समस्त छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

एसआरएम लिटिल हार्ट में बैलून रेस, कुर्सी दौड़, आर्ट एंड क्राफ्ट, चेयर पेपर बॉल में ईशता व यशु प्रथम, सोनाक्षी, सिदरा, चरन कमल, मानवी द्वितीय तथा वन्दना, नन्दनी व इवांकी तृतीय स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी, संजय सिंघल, बबिता सिंघल, शिखर सिंघल, अनु सिंघल, पंखुरी सिंघल आदि उपस्थित रहे।

कार्य में देरी होने पर ठेकेदार को नोटिस

रामपुर, अमृत विचार : प्रानपुर से मानकपुर बंजरिया के सीसी निर्माण कार्य में देरी होने पर लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के एक्सईएन ने ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। जिसमें शेष कार्य जल्द ही पूरा कराने की बात कही है। दो सप्ताह में शेष कार्य पूरी नहीं करने पर फर्म को ब्लैक लिस्ट करने ी चेतावनी दी है।

प्रानपुर से होते हुए सड़क ब्लॉक सैदनगर की ओर जा रही है। इसमें नौ किलोमीटर सड़क की हालत काफी खस्ता है। सड़क की हालत सुधारने को दिसंबर में 2.25 करोड़ रुपये से सीसी कार्य कराने के लिए शासन से मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद भी सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा हीलाहवाली की जा रही है। अभी तक 25 फीसद तक कार्य ही हुआ है। कार्य में देरी पर लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड की ओर से नोटिस जारी किया गया है। एक्सईएन केवी सिंह ने बताया कि ठेकेदार को शेष कार्य पूरा करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। समयावधि में काम पूर्ण नहीं होने पर फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

एंबुलेंस में गूंजी किलकारी जच्चा-बच्चा सुरक्षित

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : 102 एंबुलेंस सेवा गर्भवती महिलाओं के लिए जीवनदायनी साबित हो रही हैं। इसका उदाहरण सोमवार को शाहबाद में देखने को मिला। एंबुलेंस में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता, कुशलता एवं अनुभव से गर्भवती का एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। जच्चा और बच्चा पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

शाहबाद के बाद गांव सहविया कलां निवासी अरविन्द कुमार की पत्नी देवकी को सोमवार देर शाम प्रसव पीड़ा हुई। इस पर परिजनों ने एंबुलेंस बुला ली। परिजन देवकी को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी ले जा रहे थे। रास्ते में देवकी को प्रसव पीड़ा होने लगी। उसकी हालत को भांपते हुए ईएमटी मोहम्मद हसन ने आशा के सहयोग से एंबुलेंस में ही देवकी का प्रसव करा दिया। इस दौरान देवकी ने बेटी को जन्म दिया। एंबुलेंस में बेटी की किलकारियां गूंजने पर परिजनों के चेहरे खिल उठे। ईएमटी और पायलट धर्मपाल ने जच्चा-बच्चा को सीएचसी में भर्ती करा दिया।

बच्चे को परिजनों को सौंपते ईएमटी।

समर कैंप में बच्चों ने घुड़सवारी का लिया आनंद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने खूब धमाल मचाया। किसी ने घुड़सवारी का आनंद लिया तो किसी ने मिक्की माउस का लुत्फ उठाया। इसके अलावा गीत-संगीत और नृत्य का प्रशिक्षण भी लिया। शिक्षकों ने बच्चों को कढ़ाई-बुनाई का हुनर भी सिखाया। प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने बताया कि समर कैंप एक सप्ताह तक चलेगा। इसमें बच्चे तरह-तरह की चीजों को सीखेंगे।

स्कूल परिसर में आयोजित समर कैंप में लगभग एक हजार बच्चे भाग ले रहे हैं। समर कैंप सुबह सात से नौ बजे तक चल रहा है। इसमें घुड़सवारी, बर्मा ब्रिज, एयर रायफल शूटिंग, स्केटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, पोर्टरी तथा डांस क्लासेज जैसी गतिविधिया चल रही है। कैंप में विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद बच्चे ले रहे हैं। बच्चों में सबसे अधिक उत्साह बर्मा ब्रिज के प्रति देखा जा रहा है। जंगलों तथा दुर्गम स्थानों पर किस प्रकार यह ब्रिज सहायक होता है। इसके रोमांच का अनुभव बच्चे साक्षात कर रहे हैं।

एयर राइफल शूटिंग में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। समर कैंप में संगीत तथा नृत्य का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसमें बच्चे जमकर धमाल मचा रहे हैं। समर कैंप के सारे कार्यक्रम ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान और प्रधानाचार्य एनके तिवारी के दिशा निर्देशन में संपन्न हो रहे हैं। समर कैंप में उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, एहतेराम अली, उबैद खान, मुर्तजा अली, विनय केवट, मोहम्मद सादिक, फिरोज हैदर, शादाब खान आदि मौजूद रहे।

छात्राओं को कपड़े पर पेच वर्क सिखातीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाना सीखता छात्र।

घुड़सवारी का आनंद लेते बच्चे।

हादसे में घायल हुए मंडी धनौरा के सिपाही की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : सीओ कार्यालय से डाक लेकर रामपुर जा रहा सिपाही सड़क हादसे में घायल हो गया था। मंगलवार को दिल्ली स्थित एम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

मूल रूप से अमरोहा जनपद के थाना मंडी धनौरा के गांव मोहम्मदपुर लोहार निवासी अनिल कुमार (30) 2016 बैच के सिपाही थे। वह अगस्त 2020 से शाहबाद कोतवाली में तैनात थे। छह मार्च को वह सीओ कार्यालय से डाक लेकर रामपुर जा रहे थे। रास्ते में मिलक थाना क्षेत्र के गांव रेवड़ी कलां के निकट सड़क हादसे का शिकार हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसके बाद उन्हें मुरादाबाद के कॉसमॉस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

लगन के बिना कुछ नहीं मिलता : फिराग

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : मुख्य अतिथि मौलवी फिराग अहमद ने स्कूली बच्चों व अभिभावकों का आह्वान करते हुए कहा कि वह बड़े सपने देखें और लगन से दुनियावी इल्म सीखें और देश सेवा में अपना योगदान दें। कहा कि बिना मेहनत और लगन के कुछ भी हासिल नहीं होता।

नगर के मोहल्ला रसूलपुर स्थित जावेद मांटेसरी जूनियर हाईस्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान अर्श, दानियाल, मोहम्मद आजम, शिफा बी, फैसल, मोहम्मद असद, मोहम्मद हम्माद, आलिया, निशा फातिमा, मोहम्मद अहद, अफनान रजा, आरिश, जैनब, आफिया नूर, अनम बी आदि शामिल रहे। उधर विद्यालय के प्रबन्धक जावेद अली ने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं। अपने बच्चों से माता-पिता को बहुत उम्मीदें हैं। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरकर देश सेवा करें। सच बोलने की आदत भी डालें। उन्होंने स्कूली बच्चों को झूठ न बोलने की नसीहत दी।

इस दौरान मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद तारिक, परवेज अख्तर, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद जुनैद अंसारी, अमरीन अंसारी, निखत जहां, मोहम्मद अनस, मोहम्मद सुफियान, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन फेडरेशन के नगराध्यक्ष परवेज अख्तर ने किया।

बच्चों को पुरस्कार देते मौलाना फिराग अहमद। ● अमृत विचार

- स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति
- जावेद मांटेसरी जूनियर हाईस्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

साइबर सेल ने वापस कराए 10 हजार रुपये

रामपुर, अमृत विचार: साइबर ठगों ने युवक को 79,814 रुपये का चूना लगा दिया। शिकायत पर साइबर सेल उसके दस हजार रुपये वापस करा दिए। इससे पीड़ित ने राहत की सांस ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव फैजनगर निवासी जाफर अली का कहना है कि 27 अप्रैल dks साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से उससे 79,814 रुपये की धोखाधड़ी कर ली थी। उसने इसकी शिकायत साइबर पोर्टल पर की थी। शिकायत पर कार्रवाई करे हुए साइबर सेल की टीम ने उसके बैंक खाते को होल्ड कर दिया था। इसके बाद 10,034 रुपये बैंक से वार्ता कर एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 मई को उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में वापस करा दिए। पीड़ित ने साइबर सेल टीम का धन्यवाद किया है।

स्टोन क्रॅशर पर बिजली चोरी से मानपुर के ग्रामीण परेशान

संवाददाता, मसवासी

- मानपुर के ग्रामीणों को भीषण गर्मी में झेलना पड़ रहा कटौती का दंश

अमृत विचार : मानपुर फीडर से कई स्टोन क्रॅशर का संचालन होने से गांव की बिजली राम भरोसे हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि मानपुर गांव की बिजली बंद करके स्टोन क्रॅशरों को सप्लाई की जाती है। इससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की साठगांठ से मानपुर फीडर्स से आसपास के कई स्टोन क्रॅशरों को सप्लाई दी जाती है। बिजली चोरी में कई स्टोन क्रॅशर संचालक पीछे नहीं हैं। मानपुर गांव की आपूर्ति बंद करके स्टोन क्रॅशर को सप्लाई की जाती है। इससे ग्रामीणों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। गांव की बिजली दिन के समय राम भरोसे हो जाती है। रात में भी कई बार कटौती की जाती है। शिकायतों के बाद भी बिजली विभाग मानपुर की बिजली व्यवस्था सुधारने का प्रयास नहीं कर रहा हैं। दुकानदार अशफाक हुसैन, दिलावर हुसैन, मुन्ने ,जमील अहमद, राशिद हुसैन आदि ने बताया कि मानपुर की बिजली बंद करके स्टोन क्रॅशर को सप्लाई दी जाती है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी व बिजली विभग के अधिकारियों से जांच की मांग की है। उपखंड अधिकारी भगवंत सिंह का कहना है कि विभागीय कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सुविधा जनपद में एक लाख 21 हजार 900 परिवारों को जारी किए गए आयुष्मान कार्ड

छह माह में 6653 को मिला आयुष्मान का लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का छह माह में 6,653 लोगों का लाभ मिला है। इनमें पांच लाख रुपये तक सरकार की ओर से मुफ्त इलाज मिल रहा है। आंकड़ों के अनुसार 1,21,900 परिवारों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। उपचार निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है। यह योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना में आयुष्मान योजना भी शामिल है। इस योजना में शामिल लोगों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए का इलाज निशुल्क मिलता है। लाभार्थी देश में कहीं भी पंजीकृत अस्पताल में भर्ती होकर इलाज करा सकते हैं। नोडल अधिकारी डा. ओपी आर्य के अनुसार जिस व्यक्ति के पास अंत्योदय राशन कार्ड या श्रम कार्ड है, वह अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। 2011 में जनगणना में शामिल लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा अंत्योदय कार्ड धारकों, श्रम विभाग से पंजीकृत मजदूरों को शामिल किया गया। इस श्रेणी में शामिल लोग आयुष्मान कार्ड के जरिए निशुल्क इलाज का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत 1,21,900 परिवारों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। छह माह में 6,653 लोगों को योजना का लाभ मिला है।

नोडल अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर गली-मोहल्ले में कैंप लगवाए जा रहे हैं। ताकि योजना का लाभ पात्र लाभार्थी को मिल सके। इसके अलावा सामाजिक संगठन और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा समय-समय पर कैंप लगवाए जा रहे हैं। ताकि अधिक से अधिक लोग फायदा उठा सकें।

> छह माह में 6,653 लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला है। केंद्र सरकार की ओर से पांच लाख रुपये का मुफ्त में उपचार कराया जा रहा है। अंत्योदय और श्रम विभाग से पंजीकृत मजदूरों को लाभ मिला रहा है। इसके अलावा विभाग की ओर से लगातार कैंप लगाए जा रहे हैं।
>
> –डा. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी

इन केंद्रों पर इतने मरीजों को मिला उपचार

अस्पताल	मरीजों की संख्या
सहारा अस्पताल	4370
बीपी हेल्थ केयर	940
सेवा अस्पताल	432
साहनी आई	418
जौहर अस्पताल	243
वर्षा आई अस्पताल	185
नारायण अस्पताल	65
कुल	6653

Telephone : (0581)-2510628
Fax : (0581)- 2511283

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: ro.bareilly@epfindia.gov.in

No. 120062EPFO/RO/BLY/ADM प्रेस विज्ञप्ति Date: 21/05/24

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशन धारकों एवं नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु क्षेत्रीय कार्यालय बरेली द्वारा इस माह विभिन्न जिलों में दिनांक 27.05.2024 को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थलों की जानकारी निम्नवत् है:-

जनपद	कार्यक्रम स्थल
बरेली	रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज कैम्पस, बरेली 243122
मुरादाबाद	आर्यन्स इंटरनेशनल स्कूल, बुद्धि बिहार, फेस-1, सेक्टर-02, खुशालपुर रोड, मुरादाबाद 244001
रामपुर	चड्डा पेपर प्राइवेट लिमिटेड, नैनीताल रोड, तहसील-बिलासपुर, रामपुर- 244921
शाहजहांपुर	शिव शंकर इंटरप्राइजेज, मोहल्ला दिलाजक, निकट राम बाबू की डेरी, शाहजहांपुर 242001
बदायूं	बाबा इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर बुजुर्ग, निकट गवर्नमेंट हॉस्पिटल
जे.पी.नगर	जगदीश शरण हिन्दू डिग्री कॉलेज, अमरोहा, जे.पी. नगर- 244221
संभल (भीमनगर)	बेसिक शिक्षा अधिकारी, संभल, भीम नगर- 202410
पीलीभीत	जे.सी. रिवरडेल सेकेण्डरी स्कूल, पूरनपुर, पीलीभीत- 262121

अनिल कुमार
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी अधिकारी

एक नजर

शांति भंग की आशंका में नौ गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : थाना कांठ पुलिस ने शांति भंग की आशंका में नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कांठ पुलिस ने ओमवीर निवासी ग्राम मुख्तयारपुर नवादा थाना कांठ, शरद विश्नोई निवासी ग्राम मुख्तयारपुर नवादा थाना कांठ, इमरान निवासी ग्राम पीपला जागीर थाना नूरपुर जिला बिजनौर, मौ. फिरोज निवासी ग्राम शाहुपुर थाना कांठ, मन्दीप निवासी ग्राम शहदौली थाना कांठ, संदीप निवासी ग्राम शहदौली थाना कांठ, कय्यूम, अनवार, राशिद निवासी ग्राम गोपालपुर को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

रक्तदान शिविर लगाया

कांठ, अमृत विचार : मंगलवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छह लोगों ने रक्तदान किया। सीएचसी कांठ में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में डॉ. मनोज कुमार, डॉ. जुल्फिकार अहमद, भगवान सिंह, नरेंद्र सिंह, चिरंजन सिंह, ओमवीर सिंह, ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया।

क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपाई हुए मुखर

एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जताया रोष, गश्त बढ़ाने की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी नगर की कानून व्यवस्था को लेकर चिंतित होने लगे हैं। भाजपाइयों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नगरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस सतर्कता बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में चार सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

मंगलवार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाइक चोरी व धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ बदमाशों की गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। साथ ही नगर में छेड़खानी की घटनाएं बढ़ती जा रही है।नगर में पुलिस का नशा, सटटा और प्रतिबंधित पशुओं के कटान पर नियंत्रण नहीं है। ज्ञापन में नगर में सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराने के साथ आवश्यक्तानुसार संख्या बढ़ाने, नगर की कस्बा चौकी फरीदनगर को सुचारू करने, अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र नगलिया में स्थापित करने व डंपरों और उत्तराखंड की फैक्ट्रियों की चिमनियों से निकलने वाली राख के उड़ने से होने वाले नुकसान को रोकने की मांग की गई। बताया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी इस राख पर पाबंदी लगाई गई है उसके बावजूद भी ठाकुरद्वारा क्षेत्र में यह धंधा खुलेआम चल रहा है। ज्ञापन देने वालों में नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, जिला पंचायत सदस्य व जिला महामंत्री दिनेश कुमार प्रजापति, पूर्व सभासद हेमेंद्र प्रताप सिंह, नागेंद्र लांबा, पवन पुष्पद, पंकज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, अरुण प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम अजय कुमार मिश्रा से वार्ता करते भाजपाई।

मांगों को लेकर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कलेक्ट्रेट पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के किसान सिविल लाइन स्थित आम्बेडकर पार्क पर एकत्र हुए। जहां से जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैट के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह ढिलो व जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित अंबेडकर पार्क पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला। जुलूस में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी ने जिलाधिकारी कार्यालय पर किसानों की समस्याओं के संबंध में किसानों को संबोधित कर अपनी मांगों के बारे जानकारी दी। जिसमें गांव में पानी की टंकी व रास्ते खराब हो चुके हैं। टंकी व पाइपलाइन में उपयोग की गई सामग्री की जांच करने की मांग की। वहीं राजा शुगर मिल द्वारा गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होने पर चीनी मिल के खिलाफ कार्रवाई कर भुगतान दिलाने की मांग रखी। राजस्व विभाग द्वारा खतौनी में अंश निदान किए जाने में लेखपाल द्वारा मांगी जा रही रिश्वत को बंद करने और ऐसे लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग पर जोर दिया। वहीं भीषण गर्मी होने के बावजूद समस्त फीडरों पर ट्रिपिंग हो रही है। फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। बिजली सप्लाई में सुधार करने की बात रखी। जिला अधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ऋषि पाल सिंह, जिला युवा प्रभारी दीपक चौधरी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा अध्यक्ष सोम राठी आदि रहे।

सार संक्षेप

मुरादाबाद में कोमो सोलर प्लांट का भ्रमण करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को कराया कोमो सोलर प्लांट का भ्रमण

छजलैट, अमृत विचार : राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर के कक्षा 12 कॉमर्स वर्ग के छात्र-छात्राओं को एजुकेशनल टूर के तहत विद्यालय की ओर से मुरादाबाद स्थित कोमो सोलर प्लांट का भ्रमण कराया गया। मंगलवार को राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर के कक्षा 12 कॉमर्स वर्ग के छात्र-छात्राओं को एजुकेशनल टूर के तहत विद्यालय की ओर से मुरादाबाद स्थित कोमो सोलर प्लांट का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अनंत सक्सेना और दीपक रस्तोगी के संरक्षण में 20 छात्र छात्राओं ने कोमो सोलर प्लांट में सोलर पैनल बनने की तकनीक को नजदीक से जाना। साथ ही वहां पर कंपनी हेड कौशल सिंह ने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जबाव दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य सरिता रानी ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की जानकारी देना हमारा उद्देश्य है ताकि विद्यार्थी नई टेक्नोलॉजी के बारे में भली भांति जानकारी ले सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं एवं स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यक्रम में शिक्षिकाओं को सम्मानित करतीं अतिथि। ● अमृत विचार

डायट कांठ में हुई मंडल स्तरीय गोष्ठी

कांठ, अमृत विचार : मंगलवार को डायट परिसर कांठ में मंडल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल के समस्त जनपदों के नवाचारी शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डायट प्राचार्य ओमप्रकाश गुप्ता मुख्य अतिथि व डायट प्रवक्ता विशिष्ट अतिथि रहे। नवाचारी शिक्षकों द्वारा पीपीटी के माध्यम से अपने उत्कृष्ट कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उत्कृष्ट शिक्षकों को डायट प्राचार्य मुरादाबाद द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में योगिता, भुवनेश कुमारी, दीप सिंह, रेनू यादव, पूजा गुप्ता, इंदु भारती, विजेंद्र बिश्नोई, अक्षय कुमार, वीरेंद्र, सीमा देवी, संदीप शर्मा, मनीशा त्यागी, उदयवीर, प्रभास उज्जवल, रश्मि शर्मा, रंजीता चौहान, सय्यद अफाक, सरलेश, डॉ नमिता मधुकर आदि सम्मलित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. ओम प्रकाश गुप्त ने शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की। संचालन योगिता द्वारा किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर मेकिंग का आयोजन

कांठ, अमृत विचार : मंगलवार को नगर स्थित ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच पर्यावरण सुरक्षा पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को हुई प्रतियोगिता में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पोस्टर बनाएं गए। बच्चों ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, समेत अन्य विषयों पर बहुत ही सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाएं। विद्यालय की अध्यापिकाओं ने बच्चों को बताया कि पोस्टर कई विषयों के बारे में जागरूक करते हैं। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पेड़ पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें। दूसरी ओर विद्यालय में कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के छात्र-छात्राओं ने डांस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने मनपसंद गानों पर जमकर डांस किया। विद्यालय प्रबंध समिति ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

कांठ में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

मुरादाबाद/कांठ अमृत विचार : जिला कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 33वीं पुण्यतिथि पर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उन्हें कंप्यूटर क्रान्ति का जनक व आधुनिक राष्ट्र निर्माता बताया। मंगलवार को महानगर गुरहट्टी कार्यालय पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि उनके द्वारा ही देश मे कम्प्यूटर क्रांति की शुरुआत की गई थी। इस मौके पर उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, पीसीसी अनूप दुबे, अमीरुलहसन जाफरी, अल्पसंख्यक चेयरमैन अफजल साबरी, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेन्द्र वाल्मीकि, बाबर सैफी, गौरव त्रिवेदी, मोहम्मद जुनैद पार्षद, फिरोज खान, मोहम्मद नाजिम, मंगलसेन, राजा, अरविंद चौहान, असलम रहमत व सुरेश सक्सेना शामिल रहे। वहीं कांठ में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर अध्यक्ष नदीम अंसारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष सीपी सिंह की अध्यक्षता में गुड़ मंडी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान पर मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मास्टर परम सिंह, रामस्वरूप सिंह जाटव, रहीमुद्दीन सैफी, जाफर अली अंसारी, अफजाल अहमद, सलीम अहमद, सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, शमीम अहमद अंसारी, विजय भटनागर, दिनेश दीवान आदि उपस्थित रहे।

लखपति दीदी की भूमिका पर की चर्चा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मंगलवार को विकास खण्ड ठाकुरद्वारा के ब्लाक सभागार में यूपी एसआरएलएम के प्रतिक्षण के समापन दिवस पर लखपति दीदी की भूमिका पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण उपरान्त क्षेत्र में किए गए व्यवसाय की जानकारी व आजीविका में कृषि व्यवसाय कृषि से संबधित रोजगार सेवा आधारित कौशल से सबंधित व्यवसाय की जानकारी डीआरपी हरीश तिवारी द्वारा दी गई। एसआरपी राम सागर द्वारा दीदियों के काम पर आधारित मानदेय पर विस्तार से चर्चा की गई। अजीविका बढ़ाने हेतु कृषि में अनाज, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बागवानी फलो की खेती, रेशम के उपलब्धता के लिए शहतूत की खेती मसाले की खेती आदि के व्यवसाय के बारे में बताया। साथ ही रोजगार, कौशल व्यवसाय की जानकारी दी गई। इस दौरान वीएमएम ज्ञानेंद्र शुक्ला, उमेश यादव, हरीश और समूह सखियां मधु चौहान, प्रियंका चौहान, सोनी, शालिनी, मेखा आदि मौजूद थी।

सड़क हादसे में पिता की मौत, मासूम बच्चा घायल

संवाददाता, डिलारी

- बस स्टैंड के पास बाइक सवारों ने मारी टक्कर, मचा कोहराम

अमृत विचार : बाइक सवारों की टक्कर से घायल पिता की मृत्यु हो गई। जबकि पांच वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया।

कस्बा निवासी शंकर अपने 5 वर्षीय पुत्र लकी को गोद में लेकर घर जा रहा था। तभी बस स्टैंड के पास सामने से आ रही है नियंत्रित बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। भीषण टक्कर से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए घायलों को निजी चिकित्सालय में भर्ती कर दिया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार को 38 वर्षीय शंकर की मृत्यु हो गई। जबकि बच्चा लकी गंभीर रूप से घायल है। जिसका उपचार मुरादाबाद स्थित चिकित्सालय में किया जा रहा है। मामले में पुलिस ने दो बाइक सवारों को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी मनसा देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक के तीन बच्चे हैं। बड़ी लड़की संध्या, दूसरी वैष्णवी और 5 वर्षीय घायल लकी है। मृतक शंकर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उधर, देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचने पर मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

ग्रीष्मकालीन शिविर में व्यंजन बनाना सिखाया

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में घर में व्यंजन बनाने के नए-नए टिप्स सिखाए गए।

विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर में छात्रों को खीरा व प्याज छीलना, टमाटर की कटिंग,नींबू हरी मिर्च चुकंदर ऐसे कई प्रकार के सलाद बनाने की विधि प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा की देखरेख में बालिका शिक्षा प्रमुख मीनू यादव ने सिखाया। जिसमें जूनियर समूह में कुमारी रेनू यादव, दीक्षा यादव, दृष्टिपाल ,रिंकी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने सलाद सीखने में भाग लिया। इस दौरान भावना यादव ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर रिशिपाल यादव, राकेश कुमार प्रजापति, ओंकार सिंह, दीपक कुमार बिश्नोई, पुष्पेंद्र यादव, नेतराम सिंह, गजेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह ने सहयोग किया।

कम वसूली पर अधिकारियों ने अमीनों पर जताई नाराजगी

संवाददाता, कांठ

- लक्ष्य के अनुरूप बकाया वसूली करने के दिए निर्देश

अमृत विचार : एसडीएम व तहसीलदार ने तहसील क्षेत्र के अमीनों की बैठक ली। जिसमें सभी अमीनों को लक्ष्य के अनुरूप बकाया वसूली करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसडीम कांठ विनय कुमार सिंह ने कहा कि कांठ तहसील की वसूली बहुत कम है। इसमें अमीनों द्वारा लापरवाही बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी बड़े बकाएदारों को चिन्हित कर उनसे बकाया वसूली की जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि जिला मुख्यालय द्वारा जो वसूली का लक्ष्य तहसील कांठ को दिया गया है, उसके अनुरूप अमीनों द्वारा बकाया वसूली नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग बैंक से संबंधित जो बड़े बकायेदार हैं या ग्राम समाज से संबंधित जिन लोगों की आरसी जारी हो चुकी है ऐसे सभी बकायदार खुलेआम घूम रहे हैं परंतु वसूली अमीनों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अमीन अपने-अपने क्षेत्र के बकायदारों को चिन्हित करें और उनके घरों पर जाकर उनसे संपर्क करके राजस्व वसूली कर तहसील मुख्यालय पर रिपोर्ट प्रेषित करें। इस अवसर पर अमीन हरवीर सिंह, मुन्ना सिंह, भैया राम, उमेश कुमार, हरगोविंद सहित अन्य अमीन उपस्थित रहे।

एसडीएम ने गोशाला का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कांठ, अमृत विचार : एसडीएम ने वृहद गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर केयरटेकर व संबंधित कर्मचारियों को गोवंश पशुओं की देखभाल करने के निर्देश दिए।

एसडीएम कांठ विनय कुमार सिंह ने गोशाला में घूम कर गोवंश पशुओं के रहन-सहन की व्यवस्था और पीने के लिए ठंडा पानी को भी देखा। साथ ही हरा चारा, खल, चोकर की संपूर्ण व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा है, गोवंश पशुओं को गर्मी से कैसे बचाया जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं केयर टेकरों को बुलाकर गोशाला में जूट के बोरे गर्मी से बचाव के लिए गोशाला में लगवाए थे उन पर ठंडे पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। जिससे गोवंश पशुओं को गर्मी से राहत मिल सके। एसडीएम ने कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान योगेश्वर चौहान, केयरटेकर व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

छात्रों की साइकिल चुराने वाले को पकड़ा

बिलारी, अमृत विचार : नगर की स्टेशन रोड स्थित साहू कुंज कॉलोनी में ट्यूशन पढ़ रहे छात्र की चोर ने साइकिल उड़ा ली। सीसीटीवी कमरे में पहचान होने पर चोर को पकड़ लिया।

मंगलवार को सुबह 7:00 के लगभग कुछ छात्र कोतवाली पहुंचे। वहां छात्र सौरभ पुत्र यादराम सिंह ग्राम रायपुर ने बताया कि वह नगर के स्टेशनर रोड स्थित साहू कुंज कॉलोनी में सुबह ट्यूशन पढ़ने जाते हैं। बताते चलें कि 16 मई को छात्र की साइकिल एक चोर ने चुरा ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर चोंर की पहचान हो गई। तलाशने पर उसका नाम आलम मालूम पड़ा। बाद में छात्रों ने आरोपी युवक से जब इस संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि साइकिल बेच दी है। बाद में आरोपी ने साइकिल की कीमत देकर माफी मांगी व भविष्य में चोरी न करने की कसम खाई।

शिविर में योगाभ्यास करते छात्र। ● अमृत विचार

अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी बनाना सीखें

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : नगर स्थित किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप का आरंभ आईटीएम ग्रुप के निदेशक अफरोज पाशा एडवोकेट ने किया।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समर कैंप में छात्र-छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभाओं को प्रदर्शन करने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इसमें छात्रों को अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी बनाना सिखाया जाता है। इस दौरान छात्र सामान्य ज्ञान क्विज, शतरंज, बॉक्सिंग खोखो सहित अन्य खेलों की जानकारी दी गई। इस दौरान कालेज के प्रधानाचार्य अमर सिंह, उप प्रधानाचार्य सरफराज अली, मुशाहिद हुसैन, कमर अली रिजवी, नरगिस, इरफान, रियासतुल्लाह, मोहम्मद नदीम, सरीन व सोनम आदि मौजूद रहे।

टयूबवेलों पर चोरी की बढ़ती घटनाओं से रोष

छजलैट, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन कोई ना कोई चोरी की सूचना मिलती ही रही है जिससे किसान काफी परेशान हैं। लेकिन आज तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम शेरपुर निवासी सूरज सिंह पुत्र कूढे सिंह के खेत पर बने ट्यूबवेल से रात्रि में किसी समय चोर मोटर व केबल लेकर चले गए। इस मामले में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। वहीं अकबरपुर सिहाली निवासी बब्बर मान सिंह पुत्र चरण सिंह ने बताया कि 20 मई की रात्रि में किसी समय चोर ट्यूबवेल में कूमल लगाकर मोटर स्टार्टर और अन्य सामान उठाकर ले गए। जब प्रातः जाकर खेत पर देखा तो सभी सामान गायब था। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि आए दिन चोर द्वारा किसानों के ट्यूबवेल वालों को निशाना बनाया जा रहा है। चोरी होने पर खेतों को पानी समय से नहीं लग पा रहा है।

फर्जीवाड़ा कर 1.24 लाख रुपये का मोबाइल लिया

संवाददाता, कुंदरकी

- युवक ने दुकानदार व आरोपी युवक के खिलाफ दी तहरीर

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोबाइल शॉप के मालिक से मिलकर एक अन्य युवक के आधार से अंगूठा लगवा कर 1 लाख 24 हजार का मोबाइल लोन पर निकलवाने का मामल प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कुंदरकी थाने में आरोपी युवक और दुकानदार के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू निवासी इस्तेकार पुत्र खुर्शीद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह गूलर स्थित एक मोबाइल शॉप पर कुछ समय पूर्व मोबाइल लेने के लिए गया था। जहां पर जहां पर उसी के गांव का एक युवक मौजूद था। उसने वहां से उसने करीब 18 हजार रुपये की कीमत का मोबाइल अपने आईडी प्रूफ देकर लोन पर लिया था। जिसकी वह किस्त जमा कर रहा था।

बताया कि उसने एक लाख 24 हजार रुपये का जो फोन लोन पर लिया था उसकी वह किस्त जमा नहीं कर रहा है। यह देख उसके पैर तले से जमीन खिसक गई। उसने तहरीर में बताया कि आरोपी दुकानदार ने बताया कि पीड़ित के गांव के ही एक युवक के कहने पर उसने बिना बताए उसकी आईडी पर एक लाख 24 हजार का दूसरा मोबाइल भी लोन पर निकाल लिया था। जिसे आरोपी युवक ले गया। पीड़ित ने आरोपी दुकानदार व युवक पर कार्रवाई की मांग की है।

नई सड़क पर नालों की सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

गहरे नालों की तली झाड़ सफाई का कार्य शुरू हुआ

संवाददाता, बिलारी

- बरसात से पहले नालों की कराई जा रही साफ-सफाई

अमृत विचार : नगर में बरसात आने से पूर्व गहरी गंदे नालों की सफाई का कार्य तेजी से शुरू हुआ।

मंगलवार को नई सड़क पर गहरी नालों की सफाई का कार्य जारी रहा। नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों के द्वारा गहरी नालों की तली झाड़ सफाई की गई। पालिका परिषद के ईओ का कहना है कि बरसात आने से पूर्व ही समस्त नालों की तली झाड़ सफाई कर दी जाएगी। जिससे नगर में साफ सफाई स्वच्छता का माहौल बना रहे। इस दौरान सफाई नायक बबन ने बताया कि नालों की सफाई का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

परेशानी प्रतिदिन व्यस्त बाजारों में ई-रिक्शा से लग रहा जाम, पुलिस प्रशासन समाधान करने में विफल

नगर में जाम का कारण बन रहीं ई-रिक्शा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर में ई-रिक्शा की संख्या में बढ़ोतरी होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। रोजाना व्यस्त बाजारों में ई-रिक्शा के कारण जाम लगना आम बात हो गई है। जाम में फंसकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसमे पूरा नगर जाम की जद में है। इसका मुख्य कारण ई-रिक्शा का बेतरतीब संचालन माना जा रहा है।

नगर में काफी संख्या में ई-रिक्शा का संचालन होने से कदीर तिराहा, बड़ा बाजार, बाजार, गंज मेन मार्केट सहित अन्य बाजारों में रोजाना जाम लगना आम बात हो गई। जाम में फंसकर नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। काफी देर बाद जाम खुलने पर ही लोगों को राहत मिलती है। इससे परेशानी के साथ-साथ समय भी बर्बाद होता है। चालक अपने ई-रिक्शा को बेतरतीब ढंग से चलाते हैं, जो जाम का कारण बनता है। वही ई-रिक्शा चालक अपनी मनमानी करते हुए बाजार में भीड़भाड़ वाले बाजारों में ही रिक्शा लेकर जाते हैं।

नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने की मांग की है। वहीं पुलिस के आलाधिकारियों का कहना है कि शीघ्र समस्या का समाधान कराया जाएगा।

ठाकुरद्वारा के कबीर तिराहे पर ई-रिक्शा से लगा जाम। ● अमृत विचार

एक नजर

एमआईटी में परीक्षा देने पहुंचे छात्रों के प्रवेश पत्र चेक करता सुरक्षाकर्मी।

सीयूईटी की परीक्षा में शामिल हुए 138 अभ्यर्थी

मुरादाबाद, अमृत विचार : सीयूईटी (यूजी) की ऑनलाइन परीक्षा एमआईटी में संपन्न हुई। ऑनलाइन सीयूईटी यूजी परीक्षा में 138 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा तीन शिफ्टों में कराई गई। मंगलवार को सीयूईटी की जिले में ऑनलाइन परीक्षा हुई। इससे पहले भारी संख्या में छात्र-छात्राओं की ऑफ लाइन परीक्षा जिले के आठ केंद्रों पर कराई गई थी। इस बार जिले में ऑनलाइन परीक्षा मात्र 230 छात्रों को देनी थी। जिसमें 138 छात्र-छात्राएं परीक्षा में बैठे। 92 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा सिटी कोऑर्डिनेटर हेमंत झा और ऑब्जर्वर ऋतुराज यादव के देखरेख में संपन्न हुई।

घर में घुसकर चोरी करने वाला दबोचा गया

मुरादाबाद, अमृत विचार : घर में घुसकर चोरी करने का आरोपी विकास पुत्र राजकुमार को कटघर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विकास स्विमिंग पूल के सामने वाली गली कमला विहार का रहने वाला है। इसे दरोगा हरेंद्र सिंह ने दबोचा है। दरोगा ने बताया कि बल्देवपुरी निवासी सुनील कश्यप के घर में चोरी हुई थी। उनके घर से कीमती चीजें चोरी कर ली गई हैं। जिसके क्रम में विवेचनात्मक कार्रवाई के दौरान अभियुक्त विकास का नाम प्रकाश में आया था। वैसे यह सराय दुर्गा कालोनी थाना कोतवाली जिला सम्भल का मूल निवासी है।

नेत्रहीन छात्र के जीवन पर बनी फिल्म से मिली सीख

मुरादाबाद, अमृत विचार : रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स व इंटरेक्ट क्लब शिशु वाटिका ने शिशु वाटिका इंटर कॉलेज व एसवी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं व शिक्षक को मूवी दिखाई गई। मिगलानी थियेटर में चल रही प्रेरणादायक व शिक्षा के क्षेत्र में नेत्रहीन छात्र के संघर्षपूर्ण जीवन की सत्य घटना पर आधारित फिल्म श्रीकांत का विशेष प्रदर्शन किया गया है। मंगलवार को फिल्म देख रहे छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक अनुज अग्रवाल मिगलानी, मूवी टाइम्स के स्वामी शेखर मिगलानी व उनके सहयोगी मनोज कश्यप ने सभी का स्वागत किया। शो के दौरान सभी को सूक्ष्म जलपान कराया गया। सभी ने मूवी का आनंद लिया।

जिगर कॉलोनी स्थित मां पीतांबरा बगलामुखी ट्रस्ट के कार्यक्रम में रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु।

बगलामुखी देवी के जन्मोत्सव से पहले हुआ शिव का विवाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंगलवार को जिगर कॉलोनी स्थित पार्क में आदि भवानी पीतांबरा मां बगलामुखी देवी श्री परिवार महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां बगलामुखी देवी जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन मां बगलामुखी के पूजन बाद रुद्राभिषेक व शाम को शिव विवाह का आयोजन किया गया। हापुड़ के प्रसिद्ध गायक संजू पागल ने अपने भजनों पर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गुप्ता, सचिव सह संयोजक प्रशांत रस्तोगी व संयोजक अमित सरीन, संजय रस्तौगी, पंडित जगदंबा प्रसाद शर्मा राहिल गुलाटी आदि मौजूद रहे।

नगर निगम के अपर आयुक्त के वाहन का चालक था अतुलेश कुमार, आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही पुलिस

संविदा कर्मी की हत्या का मुख्य अभियुक्त अनुज शर्मा गिरफ्तार

अतुलेश प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नगर निगम में आउटसोर्सिंग कर्मी अतुलेश कुमार की हत्या के आरोप में मुख्य अभियुक्त अनुज शर्मा को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसे जेल भी भेज दिया गया है। इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है।

मृतक अतुलेश अपर नगर आयुक्त के वाहन का चालक था। इसकी शनिवार रात में जिला अस्पताल में इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम में मौत का कारण जहरीला पदार्थ होने की पुष्टि हुई है। लेकिन, कर्मी की मौत के मामले में पुलिस को शांत देखकर सोमवार को जब परिजन और उनके रिश्तेदार-मुहल्ले वाले उग्र हुए। कांठ रोड पर आकर प्रदर्शन-नारेबाजी कर वाहनों का आवागमन अवरुद्ध कर दिया तो पुलिस बैकफुट पर आती दिखी। दोपहर बाद परिजनों की मांग पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अतुलेश की हत्या, एससी/एसटी एक्ट व अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली थी। इसमें वार्ड नंबर-7 की पार्षद पंकज शर्मा के बेटे अनुज शर्मा पुत्र कृष्ण मणि शर्मा को मुख्य अभियुक्त बनाया था। साथ ही एफआईआर में उसके दोस्त संजीव शर्मा, कनिष्ठ शर्मा को भी नामजद कर लिया है। पुलिस ने कई अज्ञात व्यक्तियों को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि जब शनिवार को रात के करीब नौ बजे नवीन नगर में मानसरोवर स्कूल के पास पार्षद के बेटे ने अतुलेश व उसके भाई रविंद्र से गाली-गलौज की और फिर आरोपियों ने उसके घर जाकर मारपीट किया। अतुलेश की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए थे तो उन लोगों ने थाना पुलिस से शिकायत की थी। लेकिन, उस समय पुलिस सक्रिय नहीं हुई। फिर शनिवार देर रात में जब अतुलेश की जिला अस्पताल में ही मौत हो गई, तब भी पुलिस निष्क्रिय रही। हां, पंचनामा कर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए जरूर भिजवा दिया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन जब अतुलेश के शव को वापस लाए तो वह पुलिस पर आगबबूला हो गए थे। इन सभी ने दोपहर बाद कांठ रोड पर आकर जोरदार प्रदर्शन कर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की थी। लॉ-एंड-ऑर्डर बिगड़ते देख पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और फिर कुछ ही देर में बिना देरी किए पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या व अन्य आरोपों में एफआईआर दर्ज कर ली थी। सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मुख्य अभियुक्त अनुज शर्मा को जेल भेज दिया है और अब अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अतुलेश के हैं दो पत्नियां-तीन बच्चे

मृतक के भाई अनुज सिंह ने बताया कि वह तीन भाई थे। इसमें बड़े अतुलेश थे, दूसरे नंबर के रविंद्र हैं। पिता महावीर सिंह की पांच साल पहले मृत्यु हो गई थी। अतुलेश के दो पत्नियां रजनी व चांदनी हैं। इनमें रजनी से दो बच्चे अभिनव (18) व खुशी और चांदनी से बेटा कार्तिक (14) है। दूसरे नंबर के भाई रविंद्र भी विवाहित हैं, इनके तीन बेटियां ही हैं। अनुज ने बताया कि वह और उनके भाई रविंद्र प्राइवेट जॉब करते हैं। अतुलेश के परिवार की कच्ची गृहस्थी है।

अनुज बोला-मारने नहीं, शिकायत करने गए थे घर

गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त अनुज शर्मा ने पुलिस के पूछने पर बताया कि नवीन नगर में मान सरोवर स्कूल के पास हुए विवाद की शिकायत करने अतुलेश के घर गया था। उसने कहा कि अतुलेश को मारने जैसी उसकी कोई योजना नहीं थी। अनुज ने पुलिस को बताया कि उसने किन परिस्थितियों में जहर खाया, यह भी उसे नहीं मालूम है।

- घटना के दूसरे दिन रविवार को मृतक के परिजन उग्र हुए तो जागी पुलिस

40 डिग्री के बीच गर्म हवाओं से झुलसे लोग

लगातार चार दिन पारा 42 डिग्री सेल्सियस रहने के बाद मंगलवार को आई गिरावट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भीषण गर्मी के बीच लगातार चार दिन तक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहने के बाद मंगलवार को 40 हो गया। लेकिन दोपहर में तपती धूप के बीच चली गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को झुलसा दिया। दोपहर में लोग खुद को धूप और गर्म हवा से बचाते नजर आए। आगामी दिनों में अभी तापमान और बढ़कर 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। जिसके चलते राज्य और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने गर्मी और लू का अलर्ट जारी कर लोगों से सावधानी बरतने को कहा है।

सोमवार की देर रात चली हवा से मंगलवार सुबह मौसम में थोड़ी नरमी रही। जिसके चलते पिछले चार दिनों से 42 डिग्री तापमान में गिरावट आई और पार 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन दोपहर होते ही सूरज ने तेवर अपने दिखाने शुरू किए। दोपहर में तेज धूप के बीच चली गर्म हवाओं ने लोगों का बुरा हाल कर दिया। गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को खूब सताया। गर्म व लू से बचने के लिए लोग घरों से बाहर नहीं निकले। गर्मी से बेहाल लोग चेहरे पर कपड़ा बांधकर खुद को बचाते नजर आए।

दूसरी ओर चिकित्सक भी लोगों से गर्मी से बचने की सलाह दे रहे हैं। फिजिशियन डॉ. सीपी ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच लोग बाहर का खाना खाने और पानी की मात्रा कम होने से डायरिया के शिकार हो रहे हैं।

उनका कहना है कि गर्मी में सावधानी बरतने की जरूरत है। वहीं जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में दोपहर में तेज धूप में घर से बाहर बहुत जरूरी होने पर ही निकलें।

दोपहर में कुछ इस तरह छाता लगाकर तेज धूप से बचने का प्रयास करते लोग।

डीएम ने सभी स्कूलों में घोषित किया ग्रीष्मावकाश

मुरादाबाद, अमृत विचार : भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप के चलते जनपद के यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई, माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद एवं बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित समस्त विद्यालयों में 21 मई से ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने यह आदेश देते हुए कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित कार्य यथावत रहेंगे।

कोल्ड रूम में भर्ती होंगे हीट स्ट्रोक व लू से पीड़ित

मुरादाबाद, अमृत विचार : पिछले एक सप्ताह से पड़ हरी भीषण गर्मी में लू लगने के मामले बढ़ने लगे है। लू लगने से बहुत तेज बुखार के साथ चक्कर, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी आने जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। ऐसे लक्षणों से पीड़ित मरीजों को भर्ती करने के लिए जिला अस्पताल में दो कोल्ड रूम बनाए गए हैं। जिला अस्पताल में हीट स्ट्रोक वार्ड के तौर पर कोल्ड रूम की व्यवस्था की गई है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि कूलर की सुविधा युक्त कोल्ड रूम में छह बेड और एसी की सुविधा के साथ चार बेड का कोल्ड रूम बनाया है। हीट स्ट्रोक या लू की चपेट में आकर जिन मरीजों के शरीर का तापमान 103 डिग्री या इससे ऊपर होगा तो उन्हें कोल्ड रूम में भर्ती कराया जाएगा।

तेजी में कार चलाने से रोका तो संचालक को पीटा

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्ले स्कूल के सामने से ओवरस्पीड में कार लेकर निकलने वाले युवक को टोकना स्कूल संचालक को महंगा पड़ गया। कार चालक और उसके भाई ने मिलकर संचालक और उनके दोस्त पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इसमें स्कूल संचालक विक्रांत चौधरी घायल हो गए। इनके दोस्त अजीत सिंह के भी गुम चोटें आई हैं। मझोला पुलिस ने बुद्धि विहार के मकान नंबर-265 निवासी अमन उर्फ अर्पित भारद्वाज और इसके बड़े भाई हिमांशु भारद्वाज पुत्रगण मदन गोपाल भारद्वाज को नामजद किया है।

स्कूल संचालक विक्रांत चौधरी ने पुलिस को बताया कि घटना रविवार शाम छह बजे के समय की है। उसी दौरान अमन उर्फ अर्पित भारद्वाज कार से तेज स्पीड में निकला तो उन्होंने आवाज लगाकर उसे टोका। विक्रांत ने बताया कि इतना कहने के बाद हिमांशु भी उनसे गाली-गलौज करने लगा और तभी अमन उर्फ अर्पित कार से आ गया। ये सभी लाठ-डंडों से उन दोनों (विक्रांत व अजीत) पर हमला बोल दिया। इसमें विक्रांत चौधरी चोटिल होकर वहीं जमीन पर गिर गए थे। विक्रांत ने बताया कि वह फतेहपुर बिश्नोई क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुर के रहने वाले हैं। ज्ञानपुर में उनका इंटर कॉलेज है।

श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट में आयोजित हवन में आहुति देते श्रद्धालु।

बाबा नीब करौरी आश्रम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम (ट्रस्ट) के तत्वाधान में मंगलवार को 108 सुंदर कांड पाठ संपन्न हुआ। इस अवसर पर किए गए हवन व पूजन के बाद भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। सबसे पहले उपस्थित भक्तों ने बाबा नीब करौरी महाराज और हनुमान जी के सम्मुख संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया।

मंगलवार को नीब करौरी आश्रम ग्राम सब्जी पुर पाकबड़ा में उपस्थित सभी भक्तों ने समस्त देवी-देवताओं का आह्वान किया। वैदिक मंत्र उच्चारण और विधि-विधान के साथ हवन पूजन संपन्न हुआ। वहीं सुन्दर काण्ड पाठ के समापन के बाद विनय चालीसा का पाठ हुआ। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, गौरव अग्रवाल, विनीत गुप्ता, डॉ संदीप राज, राजकुमार शर्मा, विवेक शर्मा, अश्वनी गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, विनोद रॉय, देवेंद्र सिंह बिष्ट, शैलेंद्र प्रकाश गुप्ता, संदीप गगनेजा, विकास गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अश्विनी गुप्ता, पंडित पुष्पराज, पंडित पुष्कर जोशी, परीश सक्सेना, अशोक सिंह, धीरज सिंह आदि का योगदान रहा।

योगासन में ग्रीन मीडोज व पीएमएस प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में आयोजित तृतीय जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया।

सचिव योगाचार्य महेंद्र सिंह विश्नोई और अध्यक्ष खीलेन्द्र सिंह ने बताया कि योग को योगासन स्पोर्ट्स के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए जिला योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन ने तृतीय योगासन खेल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के लगभग सभी विद्यालयों से 100 से 150 योगासन खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, रिदमिक योगासन इवेंट कराए गए। बालक वर्ग में प्रथम स्थान ग्रीन मीडोज स्कूल, द्वितीय स्थान आरएसडी स्कूल व तृतीय स्थान सेंट मीरा एकेडमी, कैंपटन पब्लिक स्कूल का रहा।

बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पीएमएस स्कूल, द्वितीय स्थान ग्रीन मीडोज स्कूल व तृतीय स्थान आरआरके स्कूल, सेंट मैरी सिविल लाइन स्कूल रहे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। मुख्य अतिथि प्रिया अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि डॉ. अनुज अग्रवाल ने बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अजीत अग्रवाल, रजत प्रभाकर, धवल दीक्षित, अमित गर्ग, अनिल सिक्का, अमित गर्ग, देवेंद्र जौहरी, जयपाल सिंह, अमित तोमर, शुभम विश्नोई, सचिन नेनवाल, देवेंद्र राणा व विपिन जखमोला शामिल रहे।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित योगासन खेल प्रतियोगिता में सम्मानित खिलाड़ी।

गेहूं खरीद में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सम्मानित किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह द्वारा मंडल में साप्ताहिक रूप से सर्वाधिक खरीद करने वाले गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया।

इनमें विपणन निरीक्षक, मुरादाबाद, विपिन श्रीवास्तव, शेख इफ्तेखार अली, कनिष्ठ सहायक, खाद्य विभाग, रामपुर, दानिश अली, पवन कुमार को सम्मान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, मनोज कुमार, मुरादाबाद सम्भाग, अपर जिलाधिकारी, प्रशासन गुलाब चन्द्र, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह, मैनेजर, क्यूसी भारतीय खाद्य निगम चन्द्र भूषण सिंह, मैनेजर भारतीय खाद्य निगम, पंकज राना व राघवेन्द्र सिंह, सचिन कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार, कुलदीप कुमार, तरुण मलिक आदि उपस्थित रहे। प्रदेश में मंडल द्वारा मात्रात्मक रूप से दूसरे नम्बर पर सर्वाधिक खरीद की गई है। साथ ही लक्ष्य के प्रतिशत में मंडल मुरादाबाद का प्रथम स्थान है। मंडल के तीन जनपदों, क्रमशः रामपुर, मुरादाबाद व सम्भल द्वारा प्रदेश में 08 सर्वाधिक खरीद करने वाले जिलों में स्थान बनाया गया है। जनपद मुरादाबाद में अब तक 76000 मीट्रिक टन के लक्ष्य के सापेक्ष 4171 कृषकों से 33820.92 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कर लक्ष्य को 44.50 प्रतिशत हासिल कर लिया है । यह प्रदेश के समस्त जनपदों में सर्वाधिक है। मण्डल को खरीद हेतु 405000 मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है।

एमएच वारियर्स की टीम बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रेलवे स्टेडियम में चल रहे कलेक्ट्रेट प्रीमियर लीग सीजन-3 का मंगलवार को समापन हो गया। फाइनल मुकाबला अभिनंदन महिंद्रा और एमएच वारियर्स के बीच खेला गया। एमएच वारियर्स ने शानदार बल्लेबाजी और बॉलिंग कर सात विकेट से जीत दर्ज कराई।

कलेक्ट्रेट प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर एमएच वारियर्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अभिनंदन महिंद्रा ने कप्तान शोएब सिद्दीकी के 76 रन रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 146 रन बनाए। जवाब में एमएच वारियर्स की टीम ने कप्तान कार्तिक सिद्धू 60 रन और सलामी बल्लेबाज कौशल सुमन की 37 पारी के दम पर फाइनल मुकाबले को 15.1 ओवर में 148 रन बनाकर सात विकेट से मैच जीत लिया और चैंपियन बनी। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने विजेता टीम एमएच वारियर्स को ट्रॉफी व एक लाख रुपये और उप विजेता रही अभिनंदन महिंद्रा की टीम को 75 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी से सम्मानित किया। टूर्नामेंट का बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड शोएब सिद्दीकी को और बेस्ट बॉलर का अवार्ड मोहित यादव को दिया गया। टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले एमएच वारियर्स कप्तान कार्तिक सिद्धु को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर एडीआरएम अमित कुमार, सीनियर डीओएम चेतन तनेजा, अमित शर्मा, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दिकी, टूर्नामेंट के आयोजक नावेद सिद्दीकी, अभिषेक सिंह, साजिद मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट प्रीमियर लीग की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य।

सत्संग शोभायात्रा के बाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सत्संग का आयोजन

प्रत्येक मनुष्य व जीव से प्रेम करो : बाबा फुलसंदे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दूसरों के दुख दर्द में जो व्यक्ति खुद भी दुखी हो जाता है। ऐसी आत्मा को प्रभु अपने नजदीक रखता है। प्रत्येक आत्मा से प्रेम करने वाले मनुष्य के प्रभु सारे दुख दर्द दूर कर देता है। यह आशीष वचन बाबा फुलसंदे ने गुलाब बाड़ी से निकलने वाली शोभायात्रा के बाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रेसवार्ता के दौरान कहे।

मंगलवार को गुलाबबाड़ी चुंगी से एक तू सच्चा एक तेरा नाम सच्चा बाबा फुलसंदे के सत्संग से पहले उनके अनुयायियों ने शोभायात्रा निकाली। जिसमें बाबा घोड़ा बग्गी पर बैठे और उनके पीछे-पीछे उनके भक्तों की भीड़ चल रही थी। शोभायात्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंची। जहां उन्होंने पहले प्रेसवार्ता की। इसके बाद विद्यालय के हॉल में बैठे सैकड़ों भक्तों को धर्मसभा में प्रवचन के माध्यम से जीवन का सार बताया। जिसमें उन्होंने कहा कि कोई माने या न माने परमेश्वर का संदेश तुम सारे संसार को दो। सभी पुण्य कर्म करो पाप कर्म न करो। संसार में कोई नहीं रहता अंत में सबको मृत्यु का स्वाद चखना पड़ता है। वहीं लोग धन्य है जो संसार में नेकी का काम करते हैं। अंत में नाम दान मंत्र दीक्षा संस्कार हुआ जिसमें अधिक संख्या में भक्तों ने नाम दान लिया। इसके बाद प्रसाद वितरण कर भंडारे को आयोजन किया गया। इस सत्संग का आयोजन अर्जुन सिंह, निर्मल सिंह द्वारा किया गया।

प्रवचन करते बाबा फुलसंदे। ● अमृत विचार

सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाड़ी में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

साइबर ठगों ने रेलवे के लोको पायलट से ठगे पांच लाख रुपये

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे के लोको पायलट से साइबर ठगों ने 4.99 लाख रुपये ठग लिए हैं। इनके साथ ये घटना 14 मई को हुई है। प्रमोद कुमार सैनी मझोला थाना क्षेत्र के गांव फाजलपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने 9 मई को फ्लिपकार्ट के माध्यम से एक मोबाइल ऑनलाइन ऑर्डर किया था। मोबाइल की डिलीवरी नहीं हुई तो उन्होंने 14 मई को फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर नंबर से बात की। कॉल रिसीव करने वाले के कहने पर प्रमोद ने प्ले स्टोर से एक एप्लीकेशन डाउनलोड कर ली। उसके बाद उनके बैंक खाते से पैसा डेबिट होना शुरू हो गया, जो सात किस्तों में बैंक खाते से डेबिट हो गया। जिसे दो अलग-अलग खातों में डाला गया। इसमें से उनके खाते से 2,99,885 रुपये केनरा बैंक में खाता धारक शुभम कुमार के खाते में डेबिट हुए। शेष 2.00 लाख रुपये यश बैंक के खाता धारक राजकुमार नाम के व्यक्ति के खाते में डेबिट हुए हैं। साइबर ठगी से परेशान प्रमोद ने बताया कि उनके साथ हुई इस घटना के तुरंत बाद उन्होंने साइबर सेल नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि इस मामले को एसपी हेमराज मीना ने गंभीरता से लिया है और उन्होंने मझोला थानाध्यक्ष को तुरंत मामला दर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं।

तबादले रद कराने को रेलकर्मी मुखर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंगलवार को रेल मंडल में सिग्नल और दूरसंचार विभाग में हुए तबादलों को रद कराने की मांग को लेकर आंदोलनरत रेल यूनियन ने अनोखे तरीके से विरोध जताया। रेल कर्मियों ने डीआरएम कार्यालय पर ताली और थाली बजाकर न्याय मांगा। नरमू ने चेतावनी दी कि अगर विभाग में सभी कर्मियों के तबादले रद न हुए तो कर्मचारी सड़क पर उतरकर अपना विरोध जताएंगे।

नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने सिग्नल और दूरसंचार विभाग के तबादले को लेकर मंगलवार को अपना विरोध जताया। रेल कर्मचारी यूनियन ने भोजन अवकाश में अलग तरीके से विरोध किया। सभी रेल कर्मचारी डीआरएम कार्यालय की गैलरी में जमीन पर बैठ गए और सभी ने थाली बजाकर रेल अधिकारियों से न्याय मांगा। भोजन अवकाश में चले विरोध प्रदर्शन में मंडल मंत्री राजेश चौबे और मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा भी शामिल रहे। रेल कर्मचारी यूनियन ने चेतावनी दी कि तबादले रद न होने पर कर्मचारी बड़े आंदोलन करेंगे। इस मौके पर सहायक मंडल मंत्री एके सिंघल, कुंवर सुहैल खालिद, शिव राज सिंह, दीपक यादव, नफीस खां, खेमपाल सिंह, मोहित गुप्ता, विनेश ठाकुर, समीर माथुर, जगन्नाथ सिंह, सुनील सिंह, संजय वर्मा, अनिल सोनी, विनय पाल, राकेश मंगाई, अनुज कुमार, राजेंद्र सैनी, रजा खां, संजू, आकिल उर्मिला शामिल रहे।

डीआरएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते रेल कर्मचारी।

एक नजर

खाली प्लॉट में मवेशी काटने वाले पर रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइन थाना क्षेत्र में खाली पड़े प्लॉट पर मवेशी काटने का मामला सामने आया है। इसमें प्लॉट मालिक ने अज्ञात के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर भी दर्ज करा दी है। यह मामला मोरा मुस्तकम गांव का है। यहां के निवासी राजीव कुमार ने बताया कि उनके गांव से बाहर चट्टा पुल की तरफ अधिवक्ता जयवीर सिंह के फार्म हाउस के पास उनका प्लाट खाली पड़ा है। 18 मई की रात में किसी जानवर को काट दिया। सुबह जब वह प्लाट पर पहुंचे तो देखा कि मृत पशु के कुछ अवशेष पड़े थे। उन्होंने लोगों के सहयोग से अवशेषों को उठाकर सड़क किनारे फिंकवा दिया था। इस मामले में सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि राजीव ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी थी। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई करेंगे।

जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने दी जान

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र की महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। जैतिया सादुल्लापुर निवासी माया (28) पत्नी सतपाल की मौत जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है। बताया जा रहा है कि महिला पति की चोरी करने की आदत और बच्चे न होने के तानों से परेशान थी। परिजन के मुताबिक, माया ने मंगलवार सुबह घर में रखी गेहूं की जहरीली दवा खा ली थी। हालत बिगड़ने पर अस्पताल लाया गया था। मृतक के पति पर घर में रखे पैसे की चोरी करने का भी आरोप है।

स्टॉल लगाकर शरबत वितरण करते जीसस इज लाइफ चर्च के सदस्य।

राहगीरों की प्यास बुझाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : मई में इस बार आसमान से आग बरस रही है। तेज धूप लोगों को झुलसा रही है। मंगलवार को जीसस इज लाइफ चर्च की ओर से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सड़क किनारे स्टॉल लगा कर ठंडा शरबत वितरण किया। दिल्ली रोड स्थित जैन मंदिर के पास संस्था के सदस्य शुभम राजपूत और शक्ति सक्सेना के नेतृत्व में उनकी टीम ने शरबत वितरण किया। कड़ी धूप में रोड पर चल रहे राहगीरों और ऑटो व रिक्शा चालकों को शरबत पिलाया गया। आयोजन में शुभम राजपूत, उज्जवल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

एडीएम प्रशासन ने दो डंपर और एक जेसीबी सीज की, हड़कंप

संवाददाता मैनाठेर

अमृत विचार: एडीएम प्रशासन ने खनन माफिया पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर व एक जेसीबी को सीज कर दिया। इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया।

मामला मैनाठेर क्षेत्र के इलाके का है। जहां पर कई दिनों से डंपर और जेसीबी के माध्यम से मिट्टी के अवैध खनन का कार्य किया जा रहा था। एडीएम प्रशासन एवं खनन इंस्पेक्टर ने सोमवार की देर रात खनन माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर और एक जेसीबी को कब्जे में लिया है। बताया जा रहा है मैनाठेर इलाके में काफी समय से खनन माफिया मिट्टी उठाने का काम कर रहे थे। इतना ही नहीं पुलिस प्रशासन द्वारा दो डंपरों एवं एक जेसीबी को तो थाने में लाकर खड़ा कर दिया। थाना प्रभारी सर्वेंद्र शर्मा ने बताया कि खनन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपरों व एक जेसीबी को सीज कर दिया गया है। वहीं इस कार्रवाई से खनन माफियाओ में हड़कंप मचा हुआ है।

कालेज के बाहर से बाइक चोरी का वीडियो वायरल

मैनाठेर, अमृत विचार : डींगरपुर स्थित हबीबी इंटर कालेज के बाहर बाइक को चोरी करते हुए चोर की वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गई। मंगलवार को डींगरपुर स्थित हबीबी इंटर कालेज के बाहर गेट पर कुछ बाइक खड़ी थी। गेट पर खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। वीडियो में देखा जा रहा है कि एक युवक डींगरपुर से स्कूल के तरफ आता दिखाई दे रहा है। चोर स्कूल के बाहर खड़ी इस बाइक को उठा कर ले जाना लगा। बाइक चोरी की यह घटना स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के कैद हो गई।

कार सवार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

मैनाठेर, अमृत विचार: मुरादाबाद-संभल रोड पर डींगरपुर चौराहे के पास गलत दिशा से जा रही कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मैनाठेर थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद सुभान पुत्र छोटे मिस्त्री तहरपुर की तरफ से अपने घर वापस आ रहा था। मुरादाबाद-संभल रोड पर देर शाम डींगरपुर की साइड से जा रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार सुभान को टक्कर मार दी। हादसे में सुभान बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की, लेकिन परिवार और गांव वालों ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर युवक के शव को परिवार को सौंप दिया।

रेलवे में लोडिंग व अनलोडिंग का काम करेंगी नई किलस्टर मशीन, ट्रायल जारी

लगेज कोच से सामान उतारने-लादने में होगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: ट्रेन के लगेज कोच में सामान उतारने-लादने में रेलकर्मियों को अब मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। कारोबारियों का भारी भरकम सामान ले जाने के लिए नई मशीन मददगार होगी। लोडिंग-अनलोडिंग का काम नई किलस्टर मशीन करेगी। यह मशीन एक बार में लगभग तीन टन बोझ उठाने में सक्षम है। मशीन से अभी सामान रखने और उतारने का ट्रायल चल रहा है।

रेलवे में पार्सल पोर्टर भारी भरकम सामान को कार्यालय से संबंधित ट्रेन के एसएलआर (लगेज कोच) तक लाने ले जाने का काम करते हैं। भारी भरकम सामान, पेटियां आदि सामान को उठाने और प्लेटफार्म तक रखकर वहां से हटाकर पार्सल दफ्तर तक पहुंचाने का काम करते हैं। ट्रेन संचालन के भीतर सामान को ढोना और बाहर निकालने में तेजी दिखानी पड़ती है, लेकिन उम्र दराज पोर्टरों के लिए अब सामान उतारना ढोना एकदम आसान नहीं है, लेकिन अब सामान ले जाने के लिए नई मशीन सुविधाजनक बनेगी।

मुरादाबाद में पार्सल पोर्टरों से बोझ कम करने को नई मशीन कारगर साबित होगी। रेल प्रशासन का मानना है कि स्टेशन पर ज्यादातर पार्सल पोर्टर अब बड़ी उम्र के है। इस दौरान भारी भरकम सामान ले जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता है।

नई किलस्टर मशीन पार्सल लगेज को ले जाने में सहायक बनेगी। गाड़ी नुमा मशीन को चालक किसी भी एसएलआर तक आसानी से ले जा सकेगा। जहां पोर्टर कोच में रखने और उतारने का काम करेंगे। वहीं मुरादाबाद में पार्सल पोर्टर केवल 28 हैं। ग्रुप डी में शामिल 1995 में भर्ती के दौरान पोर्टरों की संख्या 160 थी, लेकिन नई भर्ती न होने से पोर्टरों की संख्या घट रही है। जबकि नई गाड़ियों के संचालन से इन पर काम का बोझ बढ़ रहा है। अगले महीने एक और पोर्टर के सेवानिवृत्ति से यह संख्या और कम हो जाएगी।

हरिद्वार और बरेली में हुआ ट्रायल

मुरादाबाद, अमृत विचार : पार्सल पोर्टर पर बोझ डालने की बजाय मशीन से आसानी से सामान की लोडिंग अनलोडिंग की प्रक्रिया को आसान बनाया जा रहा है। रेलवे ने इस मशीन से हरिद्वार और बरेली में ट्रायल भी किया। रेल प्रशासन का मशीन से ट्रायल तकरीबन सफल रहा। रेलवे का कहना है कि मशीन के संचालन की मंजूरी मिली तो इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुनिंदा स्टेशनों से शुरू किया जाएगा।

> पार्सल कार्यालय और ट्रेन के एसएलआर कोच से सामान की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए नई मशीन से ट्रायल किया जा रहा है। इसकी मंजूरी के बाद नई मशीन को विभिन्न स्टेशनों पर रखा जाएगा। इससे पार्सल पोर्टरों का काम आरामदायक और सुविधाजनक होगा।
> – **आदित्य गुप्ता,** सीनियर डीसीएम

रामगंगा विहार उपकेंद्र पर बिजली कटौती पर उपभोक्ताओं का हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

बीसीबी मशीन में फाल्ट से तीन घंटे गुल रही पांच हजार उपभोक्ताओं की बिजली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: फाल्ट और बिजली कटौती को लेकर एक महीने से विद्युत निगम के अधिकारियों के सारे प्रयास विफल होते जा रहे हैं। सोमवार की रात रामगंगा विहार विद्युत उपकेंद्र में बीसीबी मशीन में फाल्ट होने से 3 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहीं। भीषण गर्मी में परेशान उपभोक्ताओं की उपकेंद्र पर भीड़ जुट गई और कोई आश्वासन न मिलने पर उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा कर रही भीड़ को काबू करने के लिए अधिशासी अभियंता को पुलिस तक बुलानी पड़ी। इस दौरान तीन घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं नवीन नगर, पीली कोठी, कमिश्नर कंपाउंड, चक्कर की मिलक, नया गांव अवंतिका कॉलोनी में रात भर बिजली आपूर्ति आती जाती रही। लोगों को रात में बिजली की आवाजाही से परेशानी को सामना करना पड़ा।

विद्युत उपकेंद्र रामगंगा विहार में सोमवार की रात साढ़े नौ बजे बीसीबी मशीन में हीट होने के कारण फाल्ट हो गया। जिससे मशीन अगले दिन तक सही नहीं हो सकी।

साढ़े दस बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने पर सैकड़ों उपभोक्ताओं की भीड़ विद्युत केंद्र पर जमा हो गई। काफी प्रयास के बाद भी बिजली आपूर्ति सुचारू न होने पर वहां मौजूद उपभोक्ताओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख वहां मौजूद अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय शैलेंद्र सिंह को पुलिस बुलानी पड़ी।

मौके पहुंची पुलिस को देख हंगामा करने वाले लोग शांत हो गए। इस बीच रात साढ़े बारह बजे तक फाल्ट सही नहीं हो पाया। बिजली कर्मचारियों ने 12 बजे दूसरे फीडर से रामगंगा विहार की बिजली आपूर्ति सुचारू की। जिससे 3 घंटे बाद उपकेंद्र से जुड़े 5 हजार उपभोक्ताओं की बिजली व्यवस्था सुचारु हो सकी। वहीं नवीन नगर, पीली कोठी, कमिश्नर कंपाउंड, चक्कर की मिलक, नया गांव अवंतिका कॉलोनी के रहने वाले 7 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति रात कई बार एक से दो घंटे के लिए बाधित रही। वहां रहने लोगों का कहना है कि पिछले दस दिन से बिजली आवाजाही से घरों में वैकल्पिक व्यवस्था में इनवर्टर के बैटरे भी खराब होने की ओर है। महानगर के बड़े कारोबारी भी बिजली विभाग को बिलों की बड़ी धनराशि देने के बाद भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

रामगंगा विहार विद्युत केंद्र पर बीसीबी मशीन में हुआ फॉल्ट।

> रात में रामगंगा विहार विद्युत केंद्र पर बीसीबी मशीन खराब हो गई। काफी प्रयास के बाद भी मशीन सही नहीं हो सकी। बढ़ती गर्मी से लोगों को परेशानी न हो इसलिए अभी फिलहाल रामगंगा बिहार के फीडर को दूसरे फीडर से जोड़ दिया गया। मशीन ओवरलोड होने के कारण फुंकी है।
> –**शैलेंद्र सिंह,** अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय

दिक्कत

- **बिजली गुल रहने से लोगों को गर्मी में झेलनी पड़ी परेशानी**
- **नवीन नगर, पीलीकोठी व नया गांव में बाधित रही आपूर्ति**

ट्रैक्टर का बैटरा चोरी करने वाले को सजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : चोरी के मामले में न्यायालय एफटीसी-3 विमल वर्मा ने मंगलवार को अभियुक्त सुरेंद्र पुत्र महेंद्र सिंह को एक वर्ष एक माह का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इसे विरुद्ध 2,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मधु रानी ने बताया कि अभियुक्त सुरेंद्र मझोला थाना क्षेत्र में भोला सिंह की मिलक का रहने वाला है। सुरेंद्र पर आरोप था कि इसने 16 मार्च 2020 को अगवानपुर शुगर मिल के पास से ट्रैक्टर का बैटरा चोरी किया था। यह घटना सत्य पाई गई और अभियुक्त को सजा मिली है। इस मामले की विवेचना सिविल लाइन थाने के दरोगा संदीप कुमार ने की थी।

पिता-पुत्र समेत तीन पर मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला के लोधीपुर जवाहरनगर निवासी विपिन की तहरीर पर पुलिस ने उसी गांव राजवीर, उसके भाई डालचंद्र और बेटे विक्रम के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। विपिन का कहना है कि उन्होंने अपने प्लाट पर काम कराया था। उसी दौरान तीनों आरोपी वहां आए और गाली-गलौज के बाद मारपीट की।

दबंगों ने घर में घुसकर पिता और पुत्री को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : छजलैट थाना क्षेत्र के गांव चंगेरी में दबंगों ने घर में घुसकर युवती और उसके पिता पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया है। युवती का आरोप है कि हमलावरों ने उसके साथ अश्लीलता और छेड़खानी भी की है।

पीड़िता का आरोप है कि इस मामले में उसने छजलैट थाने में तहरीर दी थी। लेकिन, सुनवाई नहीं हुई फिर उससे दूसरा प्रार्थना पत्र देने को कहा गया। इसके बाद एनसीआर दर्ज करने की कार्रवाई हुई। थाने से संतुष्ट न होकर युवती मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची थी, जहां उसने एसएसपी को आपबीती बताई। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि थाना स्तर से कार्रवाई न होने पर आरोपियों के हौसले बढ़े हैं। वह लोग उसे और उसके पिता को लगातार जान से मारने और अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि घटना 17 मई दोपहर 3 बजे के समय की है। गांव के ही चार लोग एक राय होकर उसके घर में घुस आए थे। इन सभी के हाथों में लोहे की सरिया और लाठी-डंडे थे। आरोपियों ने घर में घुसते ही युवती को पकड़ लिया, जब उसने शोर मचाया तो उसके पिता घर के कमरे से बाहर आए। घर में बेटी से छेड़छाड़ कर रहे गांव के लोगों को देख एक पल के लिए भयभीत हो गए। फिर उन्होंने आरोपियों के हाथ से बेटी को छुड़ाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया। इसमें वह घायल हो गए थे, उनके सर से खून निकलने लगा था। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता के सिर में तीन टांके लगे हैं। उनके होंठ में भी चोट आई है। पीड़िता ने बताया कि उसका और उसके पिता का सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण हुआ है। लेकिन, थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। उधर, एसएससी हेमराज मीना ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर छजलैट थानाध्यक्ष को तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

आरोप

- **थाने पर नहीं हुई सुनवाई तो एसएसपी से की शिकायत**
- **एसएसपी ने छजलैट थानाध्यक्ष को दिया कार्रवाई का आदेश**

उप प्रधानाचार्य के विरुद्ध एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मझोला थाना पुलिस ने उप प्रधानाचार्य पर छात्र के साथ मारपीट कर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। यह प्राथमिकी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर और पीड़ित छात्र की मां की तहरीर पर दर्ज की है।

नया गांव गागन निवासी कविता राघव पत्नी रिंटू राघव प्राइवेट नौकरी करती हैं। कविता ने बताया कि उनका बेटा प्रिंस राघव (14) लाकड़ी स्थित निजी स्कूल में कक्षा-7 का छात्र था। 14 फरवरी को प्रिंस राघव ने घर आकर बताया कि उसने स्कूल में उप प्रधानाचार्य शबाबुल आलम को एक महिला अध्यापक के साथ जीने पर आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। जिसके बाद शबाबुल आलम ने उसे बहुत मारा। आरोप है कि छात्र से शबाबुल आलम ने स्कूल आने से रोक दिया था। छात्र की मां ने बताया, उनका बेटा काफी होनहार था और कक्षा में मॉनीटर था। इसलिए उसे काफी समझाया कि तुम अपनी पढ़ाई पर ध्यान दो और मैं स्कूल में बात कर लूंगी। आरोप है कि अगले दिन जब छात्र प्रिंस स्कूल गया तो आरोपी उप प्रधानाचार्य शबाबुल आलम ने फिर उसकी पिटाई कर दी। साथ ही धमकी दी कि चुपचाप बैठे रहना यदि किसी से कुछ कहा तो तेरा बुरा हाल कर दूंगा। जिसके बाद छात्र घर आया और 15 फरवरी 2024 को ही दोपहर करीब 3 बजे गले में फंदा लगाकर छत के पंखे से लटक कर जान दे दी थी।

कविता राघव ने पुलिस को यह भी बताया है कि मौत और बेटे के घर आने से पहले जब वह स्कूल में मौजूद था तो उसके मोबाइल पर शबाबुल आलम ने कई बार कॉल की थी। जबकि, उस समय छात्र प्रिंस राघव स्कूल में ही था। पीड़िता ने बताया कि इस मामले में पुलिस में शिकायत की। लेकिन, उनकी सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट में अर्जी लगाई, जहां से एफआईआर के आदेश हुए हैं। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी शबाबुल आलम के खिलाफ मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है।

- **छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का लगाया आरोप**
- **छात्र ने महिला शिक्षक के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा था**

बीमा अभिकर्ता की कार का शीशा तोड़ा, मारपीट भी की

मुरादाबाद, अमृत विचार : जान से मारने की कोशिश करने वाले के विरुद्ध पीड़ित बीमा अभिकर्ता ने मैनाठेर थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है। यह मामला डींगरपुर में पाकबड़ा मोड़ का है। इस मामले में पीड़ित ने हमला करने वाले फरहान को नामजद किया है। गुरेर गांव के मोहम्मद नासिर ने बताया कि वह फाइनेंस का काम करते हैं। 19 मई के दिन दोपहर करीब 3.30 बजे डींगरपुर पाकबड़ा मोड़ के पास खड़े थे। वहीं पर फरहान पुत्र शमीम निवासी डींगरपुर आ गया और उनसे गाली-गलौज करने लगा था। विरोध करने पर आरोपी ने उनकी कार पर सामने से डंडा मार दिया, इससे उनकी कार का सामने का शीशा भी टूट गया। आरोपी ने मोहम्मद नासिर पर डंडे से वार कर दिया। इससे उनके चोट आई।

हाईवे पर पौधों को पानी दे रहे टैंकर से टकराया ट्रक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हाईवे पर एनएचएआई के पानी वाले टैंकर काल बनने लगे हैं। यह सुरक्षित यातायात में बड़ी बाधा बनकर सामने आ रहे हैं। अभी 9 मई को भी पाकबड़ा जीरो प्वाइंट पास डीसीएम पानी के टैंकर में टकराई थी और उसमें डीसीएम चालक अंसार (37) पुत्र इलियास की मौत हो गई थी। इसके बाद भी एनएचएआई नहीं चेता और नतीजा ये हुआ मंगलवार को फिर एक हादसा हो गया। हाईवे पर पाकबड़ा में नीम करौली आश्रम के पास पानी के टैंकर में ट्रक टकरा गई। हादसे में घायल चालक को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा है। इसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

घटनास्थल पर प्रभारी निरीक्षक यातायात अनुराधा सिंघल अपनी टीम के साथ पहुंची थीं। इनके साथ मौजूद हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह, राजकुमार और होमगार्ड नवल व सुनील ने रेस्क्यू कर क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसे चालक भगवत सरन पुत्र विजय पाल को सुरक्षित बाहर निकाला। चालक बरेली जिले में नवाबगंज तहसील के गांव पनवढ़िया परतीतपुर का रहने वाला है। इसे तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है। उधर, प्रभारी निरीक्षक यातायात ने हाईवे पर एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम को खबर कर तुरंत क्रेन मंगाई और क्षतिग्रस्त ट्रक को मार्ग से किनारे कराया। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से भाग गया था। प्रभारी निरीक्षक यातायात ने बताया कि ट्रक दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर रामपुर की तरफ जा रहा था। पाकबड़ा कस्बे के समीप नीम करौली आश्रम के सामने हाईवे के डिवाइडर पर लगे पौधों को टैंकर से पानी दिया जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई ट्रक टैंकर में टकरा गई। ट्रक के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि वह और उनकी टीम हाईवे पर राउंड ले रही थी, उसी दौरान एक बाइक सवार राहगीर ने उन्हें रोककर हादसे की खबर दी थी।

मौके पर मौजूद टीआई अनुराधा सिंघल। ● अमृत विचार

- **नौ मई को भी एनएचएआई के पानी वाले टैंकर से हुआ था हादसा, चालक की गई थी जान**

अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस | मेहमानों की आवभगत के साथ ही रोजगार का माध्यम भी बनी है चाय

पानी के बाद दुनिया का सबसे सर्वाधिक पेय पदार्थ है चाय

धर्मेंद्र सिंह, मुरादाबाद

अमृत विचार: चाय दुनिया का पानी के बाद सबसे ज्यादा पिया जाने वाला पेय पदार्थ है। शायद ही कोई घर ऐसा हो जहां दिन की शुरुआत चाय से न होती हो। भले ही वो अपनी पसंद की चाय पीते हों जैसे, दूध वाली चाय, ब्लैक टी, ग्रीन टी, रोज टी, लेमन टी, तुलसी टी। हर साल 21 मई को विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया मनाया जाता है।

मुरादाबाद महानगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में हर प्रमुख चौक चौराहे, रेलवे स्टेशन, रोडवेज पर वर्षों पुरानी चाय की दुकानें आज भी उपलब्ध हैं। महानगर में लगभग हर प्रमुख बाजार और चौक चौराहों में कुछ स्थानों पर चाय की दुकान 24 घंटे खोली जाती हैं। बड़े होटल व रेस्टोरेंट में लोग अब चाय के नये-नये तरीकों से बनी ड्राई फ्रूट चाय, कुल्लड़ चाय, तुलसी चाय, लैमन चाय की चुस्की लेते लोग देखे जा सकते हैं।

मुरादाबाद महानगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में हर प्रमुख चौक चौराहों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज पर वर्षों पुरानी चाय की दुकानें आज भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा नगर के बड़े रेस्टोरेंट में अलग-अलग फ्लेवर में जैसे ड्राई फ्रूट चाय, कुल्हड़ चाय, तुलसी चाय, लेमन चाय की चुस्की लेते लोग देखे जा सकते हैं। साथ ही जिले की सीमाओं पर भी कई ढाबों पर सुट्टा चाय और मक्खन वाली चाय का चलन चलने लगा है।

महज एक कप चाय इंसान को दिमागी राहत देने के लिए काफी है। प्रधानमंत्री ने विश्व चाय दिवस मनाने की पहल की थी। जिसे अब विश्व स्तर अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जा रहा है। मुरादाबाद में कई ऐसे लोग मिसाल हैं, जिन्होंने अपनी कई पीढ़ियों का पालन पोषण महज चाय की दुकान से किया है।

2015 से शुरुआत हुई अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस की : पहले चाय का उत्पादन करने वाले इस दिन को 15 दिसंबर को मनाते थे। लेकिन, वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के माध्यम से आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ में रखा गया। जिसको 21 दिसंबर 2019 को मान्यता दी गई। 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस घोषित कर दिया गया। जिसके बाद 21 मई 2020 में पहली बार अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस (इंटरनेशनल टी डे) मनाया गया।

रेलवे स्टेशन के सामने दुकान पर चाय बनाता युवक। ● अमृत विचार

100 साल पुराना है शर्मा टी स्टॉल

रेलवे स्टेशन के सामने शर्मा टी स्टॉल 100 साल पुराना है। कुछ लोग आज भी अपनी रिश्तेदारों में आते हैं तो यहां की चाय का आनंद लेना नहीं भूलते। उनसे बात करने में पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं। 40 वर्ष से दुकान चला रहे शिवदत्त शर्मा के मुताबिक उनकी दुकान 100 वर्ष पुरानी है। इनकी उम्र 58 वर्ष है। इस दुकान की इनके पिता व दादा ने शुरुआत की थी। हमारे पूरे परिवार का पालन पोषण चाय दुकान ही हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले कुल्हड़ में चाय पीने का आनंद कुछ और था। लेकिन, बीच में काफी साल पहले सरकार ने कुल्हड़ बंद करा दिए। तब से शीशे के गिलास में चाय बिकनी शुरू हुई थी।

पाकबड़ा के बॉबी टी स्टॉल के मुरीद हैं लोग

पाकबड़ा निवासी रामचंद्र सैनी करीब 26 से 27 साल पहले चाय की दुकान चलाया करते थे। तभी से लोग उनकी चाय के मुरीद हो गए थे। उसके बाद चाय की दुकान की जगह एक दो बार बदल गई लेकिन, लोगों ने उन्हें ढूंढ-ढूंढ कर उन्हें की ही चाय पीना चाहा। उनके के बाद बेटे बॉबी ने चाय की दुकान संभाली तब से लेकर कर अब तक वह दुकान चला रहे हैं। उनके साथ में उनके बेटे अजीत भी उन्हीं की तरह चाय बनाने सीख गए हैं।

मादक पदार्थ की तस्करी में तीन को कठोर कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में तीन अभियुक्तों बाबू उर्फ अब्दुल कादिर, अच्छन बेग और रोहित को न्यायालय ने सजा सुनाई है। इसमें चक्कर की मिलक निवासी अभियुक्त बाबू उर्फ अब्दुल कादिर पुत्र रमजानी को न्यायालय एडीजे-7 मनीष कुमार ने सात माह 15 दिन के कठोर कारावास के साथ ही 3,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जबकि अभियुक्त अच्छेन बेग पुत्र पुत्तन निवासी जहाज वाली बिल्डिंग बरबलान थाना मुगलपुरा को न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन मुनींद्र पाल सिंह ने जेल में बिताई गई अवधि (पांच दिन) व 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीलम वर्मा ने बताया कि अभियुक्त बाबू उर्फ अब्दुल कादिर को 13 दिसंबर 2018 को सिविल लाइन थाने के दरोगा प्रेमपाल सिंह ने चक्कर की मिलक से ही गिरफ्तार किया था। इसके पास से उन्होंने 12 ग्राम स्मैक बरामद की थी। दूसरी तरफ एपीओ विजय कुमार ने मादक पदार्थ की तस्करी के अभियुक्त अच्छन बेग के मामले में बताया कि इसे 2 अप्रैल 2018 को मुगलपुरा थाने के दरोगा नाशिद अली ने राशिद बिरयानी सेंटर मुहल्ला बरबलान से गिरफ्तार किया था। इसके पास दरोगा ने 100 ग्राम चरस बरामद की थी। उधर, दूसरी तरफ मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में न्यायालय एडीजे-7 मनीष कुमार ने मंगलवार को अभियुक्त रोहित को एक वर्ष चार माह का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 3,000 रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

एक नजर

बार बालाओं का डांस कराने वालों पर रिपोर्ट

डिडौली. अमृत विचार : बार बालाओं का डांस करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दरअसल एक दिन पहले ही बार बालाओं के डांस के दौरान नोट उड़ाने का वीडियो वायरल हुआ था। सोमवार को सोशल मीडिया पर बार बालाओं के डांस का वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया था। वीडियो में बार बालाओं पर कुछ युवक नोट उड़ाते दिख रहे थे। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने इसकी जांच पड़ताल की। वायरल वीडियो क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नूरी का निकला। इसके बाद पुलिस की जांच में सामने आया कि गांव निवासी हाशम ने अपने बेटे की शादी में पड़ोसी परवेज की शादी में मिलकर बिना अनुमति डांस पार्टी का आयोजन किया था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी हाशम, खिलाफत व परवेज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

वांछित आरोपी पकड़ा गया

रहरा, अमृत विचार : पुलिस ने वांछित आरोपी सोनू पाल पुत्र विक्रम सिहं निवासी ग्राम सब्दलपुर सुमाली को गिरफ्तार कर लिया।

मजदूर के घर में लगी आग, सामान जला

सैदनगली, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बिजनौरा में एक व्यक्ति के घर में आग लग गई। उसके घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बिजनौरा गांव में मजदूर सतीश का परिवार रहता है। उसने बताया कि रात्रि में जब वह अपने परिवार के साथ अपने मकान में सो रहा था। इसी बीच उसके मकान में आग लग गई। इससे अनाज, कपड़े, लकड़ी, छप्पर जल गया। उसने इस बात की जानकारी थाने में दी है।

अमरोहा का नाम बदलने की उठाई मांग, ज्ञापन

अमरोहा, अमृत विचार : ऑल इंडिया सैनी सभा के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अमरोहा का नाम ज्योतिबा फुले नगर रखने की मांग की है। मंगलवार को सभा के जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी अपने समर्थकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि अमरोहा का नाम बदलकर ज्योतिबा फुले नगर रखा जाए। इस मौके पर फूल सिंह, गोकल सिंह, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

किताबें, कर्मचारी, फर्नीचर न होने से नहीं हो रहा संचालन

421 पंचायतों की लाइब्रेरियों में सुविधाओं का अभाव, छात्रों को नहीं मिल रहा लाभ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले के छह ब्लॉक क्षेत्रों में बनाई गई 421 लाइब्रेरियों में अव्यवस्था होने से वे संचालित नहीं हो पा रही है, जबकि शासन के निर्देश पर 155 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। अव्यवस्था के कारण ही लाइब्रेरी में छात्र छात्राएं नहीं जा पा रहे हैं।

जिला पंचायत अधिकारी पारूल सिसोदिया ने मंगलवार को बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के 421 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी को खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन लाइब्रेरी में कहीं पर कर्मचारी नहीं तो कहीं फर्नीचर नहीं हैं। कुछ ग्राम पंचायतें इतनी छोटी बनाई हुई हैं कि वहां लाइब्रेरी के लिए जगह ही नहीं

बंद पड़ा ग्राम पंचायत सचिवालय।

हैं। इस तरह की तमाम अव्यवस्थाओं के कारण ग्राम पंचायतों में खोली गई लाइब्रेरी सही से संचालित नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश शासन के निर्देश पर 155 ग्राम पंचायतों में और लाइब्रेरी खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में खोली गई लाइब्रेरी को सुधारने के लिए ब्लॉक के पास बजट तक नहीं हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों में खोली जाने वाली लाइब्रेरी से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र छात्राओं का कैसे भला सकेगा। उधर, मुख्य विकास अधिकारी अश्श्वनी कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता के हटने के साथ लाइब्रेरी में किताबों की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में अवस्थाओं को जल्द दूर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी की कमी के कारण ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने से वंचित नहीं रहना पढ़ेगा। प्रतियोगिता और परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी लाभ मिलेगा।

तैयारी

- **155 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरियां और खोलने की तैयारी, परीक्षाओं की तैयारी में होगी सुविधा**

बिजली आपूर्ति में सुधार न होने पर होगा आंदोलन

हसनपुर, अमृत विचार: राष्ट्रीय लोकदल रूहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी एडवोकेट ने नगर में बिजली व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर में पूरा दिन बिजली नहीं आती। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गो को घरों में भीषण गर्मी व पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है।

मोहल्ला कायस्थान, कोट पश्चिमी, महल, बरवंडान में बिजली का समस्या है। इसकी शिकायत 1912 पर भी की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को पूरा दिन इन मोहल्लों में बिजली नहीं आई। मुजाहिद चौधरी ने कहा कि अगर बिजली व्यवस्था और कम वोल्टेज की समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

बेटी के घर गए मजदूर का शव पेड़ पर लटका मिला

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : बेटी की सुसराल जाने को घर से निकले मजदूर का शव दो दिन बाद तालाब किनारे पेड़ के सहारे फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव पेड़ से नीचे उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

यह मामला गांव इकौंदा का है। यहां मजदूर 52 वर्षीय इस्लाम का परिवार रहता है। उनका इकलौता पुत्र सउदी अरब में रहता है। परिवार में पत्नी अकीला व दो बेटियां हैं। दोनों बेटियां की शादी हो चुकी है। बताया गया कि सोमवार सुबह इस्लाम अपनी बड़ी बेटी की ससुराल गांव तेलीपुरा के लिए घर से कहकर निकले थे। लेकिन वह बेटी के घर नहीं पहुंचे और न ही कहीं मिले। इसके बाद परिजनों को उनकी चिंता हुई तो उन्होंने उन्हें ढूंढने का प्रयास किया। इस बीचा किसी ने बताया कि सोमवार शाम उनको जोया में घूमता देखा गया था। लेकिन इसी बीच मंगलवार सुबह गांव के ही निवासी जुल्फिकार अपने खेत पर सिंचाई करने पहुंचे तो उन्होंने खेत के पास ही तालाब किनारे शीशम पेड़ के सहारे फंदे पर इस्लाम का शव लटका देखा। सूचना के बाद मृतक की पत्नी व परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मृतक के पैर जमीन से टिके हुए थे। सूचना के दो घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मजदूर सोमवार सुबह से लापता था। उसका शव पेड़ से लटका मिला है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है।

नगर क्षेत्र में जुलाई में लगेंगे 1500 पौधे

हसनपुर, अमृत विचार: पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से जुलाई के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद की ओर से 1500 पौधे लगाए जाएंगे। पालिका प्रशासन ने पौधरोपण करने के लिए स्थान का चयन करना शुरू कर दिया है। सरकार की ओर से प्रदेश में हरियाली लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष वन महोत्सव के अंतर्गत करोड़ पौधे लगाए जाते हैं। विभागों को पौधे लगाने का लक्ष्य दिया जाता है। इसकी निगरानी के लिए शासन की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं। इस बार एक जुलाई से सात तक पूरे प्रदेश में वन महोत्सव मनाया जाएगा। हसनपुर नगर पालिका को 1500 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि लक्ष्य के आधार पर पौधरोपण किया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

पिकअप पलटने से युवक की मौत

नौगांवा सादात क्षेत्र में धनौरा मार्ग पर हुआ हादसा, कई घायलों को भर्ती कराया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में धनौरा मार्ग पर पिकअप वाहन पलटने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान सुरेंद्र ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

गांव हादीपुर कला निवासी सुरेंद्र सिंह (35) सोमवार को अपने घर से धनौरा जाने के लिए निकला था। बताया गया कि जब वह शाम को धनौरा से पिकअप में बैठकर अपने गांव लौट रहा था तब रास्ते में पिकअप के चालक का संतुलन बिगड़ गया। इससे पिकअप सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई। इस हादसे में सुरेंद्र सहित कई लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों को निजी अस्पताल में ले जाया गया। परिजनों ने बताया कि निजी अस्पताल के डाक्टरों ने सुरेन्द की हालत चिंता जनक होने पर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। मंगलवार सुबह परिजन सुरेन्द्र को उपचार के लिए मुरादाबाद ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

मृतक के पिता विक्रम सिंह ने बताया कि सुरेंद्र चार भाइयों में मझला था। वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। पत्नी रीता और 3 वर्ष का बेटा आलोक हैं। बताया कि वह पीडब्लूडी विभाग में कार्यरत थे। छह माह पहले ही रिटायार्ड होने के बाद घर पर ही खेतीबाड़ी करते हैं।

बदायूं से दवा लेने अमरोहा आए मजदूर को अज्ञात वाहन ने कुचला, जान गई

डिडौली (अमरोहा), अमृत विचार : बदायूं से अमरोहा दवा लेने आए युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। रोडवेज की बस से उतरते ही सोत नदी पुल के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह हादसा मंगलवार सुबह जोया में हुआ। दरअसल, रोडवेज की बस से उतरकर सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसकी जेब से मिली पर्ची से उसकी शिनाख्त अरुण कुमार सिंह (50) वर्ष पुत्र महेंद्र सिंह निवासी मुझियाना थाना बिनावर जनपद बदायूं के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने बताया कि अरुण मजदूर था। वह काला पीलिया की दवा लेने अमरोहा आ रहा था। सीओ सिटी अरूण कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन उसके शव को घर ले गए। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

बुरावली में क्षतिग्रस्त ट्रक।

टायर फटने से ट्रैक्टर-ट्राली से टकराया ट्रक

बुरावली, अमृत विचार : सीमेंट लदा ट्रक मंगलवार सुबह छह बजे हसनपुर रहरा मार्ग पर हसनपुर की ओर जा रहा था। ट्रक बुरावली ही पहुंचा था तभी टायर फट गया। इससे अनियंत्रित होकर ट्रक एक धर्म कांटे के निकट ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराया। ट्रक व ट्रॉली क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दोनों ट्रक चालक व ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। भीड़ ने घायल पप्पू व संजय को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इनकी हालत गंभीर है।

महिला नकद और जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार

हसनपुर, अमृत विचार : साहब! उसने कोर्ट मैरिज कर मुझे से पांच लाख रुपये लेकर गबन कर लिए और मुझे छोड़ कर चली गई। जब मैं उसे फोन कॉल करता हूं तो वह और उसका प्रेमी मुझे जान से मारने की धमकी देते हैं। थाना रहरा क्षेत्र के एक गांव निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग ने पुलिस क्षेत्राधिकारी के यहां शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है।

मंगलवार को रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी सुकराती ने पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय में शिकायती पत्र दिया। बताया कि कुछ वर्ष पूर्व थाना सैदनगली के एक गांव निवासी महिला से उसकी मुलाकात हुई थी और बाद में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली थी। इस दौरान महिला ने उससे पांच लाख रुपये ले लिए। पीड़ित से चार तोले सोने का जेवर भी ले लिया। इसके बाद आरोपी महिला अपने मायके जाने का बहाना करके चली गई। पीड़ित सुकराती ने बताया कि अब वह उसे फोन करता है तो वह और उसका प्रेमी उसे जान से मारने की धमकी देता है। इससे उसे खतरा है।

सार संक्षेप

चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

अमरोहा, अमृत विचार : रजबपुर थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मंगलवार को रजबपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो वाहन चोर बाइक लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों को रंगे हाथ दबोच लिया और उनके पास से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। पकड़े गए आरोपियों से थाने ले जाकर जब पूछताछ की गई, तो उन्होंने अपने नाम सविंदर और दीपू निवासी गांव गप्फारपुर बताए।

बाइक सवारों ने महिला के कान से सोने का कुंडल खींचा

गजरौला, अमृत विचार : ई-रिक्शा में सवार महिला से बाइक सवार लुटेरों ने सोने का कुंडल खींच लिया। शोर-शराबा होने पर भीड़ जमा हुई। लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। क्षेत्र के देहरा चक निवासी नरेंद्र की पत्नी मंजू सोमवार देर शाम किसी काम से गजरौला आई थीं। वह काम निपटाकर अपने घर वापस जा रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान शहर के फाजलपुर रेलवे फाटक के पास पीछे से आए दो बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर मंजू के कान का कुंडल खींच लिया। पीड़िता ने शोर मचाया तो मौके पर आसपास के भीड़ जमा हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसएलजे पब्लिक स्कूल में पूल पार्टी में मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

पूल पार्टी में बच्चों ने जमकर की मस्ती

बुरावली, अमृत विचार : क्षेत्र के एसएलजे पब्लिक स्कूल स्थित नॉलेज पार्क हाकमपुर में बच्चों ने पूल पार्टी में खूब धमाल मचाया। विभिन्न खिलौनों ने उनके आनंद को और बढ़ा दिया। बच्चों को लू से बचने के उपाय की जानकारी दी गई। बच्चों ने पानी से भरे पूल में जमकर मस्ती की। गेम्स खेले, गानों की धुन पर रेन डांस किया। सेल्फी पांइट पर बच्चों ने खूब फोटो खिंचवाए। स्कूल प्रबंधक संजय सिंह भाटी ने लू एंव गर्मी से बचने के टिप्स दिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य शिवानी त्यागी, रोहित पोसवाल, मनोज कुमार, गुंजन त्यागी, चंचल, नीरज आदि मौजूद रहे।

गांव पूरनपुर में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

पूरनपुर में सीसी रोड निर्माण में धांधली का आरोप

डिडौली, अमृत विचार : पूरनपुर में सीसी रोड निर्माण में मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग न करने और सड़क चौड़ीकारण को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। लोक निर्माण विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की। अमरोहा से मीरा सराय, कांकर सराय पूरनपुर होकर डिडौली को जोड़ने वाली 10 किलोमीटर सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। पूरनपुर में सीसी रोड का निर्माण किया गया। यहां ग्रामीणों का आरोप है कि सीसी रोड किनारे नाला निर्माण में मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं कराया जा रहा है। बनते समय ही नाला टूट रहा है। सड़क निर्माण के समय भी ग्रामीणों ने धांधली बाजी को लेकर संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी। लोग निर्माण विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन करने वालों में डॉ. होतेराम, राहुल, प्रभु सिंह, गनपत सिंह, जीशान, देवीदास, सोनू, मोनू, महिपाल सिंह, अमन सिंह, रिन्टू सिंह, अनिल कुमार, मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों की मदद से जड़ जमा रहा था सट्टा किंग

गजरौला, अमृत विचार : सट्टा किंग गंगा की गोद में स्थानीय लोगों की मदद से जड़ जमा रहा था। वही उसके एक साथी का भी नाम प्रकाश में आ रहा है। वह स्थानीय लोगों की मदद से सट्टा किंग रमेश चौरसिया को जमीन खरीदने की जानकारी देता था। शनिवार को मुंबई से आई आयकर विभाग की टीम ने गजरौला खादर क्षेत्र के छह गांवो में पहुंचकर ऑनलाइन सट्टा किंग रमेश चौरसिया की 15 सौ बीघा जमीन जब्त की थी। इसकी कीमत अरबों रुपये है। लेकिन टीम अभी और कई सबूत जुटाने में लगी है। ऑनलाइन सट्टा किंग रमेश ने स्थानीय लोगों की मदद से 1500 बीघा जमीन गजरौला खादर क्षेत्र में खरीद रखी है। इस पर आयकर विभाग की टीम ने बोर्ड लगाकर जब्त कर लिया। इस जमीन को न ही कोई बेच सकता है और न कोई खरीद सकता है। एसडीएम चंद्रकांता ने बताया कि मामले में सट्टा किंग के एक साथी का नाम प्रकाश में आ रहा है। लेकिन टीम अब गजरौला में नहीं है।

श्री मद्भागवत कथा सुनने से होता है कल्याण

कथा सुनाते कथा वाचक।

नौगावां सादात, अमृत विचार : गांव खेड़का में चल रहे श्री मद्भागवत कथा के चौथे दिवस मंगलवार को कथा में यश कृष्ण आचार्य ने श्री कृष्ण जन्म की लीला का वर्णन किया। कथा व्यास ने कका कि शुकदेव जी महाराज परिक्षित से बोले जब-जब धर्म की हानि हुई है, तब-तब प्रभु ने अवतार लेकर जगत का कल्याण किया है। सत्य सनातन की धुरी है। राम और कृष्ण का अस्तित्व इसी पर टिका है। सुखदेव कहते हैं कि हे परीक्षित यश-अपयश, लाभ-हानि, जीवन-मरण सब में ही हूं। उड़े अवीर गुलाल जैसे भजनों को सुन भक्त भावविभोर हो गए। झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। संगत और भक्ति मोक्ष के द्वार है।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी : कटारिया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जोया में स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में मंगलवार को पूण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को नमन किया गया। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि आज एक वीर सपूत राजीव गांधी का बलिदान दिवस है। देश में संचार क्रांति और कंप्यूटर क्रांति को बढ़ावा दिया। राजीव गांधी भारत में संचार क्रांति और कंप्यूटर क्रांति के जनक माने जाते हैं। इस मौके पर शहर अध्यक्ष फैज आलम राईनी, पीसीसी सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष सचिन चौहान, अनवर हुसैन, जीशान अली, राजकुमार, अरुण, सचिव उबैद आलम, मोहसिन अली, हरस्वरूप प्रधान, हाजी फहीम अहमद आदि रहे।

दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

नौगांवा सादात, अमृत विचार: नौगांवा सादात क्षेत्र में दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पीड़ित पक्ष को जान से मारने की दे रहा है। पहले पुलिस ने पीड़ित पक्ष को मामला दर्ज करानें में टरकाया और अब रिपोर्ट के बाद भी आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ पा रही है।

क्षेत्र के गांव का आरोपी का पिता होमगार्ड विभाग में तैनात है। उसके बेटे के संबंध पड़ोस की महिला से चल रहे थे। एक दिन वह उसे बहला फुसलाकर अपनी बाइक से अज्ञात स्थान पर ले गया और उसने अपने मोबाइल से उसका अश्लील वीडियो बनाया। यह वीडियो उसने अपने साथियों को वायरल कर दिया। पीड़िता ने थाने में शिकायत की लेकिन पांच दिन तक मामला नहीं किया गया। इसके बाद पीड़ित लोगों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया तो मामला दर्ज हुआ। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी को जल्द पकड़ा जाएगा।

बिजली टीम पर परेशान करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा देहात क्षेत्र में धनौरा उर्फ मुरादनगर स्थित बिजलीघर से जुड़े गांवों के उपभोक्ताओं को बिल वसूली अभियान के तहत चेकिंग के नाम पर परेशान किया जा रहा है। टीमें गांवों में हर रोज चेंकिंग कर लोगों पर बकाया बिल जमा करने का दबाव बना रही हैं। साथ ही उपभोक्ताओं के केबल काट दिए हैं। कुछ लोगों का आरोप है कि बिजलीकर्मी उन्हें कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं।

धनौरा उर्फ मुरादनगर स्थित बिजलीघर से धनौरा, अफजलपुर, धरौनी अहीर, कांकर सराय, मीरा सराय, डाईडेरा, पूरनपुर समेत करीब 40 गांव जुड़े हुए हैं। इन गांवों में एक सप्ताह से बिजली विभाग की टीमें लगातार चेकिंग कर रही हैं। बताया गया कि टीमों ने बकायेदारों के नामों की सूची जगह-जगह चस्पा कर दी है। साथ ही घरों पर जाकर बिल जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। कुछ लोगों के केबल काटकर आपूर्ति बाधित कर दी है। इससे गर्मी में बच्चे और बुजुर्ग परेशान हो रहे हैं। कांकर सराय में एक सप्ताह पहले केबल काटकर मजदूर अंजार के घर की बिजली आपूर्ति बाधित कर दी थी। बिजली नहीं मिलने से गर्मी में उसके मासूम बच्चे बीमार हो गए हैं।

इसके अलावा कई उपभोक्ताओं ने बिजली टीमों पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। कुछ लोगों का कहना है कि टीमें बिजली चेकिंग के नाम पर उनका शोषण कर रही हैं। लोगों ने विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस संबंध में जेई नीरज गुप्ता से फोन कॉल कर संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

65 लोगों के काटे कनेक्शन

अमरोहा, अमृत विचार : बिजली उपभोक्ताओं से वसूली के लिए चलाए गए अभियान के दौरान टीम ने 65 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। आठ लाख रुपये की वसूली की है। विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि बकायेदारों से वसूली के लिए मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 65 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। उन्होंने बताया कि इससे पहले सभी उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर बकाया बिल जमा करने के निर्देश दिए थे। लेकिन उन्होंने बिजली का बिल जमा नहीं किया। विभाग को अभियान चलाकर उनके कनेक्शन काटने पड़े।

- **केबल कटने से गर्मी में बच्चे और बुजुर्ग हो रहे बेहाल**

मौसम का प्रभाव तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा, अस्पतालों में मरीजों की भीड़

गर्मी से लोग बेहाल, सड़कों और बाजारों में सन्नाटा

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : पारा 41 के पार होते ही गर्मी प्रचंड हो गई, जिससे लोग बेहाल रहे। लू के थपेड़ों ने परेशानी बढ़ दी। सड़कें सुनसान रहीं और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। मंगलवार को दिन निकलते ही मौसम गर्म होने लगा था, दोपहर तक गर्मी तेज हो गई थी।

धीरे-धीरे गर्मी का स्तर बढ़ता जा रहा है। पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तो लोग बेहाल हो गए। गर्मी से बचने के लिए पेय पदार्थों का सेवन करते रहे। धूप से बचने के लिए सिर पर कैप, रुमाल और अंगोछा रखकर घर से बाहर निकल रहे थे। सुबह से ही गर्मी बढ़नी शुरू हो गई थी जो दोपहर तक भीषण हो गई। इस वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कें सुनसान हो गईं। गर्मी के कारण सड़कों पर वाहनों का आवागमन कम रहा।

गजरौला सीएचसी में लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

वाहनों में गर्मी के चलते बच्चे और बड़े बिलबिला गए। दिनभर बाजार में सन्नाटा रहा। शाम के समय गर्मी कम होने पर थोड़ी राहत महसूस हुई, इसके बाद बाजार में कुछ चहल-पहल जरूर हुई। सीएचसी प्रभारी डॉ. सतीश भास्कर ने लोगों से आह्वान किया कि गर्मी से बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें। डायरिया और बुखार होने पर नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचकर अपना उपचार कराएं।

तेज धूप और भीषण गर्मी लोगों को कर रही परेशान

गजरौला, अमृत विचार : रोजाना तेज धूप व गर्म हवा लोगों को झुलसा रही हैं। भीषण गर्मी के चलते लोग अब डायरिया का शिकार होने लगे हैं। सीएचसी में मरीजों का तांता लगा रहता है। रोजाना सात सौ से अधिक मरीज सीएचसी में पहुंच रहे हैं। इस गर्मी में बच्चे सबसे ज्यादा डायरिया का शिकार हो रहे हैं। मंगलवार को भी तेज धूप व गर्म हवा ने लोगों को झुलसा दिया। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सीएचसी में मंगलवार 720 मरीज इलाज के लिए आए। वहीं 10 से अधिक बच्चे डायरिया के शिकार होकर इलाज कराने के लिए पहुंचे। बढ़ते डायरिया के कारण लोग खासे परेशान हो गए हैं। चिकित्साधीक्षक डॉ.योगेन्द्र ने बताया कि गर्मी से बचने के लिए घरों में रहें।

बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोपी तहेरा भाई गिरफ्तार, जेल भेजा

संवाददाता, सैदनगली (अमरोहा)

अमृत विचार : कस्बे के एक मोहल्ले में सोमवार दोपहर शादीशुदा तहेरे भाई ने पांच वर्षीय बहन को अपने घर में ले जाकर दुष्कर्म किया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और अन्य लोग वहां पहुंचे। गंभीर हालत में पुलिस ने मासूम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार को बच्ची अपने घर पर थी। उसकी मां साप्ताहिक बाजार से कपड़े लेने गई थी। परिवार के अन्य लोग भी काम पर गए थे। इस दौरान घर के बराबर में रहने वाले 25 वर्षीय शादीशुदा तहेरे भाई ने उसे आवाज देकर घर बुला लिया। उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इससे बच्ची की हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ती देख आरोपी मौके से फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। थानाध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अपराध

- **बच्ची की हालत गंभीर, पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया**
- **सैदनगली कस्बे के एक मोहल्ले की घटना, रिपोर्ट दर्ज कराई**

एक नजर

लेखपाल का रुपये लेते वीडियो वायरल

गुन्नौर अमृत विचार : तहसील में तैनात एक लेखपाल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह ग्रामीण से रुपये लेते हुए दिखाई दे रहा है। गांव मढ़ावली निवासी कोमल सिंह का कहना है कि गांव के कुछ लोग उसकी भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे थे। आरोप लगाया कि भूमि की पैमाइश के नाम पर लेखपाल ने पहले 10 हजार ले लिए। उसके बाद 50 हजार और ले लिए लेकिन भूमि पर कब्जा होने से नहीं रोका। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

एसडीएम ने सील कराया अवैध अस्पताल

गुन्नौर अमृत विचार : एसडीएम ने सीएचसी अधीक्षक के साथ छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील करा दिया। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई। मंगलवार शाम को एसडीएम रमेश बाबू ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बदायूं रोड पर स्थित नेशनल क्लीनिक पर छापेमारी करते हुए कार्रवाई कराई। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डा. पवन सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर क्लीनिक सील करने की कार्रवाई हुई है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला ख्वास खाँ सराय निवासी अब्दुल करीम मुहल्ला दिल्ली दरवाजा में किराए पर खाद बीज की दुकान चलाते थे। कुछ दिन पहले अब्दुल करीम की मौत हो गई तो उनका बेटा दानिश करीम दुकान पर बैठने लगा। आरोप है कि इस बात का विरोध करते हुए दुकान स्वामी नासिर के बेटे दानिश व अली फराज ने दुकान के शटर में अपने ताले लगा दिए। दानिश करीम ने धोखाधड़ी का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। सुनवाई नहीं होने पर दानिश करीम ने प्रार्थना पत्र देकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई। मंगलवार को एसपी के आदेश पर पुलिस ने दानिश व अली फराज के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।

गंगा में उतराता मिला छात्र का शव

नहाने के दौरान डूब गए थे तीन किशोर, दो को बचा लिया गया था, एक लापता था

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

अमृत विचार : गुन्नौर क्षेत्र गांव गंगावास के पास गंगा में नहाते वक्त सोमवार को डूबे छात्र ब्रजेश का शव 24 घंटे बाद गंगाघाट से करीब दो सौ मीटर दूर गंगा में उतराता मिला। इकलौते बेटे शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर का चिराग बुझने से मातम छा गया। परिजनों ने दोपहर बाद गंगाघाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ब्रजेश उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा सात का छात्र था।

ब्रजेश का फाइल फोटो।

गांव फत्तेहपुर के कुछ किशोर सोमवार को गांव गंगावास के पास पशु चराने गये थे। गर्मी लगने पर छात्र ब्रजेश (14) पुत्र ललतेश, सुमित (14) पुत्र नेत्रपाल और नेत्रपाल का भांजा अंकित (15) पुत्र उमेश निवासी ईसापुर बरौरा आदि गंगा में नहाने लगे। तब गहरे पानी में जाकर ब्रजेश, सुमित और अंकित डूबने लगे थे। आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने प्रयास करके सुमित और अंकित को बाहर निकाल लिया था जबकि ब्रजेश गहरे पानी में डूब गया था। पुलिस की मौजूदगी में गोताखोरों ने ब्रजेश की गंगा में काफी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शाम को एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। मंगलवार को एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों ने गंगा में रेस्क्यू अभियान चलाया। मोटर वोट को तेजी से घुमा कर गंगा के पानी को खंगाला गया ताकि शव नीचे तल पर हो तो ऊपर आ जाए। सुबह करीब साढ़े दस बजे गंगा में सर्च ऑपरेशन के दौरान छात्र ब्रजेश का शव पानी में उतराता मिला। ब्रजेश का शव मिलने पर मां वीरवती रोने-बिलखने लगी। पिता ललतेश के आंखों के आंसू नहीं थमे। इकलौते बेटे ब्रजेश की मौत से ललतेश के घर में मातम छा गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

गुन्नौर में छात्र का शव मिलने के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

बुझ गया घर का चिराग

- एसडीआरएफ टीम व गोताखोरों ने गंगा में चलाया रेस्क्यू अभियान
- उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा सात का छात्र था ब्रजेश

लाखों के आभूषणों से भरा बैग पुलिस ने लौटाया, खिला दिल्ली के दंपती का चेहरा

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: दिल्ली के दंपती संभल में शादी समारोह में शामिल होने आये तो वह बैग गुम हो गया जिसमें दंपती के कीमती आभूषण व लैपटॉप था। उदास चेहरा लिये पति पत्नी दिल्ली वापस लौट गये। इसके बाद चौकी प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर ने दंपती को बुलाकर खोया बैग उनके सुपुर्द कर दिया। बैग पाकर दंपती का चेहरा खिल उठा।

दिल्ली के सीलमपुर निवासी मोहम्मद नाजिम रविवार को दिल्ली से टैक्सी में सवार होकर पत्नी आलिया फातिमा के साथ संभल के मुहल्ला चौधरी सराय अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने आया था। चौधरी सराय पुलिस चौकी के पास कार से उतरते समय नाजिम का लैपटॉप व कीमती जेवर वाला बैग छूट गया। नाजिम को लगा कि शायद उसका बैग दिल्ली में ही रह गया है। बैग गुम हो जाने की वजह से दंपती का चेहरा उतर गया। शादी समारोह होने के बाद नाजिम पत्नी आलिया फातिमा के साथ वापस दिल्ली पहुंचा। वहां देखा तो बैग नहीं था। चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि एक बैग लावारिस मिला तो सीसीटीवी फुटेज चेक की गई। पता चला कि कार से एक महिला व व्यक्ति जो उतर रहे थे उनका छूट गया है। पता लगाकर दिल्ली से नाजिम व आलिया फातिमा को बुलाकर उनका बैग वापस किया गया। बैग मिलने के बाद पुलिस की प्रशंसा करते हुए दंपती दिल्ली चले गए।

दिल्ली के दंपती को बैग सौंपते चौकी प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर। ● अमृत विचार

- शादी समारोह में शामिल होने आये थे दिल्ली के पति पत्नी
- टैक्सी से उतरते समय गुम हो गया था जेवर व लैपटाप का बैग
- चौकी प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर ने सौंपा बैग

निजी फाइनेंस कंपनी के पूर्व अधिकारियों ने महिलाओं के 42.50 लाख रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी

अमृत विचार : गरीब बेरोजगार महिलाओं को समूह के रूप में ऋण देने वाली एक निजी फाइनेंस बैंक कंपनी के पूर्व अधिकारियों ने 42.50 लाख रुपये की धनराशि हड़प ली। कंपनी में कार्यरत एमबीसी (मल्टी बैंक कनेक्टिविटी एजेंट) ने जुनावई थाना पुलिस को तहरीर दी है। एमबीसी ने किस्त का पैसा ब्याज सहित लोन खातों में जमा कराने तक दूसरी किस्त न उठाने दिए जाने की गुहार लगाई है।

निजी फाइनेंस बैंक कंपनी में जुनावई, कैला देवी, काशीपुर, दिनौरा, पतरिया लोकेशन पर कार्यरत एमबीसी जितेंद्र, राहुल, शारदा देवी, अजब सिंह, इसरार अली ने तहरीर में कहा है कि कंपनी के पूर्व अधिकारियों को महिलाओं से प्राप्त किस्त की रकम दी ताकि उनकी सिविल को सही रखा जाए। नवंबर 2023 में बैंक पोर्टल से पता चला कि संभल समेत कई जिलों की 14 हजार महिलाओं की किस्त के लगभग 4 करोड़ रुपये गबन कर लिए गए। इनमें संभल की 1500 महिलाओं की प्रथम किस्त के करीब 42.50 लाख रुपये हैं। इस बीच पूर्व के अधिकारियों को बैंक ने निकाल दिया तो नए अधिकारी आ गए। अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की सिविल खराब होने पर एमबीसी जिम्मेदार होंगे लेकिन पूर्व के अधिकारियों को निकाले जाने की बात पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

एमबीसी ने पुलिस से महिलाओं के लोन खातों में मय ब्याज के रकम जमा कराकर सिविल ठीक कराने की मांग की है। सिविल ठीक होने तक किस्त नहीं उठवाने की गुहार भी लगाई है। बताते चलें कि पूर्व में एसपी से भी शिकायत की चुकी है।

जुनावई में कोतवाली के बाहर मौजूद पीड़ित। ● अमृत विचार

- एमबीसी ने जुनावई थाना पुलिस को तहरीर देकर लगाई गुहार

संभल के क्लीनर की हैदराबाद में हुए सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: संभल शहर के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी क्लीनर की हैदराबाद में रविवार को हुए सड़क हादसे में मौत हो गई।

तुर्तीपुर इल्हा निवासी मोहम्मद वसीम मुहल्ले के ही अपने दोस्त चालक इकबाल के साथ डाक पार्सल कंटेनर पर क्लीनर के काम पर गया। इकबाल दिल्ली से कंटेनर लेकर रविवार को हैदराबाद पहुंचा था। यहां पहुंचकर इकबाल के साथ होटल पर चाय पीने के बाद मोहम्मद वसीम सड़क पार कर रहा था। अचानक से सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। इकबाल आनन फानन में मोहम्मद वसीम को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टर ने मोहम्मद वसीम को मृत घोषित कर दिया। मोहम्मद वसीम का शव घर लाने के लिए परिजन हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद मोहम्मद वसीम का शव परिजनों को सौंप दिया।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का शव

बहजोई, अमृत विचार : अलीगढ़-बरेली रेलवे ट्रैक पर महिला का शव पड़ा मिला है। एक मालगाड़ी बहजोई व पाठकपुर से होती हुई अलीगढ़ की ओर गुजर रही थी। ट्रेन चालक को पाठकपुर और बहजोई के बीच रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना उन्होंने रेलवे स्टेशन धनारी पर स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। उन्होंने महिला की शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पाठकपुर के चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि करीब 25 से 28 वर्ष की महिला के शव का फोटो को प्रसारित किया गया है, लेकिन शाम तक शिनाख्त नहीं हुई थी।

सार-संक्षेप

भवालपुर गांव से एक दिवसीय टूर पर रवाना होते बच्चे व स्टाफ। ● अमृत विचार

एक दिन के टूर पर निकले स्कूली बच्चे, जमकर की मस्ती

संभल/ओबरी, अमृत विचार : लिटिल फ्लावर्स एकेडमी भवालपुर से वनडे एजुकेशनल टूर के तहत 150 छात्र छात्राओं को मुरादाबाद में प्रेमवंडर लैंड की सैर कराई गई। जिसमें खेलकूद गतिविधियों के अलावा भ्रमण भी कराया गया। मंगलवार को स्कूल के प्रबंधक बुद्ध सिंह, अध्यक्ष अरविंद कुमार और प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर तीन बसों को मुरादाबाद में प्रेमवंडर लैंड के लिए रवाना किया गया। बसों में सवार छात्र छात्राओं ने प्रेमवंडर लैंड में खूब मस्ती की। खेलकूद और योगा की गतिविधियों में हिस्सा लिया। भ्रमण करके बच्चों में खुशी का माहौल रहा। इस दौरान शिक्षक शिवम नैन, कपिल देव, अक्षमा नैन, मुकेश कुमार, राहुल सिरोही, खुशबू सिरोही आदि रहे।

गर्मी बढ़ते ही लड़खड़ाने लगी शहर की बिजली आपूर्ति

चन्दौसी, अमृत विचार : गर्मी बढ़ने से विद्युत आपूर्ति लड़खड़ाने लगी है। बिजली नहीं मिलने पर लोगों का जीना मुहाल बना हुआ है। गर्मी में ट्रिपिंग व फाल्ट की समस्या बनी रहने से एक से दो घंटे बिजली गुल रहती है। मंगलवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। बिजली गुल होने पर गर्मी के कारण लोगों का घर में रहना मुश्किल हो जाता है। मगर दोपहर में बाहर धूप होने पर घर ही रहना पड़ता है। उन लोगों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है जिनके घर मे इनवर्टन नहीं हैं। भीषण गर्मी में विद्युत लाइन में ओवरलोड होने से ट्रिपिंग होती रहती है। अत्यधिक लोड से फाल्ट हो जाता है। जिससे एक से दो घंटे बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। दिन भर यही समस्या बनी रहने से लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। एसडीएम प्रथम, विद्युत वितरण खंड अजय कुमार शुक्ला का कहना है कि विभाग की ओर से पुरानी विद्युत लाइन को बदलकर नए तार लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ताकि लोगों को बेहतर विद्युत आपूर्ति दी जा सके। ओवरलोड होने से ट्रिपिंग होती है और लोड अधिक होने पर फाल्ट हो जाता हो जाता है। वर्तमान में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

राजीव गांधी को नमन कर उनके योगदान को किया याद

संभल, अमृत विचार : कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। देश के लिए उनके योगदान को याद किया। शहर कांग्रेस कमेटी के आलम सराय में स्थित कार्यालय पर शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी देश में सूचना क्रांति एवं कम्प्यूटर क्रांति शुरू करने वाले प्रथम प्रधानमंत्री थे। वह मानते थे कि देश को आगे ले जाने के लिए युवाओं को आगे लाना होगा। इसलिए युवाओं को सशक्त करने के लिए उनके हाथों में कम्प्यूटर दिया। देश में जवाहर नवोदय विद्यालय का गठन किया तो हजारों नवोदय विद्यालय की स्थापना हुई। इस दौरान महिला जिलाध्यक्ष कल्पना सिंह, शहर उपाध्यक्ष अकील अहमद, मौअज्जम हुसैन, अनीस सैफी, सफी सैफी, उमर अंसारी, वीर सिंह सागर, अजीम, मोंटू, गुलशन सिंह आदि रहे।

बुलेट की टक्कर से भिड़ीं दो बाइक, दो लोग घायल

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर बुलेट मोटरसाइकिल की टक्कर लगने के बाद दो बाइक आपस में भिड़ गईं। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी यामीन व हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर सराय निवासी नजर हुसैन सोमवार की रात दस बजे अलग अलग बाइक पर सवार होकर चंदौसी की ओर से आ रहे थे। कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित नंदा फैक्ट्री के पास सामने से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल ने यामीन की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे यामीन की बाइक अनियंत्रित होकर बराबर में चल रहे नजर हुसैन की बाइक से टकरा गई और नजर हुसैन व यामीन सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक बुलेट मोटर साइकिल लेकर मौके से फरार हो गया।

छात्रा के साथ दुष्कर्म, शिकायत पर पिता से मारपीट

संभल/सौंधन, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में जंगल में शौच के लिए गई इंटर की छात्रा के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। इस दौरान युवक के दो दोस्त उसके मददगार बनकर वहां खड़े रहे। पिता ने शिकायत की तो उसके साथ मारपीट की गई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लिया है। कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव निवासी कक्षा 12 की छात्रा रविवार शाम घर से शौच के लिए जंगल में गई थी। आरोप है कि गांव के ही तीन युवक जंगल में पहुंच गये और छात्रा को अपने साथ दूसरे गांव के जंगल में ले गए। छात्रा का कहना है कि जंगल में मक्का के खेत में एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया जबकि बाकी दो वहां उसके मददगार बने खड़े रहे। छात्रा ने घर आकर आपबीती बताई। आरोप है कि युवक के घर शिकायत करने पहुंचे छात्रा के पिता के साथ भी आरोपी युवकों ने मारपीट की।

ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बदायूं के बाइक सवार की जान गई

संवाददाता, बहजोई (संभल)

अमृत विचार: बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे बदायूं के ग्रामीण की बाइक में ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना बिसौली अंतर्गत गांव जलालपुर निवासी वीरपाल पुत्र रामसहाय मंगलवार की सुबह किसी कार्य को लेकर अपनी बाइक पर सवार होकर पाठकपुर आया हुआ था। वह शाम को बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। पाठकपुर नाधा मार्ग पर सामने से ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वीरपाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस 108 की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए मृत घोषित कर दिया। धनारी के प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हुई है।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक घायल

असमोली, अमृत विचार : गांव हीरापुर निवासी नेत्रपाल मंगलवार को बाइक पर सवार होकर असमोली आ रहा था। संभल मनोटा मार्ग पर जिला सहकारी बैंक असमोली के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्यास बुझाने के नहीं इंतजाम, लोग हो रहे परेशान

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : लगातार बढ़ रहे तापमान से गर्मी सितम कहर बरपा कर रहा है। सुबह से ही तेज धूप से हलक सूखने लगते हैं। फिर भी लोगों का गला तर करने के लिए प्याऊ या हैंडपंप की व्यवस्था नहीं है। कई राहगीर दुकानों पर बिक रहे पानी के पाउच खरीदने के लिए मजबूर हैं।

बबराला में इंदिरा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक मुख्य बाजार के आधा किलोमीटर रास्ते में राहगीरों की प्यास बुझाने का कोई इंतजाम नहीं है।

भीषण गर्मी में पेयजल के मामले में जनप्रतिनिधि और नगर पंचायत गंभीर नहीं दिख रही है। नगर में लाइन पार अनूपशहर रोड, रामलीला मैदान, रेलवे स्टेशन के आगे और इंदिरा चौक सहित सार्वजनिक स्थानों पर विधायक निधि से ठंडे पानी की मशीनें लगवाई गई थीं लेकिन घटिया क्वालिटी और देखरेख के अभाव में मशीनें कुछ ही दिनों में बंद हो गईं। चिलचिलाती गर्मी में लोग ठंडे पानी के लिए भटकने के लिए मजबूर हैं। बाजार में आते जाते लोगों की प्यास बुझाने का सारा दारोमदार कुछ दुकानों के आगे लगे गिनती के हैंडपंपों पर है। ऐसे हालात के बावजूद समाजसेवियों की ओर से भी प्याऊ लगवाने के लिए कदम नहीं उठाए गए।

- कई राहगीर दुकानों पर बिक रहे पानी के पाउच खरीदने को मजबूर
- प्याऊ या हैंडपंप की व्यवस्था नहीं है बबराला में

नगर क्षेत्र में 126 इंडिया मार्क-2 हैंडपंप लगे हैं। इनकी लगातार देखरेख की जा रही है। पानी की मशीनों की मरम्मत कराई गई लेकिन कारगर नहीं हुई। अपने स्तर से प्रयास कर रहे हैं ताकि लोगों को पानी मिल सके।
-हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, चेयरमैन, नगर पंचायत

बारिश नहीं होने से गर्मी में लोग हुए पसीना-पसीना

संभल, अमृत विचार : बारिश नहीं होने की वजह से भीषण गर्मी के बीच जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को भी पारा 41 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तो लोग दुश्वारियों से जूझते हुए नजर आए। दोपहर में तो कई क्षेत्रों में सन्नाटे का माहौल बन गया। आलम यह रहा कि शाम से ही बाजारों में उम्मीद के मुताबिक रौनक नहीं दिखी क्योंकि लोगों ने घरों से निकलने से परहेज किया। सोमवार को देर रात से ठंडी हवा चली तो लोगों ने राहत महसूस की। हालांकि मंगलवार को सुबह के वक्त भी ठंडी हवा चली लेकिन समय आगे बढ़ा तो चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही पारा भी चढ़ने लगा। कई लोगों ने धूप से बचने के लिए चेहरों को कपड़े से ढका। आंखों को बचाने के लिए चश्मे का इस्तेमाल किया। दोपहर के वक्त तो गर्मी ने तेवर दिखाए तो लोग घरों में कैद होने लगे। दोपहर करीब दो बजे से चंदौसी चौराहा, चौधरी सराय चौराहा, शंकर कॉलेज चौराहा आदि पर सन्नाटे का माहौल बनने लगा। शाम को पांच बजे भी चिलचिलाती धूप की वजह से पसीना नहीं रुका। तमाम लोगों ने बाजारों में पहुंचकर खरीदारी से भी परहेज किया।

भीषण गर्मी के बीच चेहरा ढककर जाती स्कूटी सवार युवती।

लापरवाही पालिका ने ठीक कराई पाइप लाइन, फिर भी मार्ग पर बह रहा पानी, लोग परेशान

पाइप लाइन लीक होने से मुख्य मार्ग पर जलभराव

कार्यालय संवाददाता, संभल/सरायतरीन

अमृत विचार : बेशक नगर पालिका परिषद ने नाला सफाई के दौरान टूटने से लीक हुई पाइप लाइन ठीक करा दी लेकिन मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से लोग दिक्कतों से जूझ रहे हैं। पाइप लाइन ठीक करने के लिए खोदे गए गड्ढे में मिट्टी भी नहीं भरी गई है। यह मामला हयातनगर से सरायतरीन को जाने वाले मार्ग का है। स्थानीय लोगों ने पालिका के जिम्मेदारों से समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई है।

दरअसल, हयातनगर से सरायतरीन को जाने वाले मार्ग के नाले की मशीन से सफाई कराई गई थी। इस काम के चलते एक सप्ताह पहले पाइप लाइन टूटकर लीक होने लगी तो तमाम घरों में दूषित पानी की आपूर्ति शुरू हो गई तो कई घरों में पानी आपूर्ति नहीं हो सकी। जिससे लोगों में रोष पनपा और नगर पालिका को सूचना दी। कर्मचारियों ने तीन दिन तक काम किया और पाइप लाइन लीक होने से मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया। सोमवार को काम पूरा होने पर पाइप लाइन तो ठीक हो गई लेकिन मुख्य मार्ग पर पानी जमा होने से लोग दिक्कतों से जूझने लगे। चूंकि यह हयातनगर से सरायतरीन को आपस में जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, इसलिए दिन में हजारों वाहन मार्ग से गुजरते हैं। वर्तमान में वाहन सवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव होने से मच्छरों के पनपने पर संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा है। वाहनों को निकालने में परेशानी हो रही है।

संभल में सरायतरीन से हयातनगर को जोड़ने वाले रास्ते पर बने नारकीय हालात।

कर्मचारी करें सफाई तो न हो दिक्कत

संभल अमृत विचार : स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा नाले की सफाई जेसीबी मशीन से कराई गई। पिछले वर्ष भी जेसीबी मशीन से सफाई होने पर पाइप लाइन फटी थी और इस बार भी ऐसा ही हुआ। अगर कर्मचारियों से सफाई कराई जाए तो शायद पाइप लाइन नहीं फटेगी और पेयजल की समस्या सामने नहीं आएगी।

जेसीबी से नाले की सफाई के कारण ही पाइप लाइन टूटी जबकि व्यक्ति को पाइप लाइन होने की जानकारी दी थी। कई दिनों तक टोंटियों में दूषित पानी की आपूर्ति हुई। **-मोहम्मद इकराम**

मुख्य मार्ग पर जलभराव होने की वजह से परेशानी हो रही है। बाइक सवार निकलते हैं तो गिरने का डर रहता है। नगर पालिका को समस्या का समाधान कराना चाहिए। **-रवि कुमार**

डंपर पलटने से टूटे एचटी लाइन के चार पोल, कई गांव की बिजली ठप

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर ट्रक की टक्कर से गंगा एक्सप्रेस पर मिट्टी लेकर जा रहा डंपर सड़क किनारे पलट गया। डंपर की चपेट में आकर हाईटेंशन बिजली की लाइन के चार पोल टूट गए। पोल टूटने से इलाके के कई गांव की बिजली ठप हो गई है।

थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर इम्मा निवासी चालक धर्मवीर सोमवार की रात एक बजे थाना क्षेत्र में चल रहे गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य के लिए डंपर में मिट्टी भरकर लेकर जा रहा था। संभल गवां मार्ग पर गांव लधनपुर के पास सामने से आ रहे ट्रक ने डंपर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर सड़क किनारे पलट गया। डंपर की चपेट में आकर हाईटेंशन बिजली लाइन के चार पोल भी टूटकर गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने खिड़की खोलकर केबिन के अंदर से फंसे घायल धर्मवीर को बाहर निकालकर पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसे के बाद टूटे पड़े हाईटेंशन बिजली की लाइन के पोल व तार।

बिजली आपूर्ति बहाल होने में समय लगेगा

संभल, अमृत विचार : संभल गवां मार्ग पर हादसे में डंपर की चपेट में और हाईटेंशन बिजली लाइन के पोल टूट गये तो इलाके की बिजली आपूर्ति भी ठप्प हो गई। कहा जा रहा है कि इस लाइन से एक दर्जन से ज्यादा गांव को बिजली आपूर्ति की जा रही थी। बिजली आपूर्ति बहाल होने में अभी कम से कम दो दिन का समय लग सकता है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रूप का सफाई से,
और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

संपादकीय

रईसी के बाद ईरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत से पश्चिम एशिया सदमे में है। राष्ट्रपति की मौत ईरान के सबसे चुनौतीपूर्ण समय में हुई है। ईरान पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से त्रस्त अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए जूझ रहा है और सामाजिक तनाव को शांत करने की कोशिश कर रहा है। परमाणु समझौता खत्म हो चुका है। गाजा युद्ध में हालिया वृद्धि ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है और कई साजिश सिद्धांतों को हवा दी है। ईरान और इज़राइल के बीच तनाव बहुत बढ़ा हुआ है और ईरान, अपने रूस और चीन जैसे साझीदारों के साथ सत्ता की खेमेबंदी के नए दौर में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश के रूढ़िवादी हलकों में रईसी के व्यापक प्रभाव ने उन्हें ईरान के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बना दिया था। ईरान के सवाल को लेकर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के बावजूद, इब्राहिम रईसी का निधन, इस क्षेत्र में ईरान की अपनी नीतियों से कहीं ज्यादा उसकी अंदरूनी सियासत पर असर डालने वाला है। इब्राहिम रईसी की अचानक मौत के बाद, अगले 50 दिनों के दौरान जब तक ईरान नया राष्ट्रपति चुनेगा, वो ईरान की राजनीति के लिहाज़ से बेहद महत्वपूर्ण होंगे।

नए चुनाव होने तक उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर कार्यवाहक राष्ट्रपति रहेंगे। आगे चलकर ईरान की सियासत में सत्ता के तमाम केंद्र अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए आपस में खींचतान करेंगे। भू-राजनैतिक तनावों के मद्देनजर, रईसी की मौत से साजिश के सिद्धांतों को भी बढ़ावा मिल सकता है जिससे इस इलाके में आग और भड़क सकती है। इस हादसे का असर पश्चिम एशिया की राजनीति पर गहराई से पड़ेगा। ईरान और भारत के बीच गहरे संबंध हैं। रईसी की मौत भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के संचालन को लेकर हुए समझौते के बाद हुई है। इस समझौते के बाद भारत को चाबहार के संचालन का अधिकार अगले 10 सालों के लिए मिल गया है। समझौते के बाद अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी। जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि यह बंदरगाह पूरे क्षेत्र को लाभान्वित करेगा और अमेरिका को इस मामले में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिए। हो सकता है कि रईसी की मौत की वजह से होने वाले सत्ता परिवर्तन का उसकी भू-सामरिक योजनाओं पर बहुत व्यापक या सीधा असर न पड़े। घरेलू, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों की पृष्ठभूमि के बीच हुई रईसी की मौत के सदमे से ईरान को उबरने में वक्त लगेगा। रईसी की मौत से क्षेत्र में और अस्थिरता पैदा होने का खतरा है, ऐसे में ईरान के सामने भी नाजुक स्थिति से निपटने की चुनौती है।

कोवैक्सीन और स्यूडो-साइंस की मनोवृत्ति

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी-भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी।

'कोवैक्सीन' का टीका मनुष्य को लगाने के बाद स्वास्थ्य पर दीर्घकाल में होने वाले विपरीत प्रभावों पर 'लांग टर्म सेफ्टी एनालिसिस ऑफ़ बीबीवी-152 कोरोना वायरस वैक्सीन इन एडोलिसेंट्स एंड एडल्ट्सः फाइंडिंग्स फ्रॉम ए वन-इयर प्रोस्पेक्टिव स्टडी इन नार्थ इंडिया' शीर्षक से एक अध्ययन को 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के 13 मई 2024 के अंक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से संबद्ध इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में कार्यरत दस विज्ञानियों ने प्रकाशित किया है। उक्त टीका ग्रहण करने के बाद के दुष्प्रभावों का अध्ययन किशोर, युवा और वयस्कों पर किया गया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में इस अध्ययन को इस आधार पर खारिज किया कि इस शोध की प्रक्रिया दोषपूर्ण है। भारत और विदेश के मीडिया हलकों में इसे बहुत गंभीरता से देखा गया है। शोध की गुणवत्ता पर आरोप लगने के बाद लेखकों ने संदर्भ हेतु परिषद् का नाम इस्तेमाल करने पर खेद व्यक्त किया है।

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी-भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी। कोवैक्सीन को 78 प्रतिशत तक प्रभावी पाने के बाद आपातकालीन उपाय के रूप में 3 जनवरी सन 2021 को भारत सरकार ने और नवंबर सन 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे आमजन के लिए प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की थी। कोवैक्सीन टीका विकास में लगे हुए शोधकर्मियों ने बड़ी संख्या में पहले तो कोरोना वायरस प्रयोगशाला में पैदा किया, फिर बीटा-प्रोपिओलेक्टोन का इस्तेमाल करके इन्हें निष्क्रिय किया गया। निष्क्रिय किए गए इस वायरस में वायरस की रचना और वृद्धि के जरूरी प्रोटीन्स और 'स्पाइक्स' (वायरस की सतह पर मौजूद रिसेप्टर्स) को क्षति नहीं पहुंची। इन विषाणुओं की खेप को एल्युमीनियम के एक कंपाउंड से लेप दिया गया ताकि इसे शरीर में इंजेक्ट करने के बाद हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाएं इनके विरुद्ध सक्रिय होकर आवश्यक संख्या में प्रतिपिंडों का निर्माण करके हमारी रक्त वाहिकाओं के जरिये कहीं भी सर्कुलेट कर सकें और संक्रमण से रक्षा हो सके।

ड्रग्स और वैक्सीन्स को तत्परता से आपातकाल में इस्तेमाल करने के प्रोटोकॉल और तकनीक पिछले दसेक साल से बदल गई हैं। पुरानी पद्धति में क्षीण किए हुए (इटेन्युएटेड) या मृत (किल्ड होल वायरस) विषाणु का इस्तेमाल करके टीका विकसित किया जाता था जैसे कि वैक्सिनिया वायरस का इस्तेमाल करके चेचक के विरुद्ध प्रतिरक्षा किए जाने के लिए विकसित किया गया टीका। इसमें कई वर्ष लगते थे। टॉक्सिसिटी स्टडीज के बाद फेज़ 2 से फेज़ 4 तक मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण के लिए सेफ्टी प्रोटोकॉल, एथिकल कमेटी की क्लीयरेंस और स्टडी का 'डबल ब्लाइंड' होना जरूरी समझा गया। डबल ब्लाइंड स्टडी में न तो ह्यूमन सब्जेक्ट्स को और न ही शोधकर्मियों को मालूम होता है कि किसे वास्तविक दवा या टीका लगाया गया है और किसे 'प्लेसिबो' दिया गया है। इसके लिए 'एक्सपेरिमेंटल' और 'कंट्रोल' दो ग्रुप बनाए जाते हैं। कंट्रोल ग्रुप के व्यक्तियों को प्लेसिबो और एक्सपेरिमेंटल ग्रुप को वास्तव में ही सही दवा दी जाती है। दवा और प्लेसिबो पर कोडमार्किंग होती है। बाद में एनालिसिस होती है जिसमें मेडिकल स्टेटिस्टिशियंस जांच करके दवा की एफिकेसी अर्थात प्रभावोत्पकता को प्रतिशत में अभिव्यक्त करके स्टडी को वेलिडेट करते हैं। यह डाटा 'स्टेटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' होना चाहिए जिसका अर्थ गहरा होता है और यह निर्णय करने में महत्वपूर्ण होता कि ड्रग या वैक्सीन को आमजन में इस्तेमाल करने के लिए जारी करना उपयुक्त है या नहीं। भारत में मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण करने से पहले क्लिनिकल परीक्षण रजिस्ट्री में ट्रायल से संबंधित डाटा जमा करके अनुमति लेनी होती है। देखा जाता है कि एथिकल कमेटी ने किस आधार पर क्लिनिकल परीक्षण की अनुमति दी है। ऐसा करते हुए स्टडी डिजाईन को देखना बहुत जरूरी है जो ड्रग डेवलपमेंट और बायो-सेफ्टी एक्सपर्ट्स देख लेते हैं। इसका पालन करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की सन 2005 में जारी 'हैंडबुक फॉर गुड क्लिनिकल रिसर्च प्रैक्टिस' को न केवल फॉलो करना होता है बल्कि भारत में आईसीएमआर द्वारा अप्रैल 2020 में जारी की गई कोविड संबंधी शोध के लिए विशेष तौर से तैयार 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर एथिक्स कमेटीज़ रिवियुइंग बायोमेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च ड्यूरिंग कोविड-19 पैंडेमिक' के साथ-साथ सन 2017 में जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल रिसर्च इन्वोल्विंग चिल्ड्रन' एवं इसी साल संशोधित रूप से जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च इन्वोल्विंग ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को अनिवार्य रूप से नियमपूर्वक मानना जरूरी किया गया।

कोवैक्सीन के विकास के तुरंत बाद इस पर भारत में ही सन 2021 में बहुत से क्लिनिकल परीक्षण इसकी इम्यूनोजेनेटिसिटी और सेफ्टी एंड एफिकेसी को लेकर हुए। इस बारे में इन्टरनेट रिसोर्सेज पर काफी साहित्य उपलब्ध है। यह खेद की बात है कि मीडिया के अपने अधिकतर लोग और अनेक शोधकर्मी देश के सबसे पुराने, भरोसेमंद और नियमित रूप से प्रकाशित विख्यात बायो-मेडिकल जर्नल'इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च' के अंक नहीं देखते-पढ़ते और ऐसी सूचनाओं के लिए विदेशी मीडिया पर निर्भर करते हैं जो कि भारत के लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित होती हैं। ऐसे बहुत से भारतीय पत्रकारों को मैं जानता हूं जो विदेश के साइंस मीडिया के लिए काम करते हैं और पहली रिपोर्ट उन्हें ही देते हैं। इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (बीएचयू) के शोधकर्मियों ने टीकाकरण होने के बाद 1023 व्यक्तियों को एक साल तक निगरानी में रखने की सहमति ली। हम इस अध्ययन को पूरे तौर से क्लिनिकल परीक्षण नहीं कह सकते क्योंकि शोधकर्मियों ने इसे खुद ही 'प्रोस्पेक्टिव ओब्सेर्वेश्नल स्टडी' अर्थात एक 'संभावना की जांच हेतु अध्ययन' कहा है। इससे पहले निश्चित रूप से इन्होंने ख्याति प्राप्त मेडिकल और बायो-मेडिकल जर्नल्स में से वे अधिकतर अध्ययन जरूर देखे-पढ़े होंगें जिनमें कोरोना वायरस और इसके विभेदों के कारण उत्पन्न हुए संक्रमण के प्रभावों के अलावा टीकाकरण के उपरांत उत्तर भारत में टीकाकृत व्यक्तियों में हुए शारीरिक विषमताओं की बाबत रिपोर्ट हुई। इनके बारे में मेडिकल जर्नल्स में अध्ययन भी प्रकाशित हुए। आईसीएमआर ने तो इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च में कोविड-19 के बारे में अनेक पहलुओं से अनेक लेखों का प्रकाशन सन 2020 के बाद से किया है। ये सभी अध्ययन भारतीय लोगों पर किए गए हैं और इनमें महामारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा है। इन अध्ययनों का प्रकाशन विद्वत्त समीक्षा के उपरांत ही किया गया है। बीएचयू के अध्येताओं उपिन्दर कौर, आकांक्षा जायसवाल और साथियों ने टीकाकरण के उपरांत जनवरी 2022 से अगस्त 2023 के बीच 1023 सभी रेक्रुइट्स में से इन्हें कुल 926 व्यक्तियों का रेस्पोंस मिला जिनसे सिर्फ टेलीफोन पर बातचीत की गई थी। अर्थात, इनके मेडिकल रिकार्ड्स नहीं देखे गए, क्लिनिकल जांच की व्यवस्था नहीं की गई और डाटा एनालिसिस का क्या तरीका अपनाया गया इसकी कोई जानकारी भी दर्ज नहीं है। हो सकता है मौखिक बताए गए शारीरिक दोषों की वजह कुछ और रही हो। वेरिएबल्स को या और स्टैटिस्टिकल दोषों को किस पद्धति को अपनाकर निरस्त किया गया यह स्पष्ट नहीं किया गया।

'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' से संबंधित स्पष्टीकरण इस शोध अध्ययन में दिया गया। इस अध्ययन के डिजाईन में अगर खोट था तब इस बात को लेकर ताज्जुब है कि इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज की आचार संहिता कमेटी ने इसकी एप्रूवल 'डीन/2021/ईसी /2526' और 'डीन/2022/ईसी/3210' की मार्फ़त कैसे दी? दूसरी प्रमुख बात यह कि अध्ययन को प्रकाशित करने वाले 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के जिन सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स को यह पेपर रिव्यु के लिए भेजा गया था इनकी कमेंट्स के बारे में कोई सूचना उपलब्ध क्यों नहीं है। क्या विद्वत्त समीक्षकों ने लापरवाही की है? ऐसे पेपर्स स्यूडो-साइंस के दायरे में आते हैं। इससे जर्नल की ख्याति पर ही नहीं भारत बायो-टेक, आईसीएमआर की प्रतिष्ठा, भारत में बायो-मेडिकल अनुसंधान कार्यों की गुणवत्ता पर अंगुली उठाए जाने का मौक़ा मिलने के अलावा देश की फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री की कार्य प्रणाली और ड्रग रेगुलेटर पर भी पर शक होने का ख्याल किसी के मन में आ सकता है। इससे हमारे देश में औषधि और टीका विकास एवं निर्माण और इनकी मार्केटिंग पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। जाहिर है शोध अध्ययन की प्रक्रिया में सतर्कता नहीं बरती गई।

प्रसंगवश

बेपरवाही और आत्ममुग्धता

> भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

इतना मौन तो मतदाता कभी न था। दरअसल वह एक उलझनभरी मनःस्थिति का शिकार है। एक तरह की किंकर्तव्यविमूढ़ता! क्या करे? कहां जाय? एक ओर मोदी मैजिक है दूसरी ओर खड़े किए गए प्रत्याशियों का नकारापन। एक तीसरा पहलू है विकल्पहीनता की स्थिति। विपक्ष धराशायी सा है। ऐसे हालात में मतदाता त्रिशंकु की बेबसी लिए अगले चरण के मतदान की तारीख को पास आता देख रहा है। अनिश्चय में है।

प्रत्याशियों के नकारेपन के अनवरत फीडबैक के चलते एक हालिया इन्टरव्यू में मोदी जी को स्पष्ट करना पड़ा कि उनका प्रत्याशी और कोई नहीं केवल कमल है और मतदाता बस कमल पर मुहर लगाएं। यह एक पावरफुल संदेश है किंतु कितना कारगर होगा नतीजे बताएंगे।

मगर कई प्रत्याशियों का नकारापन इस बार हावी होता दिख रहा है। ऐसे प्रत्याशी जो जीते तो कभी जनता के बीच नहीं गए। ये ऐसी शख्सियतें हैं कि इनकी नकारात्मकता मोदी मैजिक पर भी भारी पड़ रही है। यह मोदी युग के इस तीसरे चुनाव का एक उल्लेखनीय ऐंगल है। दूसरी ओर विपक्षी खेमा चुनाव के बढ़ते चरणों में उत्तरोत्तर उत्तर प्रदेश में हावी होता दिख रहा है। संविधान बदलने का खतरा और कोविड वैक्सीन की मारकता। और भी अल्ल बल्ल फैलाया जा रहा है। कमल ही प्रत्याशी है यह वाक्य कितना कारगर होगा? यह मंत्र कितने मतदाताओं तक पहुंचा है? और यह जिम्मेदारी किसकी है कि मोदी का यह संदेश घर घर तक जा पहुंचे। समर अभी शेष है। भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है। जैसे मुतमईन हों भाजपा प्रत्याशी कि मोदी जी इस बार भी चुनावी वैतरणी पार करा ही देंगे। क्यों पसीना बहाना? लू के लपेटे में क्यों आना? ऐसी बेपरवाही, आत्ममुग्धता के परिणाम क्या अच्छे होने हैं?

बढ़ता तापमान आर्थिकी के लिए घातक

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

> गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

वर्ष 2023 भारत के लिए अब तक का दूसरा सबसे गर्म वर्ष था। अब तक का सर्वाधिक गर्म साल 2016 रहा है। अगर वैश्विक स्तर पर बात करें तो पिछले बारह महीनों (अप्रैल 2023 - मार्च 2024) में वैश्विक औसत तापमान 1991-2020 के औसत से 0.70 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया है। वर्ष 2024 में वैश्विक सतह का तापमान 20 वीं सदी के औसत तापमान से 1.35 डिग्री सेल्सियस अधिक है। एक शोध के अनुसार इस बात की 55 फीसदी आशंका है कि 2024 इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में रिकॉर्ड हो सकता है। वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) और जलवायु परिवर्तन का किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर मूलतः दो तरीकों से प्रभाव पड़ता है।

बढ़ते तापमान और बेमौसमी बारिश से फसलों को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे उपज कम हो जाती है और बाजार में मांग बढ़ती है। जिसका सीधा संबंध महंगाई से है। उसके अलावा ऐसे नुकसान से निपटने के लिए राहत और बुनियादी ढांचे पर जो खर्च होता है उसका नतीजा तमाम लोगों के लिए करों में वृद्धि के रूप में निकलता है। फिर फसलों की कम पैदावार हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को भी प्रभावित करती है। क्योंकि सरकार उन फसलों के निर्यात पर पाबंदी लगा देती है जिनकी उपज कम होती है। साल 2022 में बढ़ते तापमान की वजह से गेहूं का उत्पादन कम हुआ था और इस कारण से भारत ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। जनवरी 2024 तक भारत में चीनी उत्पादन 5.28 प्रतिशत कम आंका गया है। जिसका प्रमुख कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपज का कम होना माना गया है। भारत पिछले छह वर्षों से चीनी का निर्यातक रहा है। लेकिन अब विश्लेषक कयास लगा रहे हैं कि शायद अगले साल तक भारत को चीनी आयात भी करनी पड़ सकती है। बढ़ती गर्मी और विभिन्न चरम मौसमी घटनाओं का सीधा असर श्रम प्रधान क्षेत्रों पर बहुत ज्यादा पड़ेगा। इससे खेती-बाड़ी निर्माण गतिविधियों परिवहन और पर्यटन कारोबार खासे प्रभावित हो सकते हैं। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर हो सकता है। 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' का अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव का सबसे अधिक सामना कृषि और निर्माण श्रमिकों को करना पड़ेगा। भारत में बढ़ती गर्मी के परिणामस्वरूप 2030 तक काम के घंटों में 5.8 प्रतिशत तक की गिरावट आने का अनुमान है। जो करीब 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के नुकसान के बराबर होगा। इससे जीडीपी में अनुमानित 2.50 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। बढ़ता तापमान कच्चे माल यानी कृषि उपज और श्रम पर प्रभाव डालने के साथ औद्योगिक विकास को भी प्रभावित कर सकता है। इसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक बुनियादी ढांचे को प्रत्यक्ष नुकसान मानव संसाधन की उपलब्धता एवं उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव और कच्चे माल के भंडारण से सम्बंधित परिचालन लागत में वृद्धि शामिल है। उद्योगों को पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में अधिक निवेश करना पड़ सकता है। जिससे उत्पादन की लागत बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त समुद्र का बढ़ता स्तर बाढ़ चक्रवाती तूफ़ान भूस्खलन आदि सड़क रेलवे और समुद्री मार्गों जैसे परिवहन साधनों को सीधे प्रभावित करेंगे। जिससे भी आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो सकती है। पिछले वर्ष 4 अक्टूबर को सिक्किम के चुंगथांग में 1200 मेगावाट की तीस्ता जलविद्युत परियोजना का 60 मीटर ऊंचा कंक्रीट बांध हिमानी झील के फटने से आई बाढ़ में ढह गया था। इस तरह की घटनाओं की आशंका और भी बढ़ेगी जिसका असर समग्र विकास पर पड़ेगा। वस्तुतः किसी भी गंभीर समस्या का समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति के बगैर संभव नहीं है। हमारे देश की राजनीतिक चेतना में जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान का मुद्दा कितने हाशिये पर है इसे समझने के लिए दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों पर नजर डाली जा सकती है। सत्तारूढ़ भाजपा ने पर्यावरण को अपने घोषणा पत्र में पेज नंबर 71 पर जगह दी है। यह उसके घोषणा पत्र का समापन बिंदु है। वहीं कांग्रेस ने इसे अपने घोषणा पत्र में पेज 41 पर जगह दी है। जो उसका आखिरी अध्याय है।

गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। और 2050 तक 20 फीसदी देश जल संकट से घिर सकते हैं। इसके साथ ही 2030 तक बढ़ते तापमान के कारण 2,50,000 लोगों की मौतें हो सकती हैं। वस्तुतः गर्मी बढ़ने से ऊर्जा की मांग बढ़ेगी जिससे वायु प्रदूषण फैलेगा। एक और अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग से 20 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हो सकता है। कृषि पैदावार में गिरावट आने से भुखमरी बढ़ेगी और अकाल जैसे हालात बन सकते हैं।

सोशल फोरम

सत्तर के दशक तक

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

गांव के इक्का दुक्का लोग या तो फौज में भर्ती हो जाते थे या मास्टर हो जाते थे। नौकरी के पीछे भागने का चलन 1970 के आसपास शुरू हुआ और इसने पलायन की गति बढ़ा दी। इसका कारण रोजगार की कमी भी थी। कल गेहूं की उपज का अनुमान लगा रहा था और जैसा कि गणित के मास्टर की आदत होती है कि लाभ हानि का हिसाब भी लगा रहा था। उप्र सरकार की प्रांतीय सिविल सेवा में ज्वाइन करने से पहले मल्ला डौणू, तल्ला डौणूं, दशौली और भदीना के चारों गांव की अपनी जमीन आबाद करना एक चुनौती थी और इसे बखूबी निभाया जाता था। धीरे-धीरे सब छूटता गया।

2006 (मां के देहान्त) तक दूध, दही घी और सब्जी या आटा चावल दाल शायद ही कभी बाहर से खरीदना पड़ा हो। मेरे बाहर निकल जाने के बाद दशौली के खेत द्वारी की जमीन और तल्ला डौणूं के खेत पिता श्री ने अपने हिसाब से सौंप दिए। आज तो मैं यह भी नहीं पूछता कि इन जमीनों पर कब्जा किसका है क्योंकि तल्ला डौणूं के खेत पिछले नवंबर में अथक प्रयास के बाद भी मुझे बंजर ही छोड़ने पड़े। लुब्बो लुबाब यह है कि जितनी जमीन दशावली (पाठकों की दशौली) में सिविल सेवा में जाने से पहले खेती बाड़ी में थी आज उसका दसवां भाग भी आबाद कर पाना मुश्किल हो रहा है। मौद्रिक लाभ को शून्य मान लिया जाए तो भी गांव में कामकाजी महिलाओं के लिए इतनी छोटी सी खेती में पंद्रह दिन का रोजगार सृजन हुआ ही है और मुझे शुद्ध आर्गेनिक गेहूं छः सात महीने के लिए मिल गया है। आगे लगभग पंद्रह बीस दिन तक खेती बाड़ी की गतिविधियां कम हैं इसलिए कल खेतों में घूम रहे आवारा छोकरों को कहा है कि सप्ताह में एक दिन हर परिवार से एक आदमी कुदाल फावड़ा बेलचा लेकर आए और ऊपर जंगल में जाकर जलसंचय के लिए खाईयां बनाने में योगदान करे। इस बार जाड़ों में बर्फबारी न होने के कारण जल स्रोतों का निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। यह व्यवस्था आगामी वर्षों के लिए करनी है।पशु पक्षी के लिए भी जल का अभाव होने लगा है।

-फेसबुक वॉल से

यादें राजीव गांधी की शव यात्रा की

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं।

सच में मुट्ठी में पकड़ी रेत की तरह से निकल जाता है वक्त। राजीव गांधी की दर्दनाक मौत को 33 साल हो गए। 21 मई 1991 को हुई हत्या से सारी दुनिया हिल गई थी। पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और संजय गांधी की शव यात्राओं में भी जनता की भागीदारी बहुत थी। पर राजीव गांधी की शवयात्रा को बहुत बड़ी शवयात्रा के रूप में याद किया जाता है। हालांकि इस लिहाज से दिल्ली में महात्मा गांधी से बड़ी शव यात्रा किसी ने नहीं देखी।

राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं। पाकिस्तान से प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी राजनीतिक विरोधी बेनजीर भुट्टो भी आए। ये दोनों हमवतन तब एक दूसरे से दूर-दूर रहे। पर अब शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हैं और बेनजीर भुट्टो के पति देश के राष्ट्रपति हैं। यानी गुजरे दौर के शत्रुओं ने अपनी राजनीतिक अदावत को भुला दिया है। वे अब साथ-साथ हैं।

राजीव गांधी का पार्थिव शरीर जनता के दर्शनों के लिए तीन मूर्ति भवन में रखा था। राजीव गांधी की अंत्येष्टि 24 मई, 1991 को हुई थी। उसमें बांग्लादेश की तब की प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया और फिलीस्तीन मुक्ति संगठन के प्रमुख यासरअराफात ने भी भाग लिया था। अराफात तो बार-बार फफक कर रो भी पड़ते थे। उनके गांधी परिवार से व्यक्तिगत संबंध थे। 24 मई से पहले ही राहुल गांधी अमेरिका से वापस भारत आ चुके थे। राहुल उन दिनों अमेरिका में ही पढ़ते थे। राजधानी में शक्तिस्थल पर अंत्येष्टि की तैयारियां पूरी हो गईं थी।

राजीव गांधी ने 20 मई,1991 को दिल्ली के निर्माण भवन में अपना लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाला था। अब भी देश को वह तस्वीर याद है, जब राजेश खन्ना कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गांधी और सोनिया गांधी को उनका वोट डलवाने में मदद कर रहे हैं। वह राजधानी में राजीव गांधी की अंतिम तस्वीर थी। उसके अगले ही दिन यानी 21 मई, 1991 को राजीव गांधी की एक बम धमाके में हत्या कर दी गई थी। घटना तमिलनाडू के श्रीपेरम्बदूबर में हुई थी। देश ने इस जगह का पहले कभी नाम भी नहीं सुना था। धमाके में राजीव गांधी का शरीर छलनी हो गया था। उसके आसपास कुछ और शव भी पड़े। राजीव गांधी की मौत से सारा देश सन्न था। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और परिवार के मित्र सुमन दूबे वगैरह चैन्नई (तब मद्रास) से राजीव गांधी के शव को लेकर दिल्ली आ गए थे। तय हुआ कि उनका अंतिम संस्कार 24 मई, 1991 को होगा।

और अब वक्त आ गया था राजीव गांधी को अलविदा कहने का। शाम सवा पांच बजे अपार जनसमूह के सामने अंत्येष्टि वैदिक मंत्रोचार के बीच शुरू हुई। सोनिया गांधी काला चश्मा पहने अपने पुत्र राहुल को अपने पिता की चिता पर मुखाग्नि देने के कठोर काम को सही प्रकार से करवा रहीं थीं। जो भी उस मंजर को देख रहा था, उसका कलेजा फट रहा था। अमिताभ बच्चन भी वहां पर थे। तब तक उनके गांधी परिवार से मधुर संबंध थे। अंत्येष्टि के दौरान बनारस से खासतौर पर आए पंडित गणपत राय राहुल गांधी और अमिताभ बच्चन को बीच-बीच में कुछ समझा रहे थे। राजेश खन्ना लगातार रो रहे थे। करीब डेढ़ घंटे तक चली थी अंत्येष्टि। राजीव गांधी को अंतिम विदाई देने के कई दिनों के बाद भी देश में उदासी छाई रही थी।

अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भारतीय राजनीति में ज्यों-ज्यों लोकतंत्र पुराना होता जा रहा है, व्यक्ति पूजा और चाटुकारिता बढ़ती जा रही है। पहले कांग्रेस सत्ता में रही है, तो रीतिकालीन दरबारी कवियों की भांति मुख्य नेता के इर्द गिर्द रहने वाले मुसाहिब उसके नवनीत लेपन करते थे। कवियों को राजे महराजे पुरस्कार देते थे और लोकतांत्रिक सत्ताधारी चाटुकारों को पद, प्रतिष्ठा प्रदान करते हैं। एमरजेंसी खत्म होने के बाद हुए चुनावों में जनता पार्टी सत्ता में आ गई थी, जो 27 महीने सरकार चला पाई। बाद में फिर चुनाव हुए, तो कानपुर के फूलबाग (गणेश उद्यान) की एक सभा में पं.कमलापति त्रिपाठी ने कहा था कि माफी इंदिरा जी को नहीं, जनता को उनसे मांगनी चाहिए, जिसने विगत में उन्हें अपदस्थ किया। मालूम हो कि जनतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है।

कांग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने "इंदिरा इज़ इंडिया" का नारा बुलंद किया था। यूपीए शासन काल में सोनिया गांधी को दुर्गा के रूप में चित्रित और मूर्तिमन्त किया गया तथा एक वैश्विक फुटबाल प्रतियोगिता में इटली और फ्रांस के बीच होने वाले मैच के समय भारत में इटली के पक्ष में हवन किए गए और कहा गया कि वह राहुल की ननसाल है। ज्ञातव्य है कि भारत इस प्रतियोगिता में पहले ही हार चुका था। खैर! अब भारतीय जनता पार्टी भी इस कार्य में कांग्रेस को पीछे छोड़ रही है। नरेंद्र मोदी के दूसरे सत्ता-काल में यह ज्यादा ही बढ़ गया है। कभी अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में मोदी को प्रधानमंत्री पद पर प्रतिष्ठित करने वाले राजनाथ सिंह कहते हैं कि 'मोदी जी ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक करने का निर्णय 10 मिनट में ले लिया था'और कभी कहते हैं, 'देश की जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है'। शासन में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव के पीएम प्रत्याशी के रूप में अभी से प्रोजेक्ट कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पुरी(ओडिसा) से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी संवित पात्रा ने कहा कि 'भगवान जगन्नाथ भी मोदी जी के भक्त हैं'।

बताते चलें कि हिरण्यकशिपु, महिषासुर, कंस आदि भगवान की सत्ता को न मानकर अपने को ही भगवान घोषित करते और पूज्य मानते थे, लेकिन भगवान द्वारा अपने को पूजनीय और उनका आराध्य नहीं बताते थे, किन भाजपाई अब इससे आगे बढ़कर चाटुकारिता की सभी हदें पार कर रहे हैं। इस कथन की तीखी आलोचना हो रही है और गाढ़े समय में भाजपा के मददगार बनते रहे ओडिसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने संवित पात्रा के कथन की कड़ी निंदा की। लोकतंत्र के लिए अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं है।

एक नजर

मां ने पुलिस से की बेटे की शिकायत

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा की मढैय्या निवासी पीड़िता रामसनेही पत्नी सियाराम ने अपने बेटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें पीड़िता का कहना है कि उसका बेटा नशे की हालत में उसे गालियां देता और विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देता है।

किशोरी को घर से उठाने का प्रयास, दो पर रिपोर्ट

चन्दौसी, अमृत विचार : अशोक नगर में घर का गेट बंद करने आई किशोरी को दो भाई जबरन उठाकर ले जाने लगे। किशोरी की आवाज सुन मां ने युवकों से छुड़ाया। दोनों भाईयों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अशोक नगर निवासी पीड़ित पिता ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उनकी पुत्री कक्षा सात की छात्रा है। वह सोमवार की रात नौ बजे घर का दरवाजा बंद करने गई थी। तभी मोहल्ले के दो भाई पुलकित व श्याम ने किशोरी को उठा लिया और बाइक से बैठाकर ले जाने लगे। किशोरी की चीखने की आवाज सुन मां मौके पर पहुंची और बमुश्किल पुत्री को आरोपियों से छुड़ाया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों भाई पुलकित व श्याम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घर से नकदी-जेवर व कीमती सामान चोरी

संभल। चोरों ने घर में नकब लगाकर नकदी जेवर व अन्य कीमती सामान सहित दो लाख का मा ल समेट लिया।

नवाड़ा गांव में चोरों ने आरिफ के मकान को निशाना बनाया। आरिफ घर में रात को किसी समय चोरों ने घर की नकब लगाकर संदूक में रखी पांच हजार रुपये की नकदी, सोने व चांदी के जेवर सहित तमाम कीमती सामान चोरी कर लिया। आरिफ सुबह जागा तब घर में चोरी की जानकारी हुई। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी गई है।

अधिवक्ताओं ने न्याय प्रवाह पत्रिका की सदस्यता ली

चन्दौसी, अमृत विचार : अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद संभल ने न्याय प्रवाह सदस्यता अभियान के अंतर्गत तमाम अधिवक्ताओं को पत्रिका की सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वाले राहुल दीक्षित जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, सुनील कुमार अग्निहोत्री सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी एवं पारुल भारद्वाज एडवोकेट रहे।

ट्रैक पार कर रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

प्रेमनगर कॉलोनी क्षेत्र में मुरादाबाद से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर की चपेट में आया नरौली का युवक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र की प्रेमनगर कॉलोनी में ट्रेन से कटकर 25 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। मृतक बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली का निवासी था। वह एक माह से अपनी बहन के घर आनंद विहार कॉलोनी में रह रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, जीआरपी व परिजन पहुंच गए।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली के मोहल्ला मंशा देवी निवासी विपिन 25 वर्ष पुत्र चंद्रपाल मजदूरी करके जीवन यापन कर रहा था। उसकी शादी छह माह पहले थाना टांडा क्षेत्र के गांव सिमरोहा निवासी शीतल से हुई थी। तीन माह पहले पत्नी ने तलाक का मुकदमा दायर कर दिया था। जिससे विपिन परेशान रहने लगा। जिसके चलते एक माह पहले वह कोतवाली क्षेत्र के आनंद विहार कॉलोनी निवासी बहन मीनाक्षी पत्नी संदीप के घर आकर रहने लगा। युवक की बहन मीनाक्षी ने बताया कि मंगलवार की सुबह भाई की ससुराल से फोन आया था, वे लोग गाली-गलौज कर रहे थे। उसके बाद सुबह आठ बजे भाई घर से चला गया। शाम छह बजे कॉलोनी में दिखाई दिया, तो बहन उसे घर ले गई। घर पहुंचने पर युवक धक्का देकर निकल आया। बहन पीछे-पीछे आ रही थी। शाम 6.15 बजे बहन से बचने के लिए युवक प्रेमनगर के पास स्थित चन्दौसी-मुरादाबाद ट्रैक पार कर रहा था। तभी मुरादाबाद से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर आ गई और युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्टेशन अधीक्षक आशीष कुमार मिश्रा, जीआरपी इंचार्ज राजदेव पूनिया, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

- **एक माह से अपनी बहन के घर में रह रहा था विपिन**
- **तीन माह पहले पत्नी ने तलाक का मुकदमा दायर किया था**

युवक की मौत पर बिलखती बहन को ढांढस बंधाती महिलाएं। ● अमृत विचार

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत के बाद छानबीन करती पुलिस। ● अमृत विचार

हादसे के बाद 15 मिनट खड़ी रही ट्रेन

चन्दौसी, अमृत विचार : हादसे के बाद लोको पायलट ने घटना से कंट्रोल को अवगत कराया। कंट्रोल ने सूचना स्टेशन अधीक्षक व जीआरपी को दी। करीब 15 मिनट मुरादाबाद-अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन प्रेमनगर में खड़ी रही। इसके बाद 6.30 बजे चन्दौसी जंक्शन के लिए रवाना हुई।

ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: आंगनबाड़ी केंद्रों में भी ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग उठाई गई है। इस संदर्भ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

विकास खण्ड बनियाखेड़ा की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मंगलवार को बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय पहुंचीं। वहां आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि भीषण गर्मी में बेसिक स्कूलों में ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित हो गया है और पूर्व में भी घोषित होता चला आ रहा है। परन्तु आंगनबाड़ी केंद्रों में 3-6 वर्ष के बच्चे आते हैं। उनके लिए किसी तरह का अवकाश नहीं है। बच्चों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के साथ भेदभाव किया जाता है। भीषण गर्मी में बीमार होने व हीट स्ट्रोक का खतरा बना रहता है। अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र गांव बस्ती में सुनसान वाले स्थानों पर संचालित हैं। बच्चों व आंगनबाड़ी और सहायिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ग्रीष्म अवकाश घोषित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता, अर्चना, मोहिनी, बाला, कमलेश, रामबेटी, धनेंद्रवती, संतोष यादव, सुशीला देवी, सविता, सर्वेश कुमारी, ऊषा सागर, प्रवेश आदि आंगनबाड़ी व सहायिका उपस्थित रहीं।

- **आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा**

बाल विकास परियोजना अधिकारी को ज्ञापन सौंपती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

31 मई को चुनाव में मतदान कर सकेंगे 710 अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: चन्दौसी बार एसोसिएशन चन्दौसी का 2024-25 तक के कार्यकाल का चुनाव 31 मई को होगा। एल्डर्स कमेटी एवं चुनाव अधिकारी ने बार एसोसिएशन के कुल 969 सदस्यों की सदस्यता सूची जारी कर दी है। चुनाव में 710 सदस्यों को ही मताधिकार दिया गया है। जबकि शेष 259 सदस्य केवल सदस्य ही रहेंगे। उन्हें इस वार्षिक चुनाव में मतदान करने का अधिकारी नहीं होगा। सूची मंगलवार को बार के सूचना पट पर चस्पा कर दी गई है।

ऐल्डर्स कमेटी के चेयरमैन रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि बार के सूचना पट पर चस्पा की गई सूची पर कोई भी आपत्ति बुधवार को दोपहर 12 बजे तक कमेटी को प्राप्त कराई जा सकती हैं। जिसका निस्तारण भी बुधवार को दोपहर दो बजे तक कर दिया जाएगा। बार के सभी पदों पर नामांकन 23 व 24 मई को सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक बार सभागार में ऐल्डर्स कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किये जाएंगे। 31 मई को चुनाव होगा।

इस अवसर पर कमेटी सदस्य अनिल कुमार गुप्ता, शकील वारसी, सगीर सैफी, हरीश कुमार अरोरा व चुनाव अधिकारी सुरेश कुमार अग्रवाल, कृष्णौतार शर्मा, नवनीत सिंह यादव उपस्थित रहे।

बार एसोसिएशन चुनाव

- **एल्डर्स कमेटी व चुनाव अधिकारी ने सदस्यता सूची जारी की**
- **शेष 259 अधिवक्ता केवल सदस्य ही रहेंगे, मतदान करने का अधिकारी नहीं होगा**

सार-संक्षेप

भगवान नरसिंह की पूजा अर्चना कर किया नमन

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने मंगलवार को संयुक्त रुप से भगवान विष्णु के दस अवतारों में से एक भगवान नरसिंह (नृसिंह) का जन्मोत्सव तथा स्वंतत्रता सेनानी लीलावती मुंशी की जयंती भगवान नरसिंह मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाई। इस दौरान भगवान नरसिंह की मूर्ति के समक्ष विधि विधान से पूजा अर्चना की। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने भगवान नरसिंह अवतार की कथा की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद से कहा मै ही भगवान हूं मुझे मानो, लेकिन प्रहलाद के न मानने पर उन्हें मारने के लिए सभी प्रयास किए गए। एक बार प्रहलाद को पिता ने दरबार में बुलाया और कहा तेरा भगवान कहां रहता है। प्रहलाद ने कहा सब जगह। हिरण्यकश्यप खंभे पर तलवार से वार किया तो भगवान नरसिंह प्रकट हो गए और नाखूनों से पेट फाड़ कर हिरण्यकश्यप का वध कर दिया। इसके बाद स्वतंत्रता सेनानी लीलावती मुंशी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रामकिशोर अग्रवाल, अतुल शंखधार, एनके शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, विवेक मिश्रा, वेदराम मौर्य, हेमंत कुमार गुप्ता, अवधेश अग्रवाल, सत्यभान मिश्रा, मुकेश शर्मा, ओमेंद्र शर्मा, अदम्य भारद्वाज, अरुण कुमार सिंह, नेपाल सिंह, शिवन्या भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

मेरी लगी बालाजी संग प्रीत...

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से विनायक गार्डन के निकट सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं के पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, अजय सक्सेना, दिवाकर गौड़, बृजेंद्र शर्मा, योगेंद्र कुमार शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, सुरेश चंद्र शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का लयवद्ध वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने दुनिया में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना, सुधा शर्मा ने मेरी लगी बालाजी संग प्रीत, कि दुनिया क्या जाने आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कल्पना वार्ष्णेय, पीएन शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, गोविंद वार्ष्णेय, अशोक पाठक, सूरज पाराशरी, जयपाल सिंह, गंगाराम शर्मा, अभिषेक शर्मा, नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

गांव दियौरा खास में हवन में आहुतियां देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कुरीतियों के निवारण को हवन में दी आहुतियां

कुढफतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : गांव दियौरा खास में मंगलवार को हरीसिंह आर्य के यहां आर्य यज्ञशाला के उद्घाटन की पूर्व संध्या पर यज्ञ किया गया। वेद प्रिया ने वेदमंत्रोचार के साथ यज्ञ कार्य संपन्न कराया। ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की और समाज में फैली कुरीतियों जुआ, मद्यपान, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, अंधविश्वास, रूढ़िवादिता आदि के निवारण एवं विश्व कल्याण के लिए यज्ञ में आहुतियां दी। तदोपरांत वेद प्रिया, आचार्य विनोद, राजाराम आर्य तथा व्यायाम शिक्षक धर्मवीर आर्य ने मतमतांतर व धर्म चतुष्टय, पुरुषार्थ पर चर्चा की। मुख्य यज्ञमान किशनपाल सिंह आर्य, हरि सिंह आर्य, डॉ. यादराम सिंह आर्य, अर्जुन सिंह, डम्बर सिंह, नवरत्न सिंह, अखिलेश आर्य, राजकुमारी, गुड्डो देवी, आदि रहे।

अवैध खनन में दो ट्रैक्टर ट्राली को किया सीज

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे खनन इंस्पेक्टर मोहम्मद अलीम ने दो ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी चालक इजहारुल व मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी आकिल अवैध खनन कर मिट्टी ट्रैक्टर ट्राली में भरकर लेकर जा रहे थे। खनन इंस्पेक्टर ने इजहारुल व आकिल से ट्रैक्टर ट्राली रुकवाकर खनन के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन वे परमिशन नहीं दिखा सके। जिसके बाद खनन इंस्पेक्टर मिट्टी से लदे ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी नुरियो सराय लेकर आ गए और कानूनी कार्रवाई कर ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया।

ट्रेन में छूटा यात्री का ट्राली बैग जीआरपी ने लौटाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: सूबेदारगंज एक्सप्रेस में यात्री का छूटा ट्राली बैग जीआरपी ने लौटा दिया है। जीआरपी के इस कार्य की सराहना हो रही है। बैग मिलने पर यात्री का चेहरा खिल उठा। बैग में लैपटॉप समेत अन्य जरुरी सामान था।

यात्री अविजीत पुत्र अनिल निवासी मोहल्ला देवपुरा ग्राम कालोनी थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज 21 मई दिन सोमवार की रात सूबेदारगंज एक्सप्रेस 14113 में कोच-1 में सफर कर रहे थे। सीट के नीचे अपना लाल रंग का ट्राली बैग रख दिया था। देर रात जब ट्रेन अलीगढ़ पहुंची तो वह अलीगढ़ स्टेशन पर उतर गए लेकिन उनका ट्राली बैग सीट के नीचे रखा छूट गया। इससे पहले वह दौड़ कर ट्रेन से अपना बैग ला पाते। ट्रेन रवाना हो गई। बैग में एक लैपटॉप, पेपर ड्राइंग-7 नंबर रेलवे प्रोजेक्ट, एक पेपर बुकलेट रेलवे प्रोजेक्ट व कपड़े थे। उक्त बैग ट्रेन स्कोर्ट में थाना जीआरपी चन्दौसी पर तैनात हेड कांस्टेबल कामेंद्र सिंह व कांस्टेबल धनपाल सिंह को ट्रेन चलने के बाद एच-1 कोच की बर्थ नंबर 7 की सीट के नीचे से मिला। जिसकी सूचना रेलवे ट्रोल फ्री नंबर 139 को सूचना दी गई। जीआरपी चन्दौसी ने अविजीत से किसी तरह संपर्क किया। मंगलवार को थाना प्रभारी राजदेव पूनिया ने यात्री अविजीत को बुलाकर ट्राली बैग सामान सहित सुपुर्द कर दिया।

यात्री का ट्रेन में छूटा बैग व लैपटॉप लौटते जीआरपी थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षकों की समस्याएं उठाईं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद संभल ने बेसिक शिक्षकों की समस्याएं उठाई हैं। इस संदर्भ में छह सूत्रीय मांग पत्र बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंप कर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जनपद के कुछ शिक्षकों ने अपने बच्चों की शादी, मकान मरम्मत, मकान पुनः निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य करने हेतु जीपीएफ से ऋण की मांग की है। उससे संबंधित आवेदन आपके कार्यालय में लंबित हैं। जीपीएफ ऋण स्वीकृत कराया जाए। जिन शिक्षकों का जीपीएफ कटता है उन्हें वर्ष में एक या दो बार जीपीएफ पासबुक दिखाने तथा लेखा पर्ची उपलब्ध कराने से संबंधित आदेश दिए जाएं।

परिषदीय विद्यालयों में तमाम ऐसे शिक्षक हैं जिन्हें एक ही पद पर सेवा करते हुए 10 वर्ष या इससे अधिक समय पूरा हो गया है लेकिन उनका चयन वेतनमान अभी तक नहीं लग पाया है।

उक्त से संबंधित संगठन ने एक ज्ञापन पूर्व में भी दिया था लेकिन एक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी चयन वेतनमान नहीं मिला है। जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

जनपद के कुछ खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से न्यूनतम छात्र संख्या उपस्थिति एवं अन्य कार्य से बिना किसी नोटिस व स्पष्टीकरण के शिक्षकों का वेतन रोका जा रहा है जो की उचित नहीं है। रोके गए वेतन को निकलवाने के लिए संबन्धित को निर्देश दिए जाएं। कहा कि एफएलएन प्रशिक्षण का मानदेय अभी तक शिक्षकों के खाते में नहीं पहुंचा है।

पवांसा विकासखंड के शिक्षकों का शैक्षिक सत्र 2015-16 एवं शैक्षिक सत्र 2016-17 का महंगाई अंतर का एरियर अभी तक खातों में नहीं पहुंचा है। सभी मांगों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष यादव, मंडल अध्यक्ष सतीश चंद्र, जिलाध्यक्ष सेवाराम दिवाकर, प्रदीप चौधरी, कालाराम यादव, राजकुमार सिद्दार्थ, जीतपाल सिंह, चिंतामणि, जगदीश बाबू, प्रहलाद यादव, ओमकार सिंह, सर्वेश कुमार, चन्द्रपाल सिंह, उमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

- **उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने छह सूत्रीय मांग पत्र बीएसए को सौंपा**

बहजोई में बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

दुष्कर्म के आरोप में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार: कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव के पास स्थित भट्ठे पर युवक ने प्रेम जाल में फंसाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की मां की ओर से आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शहर से कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के पास स्थित ईट भट्ठे पर बनियाठेर थाना क्षेत्र के नरौली का परिवार ईट पथाई करता है। जहां उसी कस्बा का युवक भी कार्य कर रहा है। महिला ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि युवक ने उनकी 15 वर्षीय पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसा रखा है। तीन मई की रात साढ़े ग्यारह बजे युवक उनकी पुत्री को दूसरे भट्ठे पर ले गया। जहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। दूसरे दिन परिजन थाना कुढ़फतेहगढ़ पहुंचे और आरोपी युवक शिवम के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी शिवम के विरुद्ध पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम ALIMA ANJUM से बदलकर ALIMA S/O MOHD TASLEEM मौहल्ला टनडोला टांडा रामपुर रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने अपनी बेटी कु0 रूली के सचिन कुमार से अपनी मर्जी से शादी करने के कारण मैंने व मेरे परिवार ने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कुकृत्यों की वह स्वयं जिम्मेदार होगी। राजपाल पुत्र बिहारी लाल नि0 ग्राम अकौंदा तह0 मिलक थाना शहजादनगर जिला रामपुर (उ0प्र0)

सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पौत्र मोहित पुत्र स्व नन्हे व पुत्रवधु कंचन पत्नी स्व नन्हे गलत संगत में पड़ गये है और आये दिन लड़ाई झगड़ा करते रहते है जिस कारण उन दोनों को मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में ये अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। कल्लन सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम दमगढा तहसील हसनपुर जिला अमरोहा।

अनदेखी | विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव पथरा में गंदे पानी की निकास बाधित होने से दिक्कत

जलभराव से पनप रहे मच्छर, बीमारी फैलने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: विकास खण्ड बनियाखेड़ा के गांव पथरा में करीब 50 घरों के लोग गंदे पानी की निकासी बाधित होने से सड़क पर जलभराव व गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं। गर्मी के मौसम के चलते स्थानीय लोगों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का अंदेशा सता रहा है। लंबे समय से चली आ रही समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है और समस्या समाधान कराए जाने की मांग की है।

बदायूं मार्ग पर गांव पथरा है। गांव के बाहरी क्षेत्र में पार्थ अस्पताल की गली के सामने एक गली में करीब 50 घर हैं। यहां घरों से आ रहे गंदे पानी का निकास नहीं है। जिससे सड़क पर जलभराव रहता है। पूर्व में मोहल्ले वालों ने एक खाली भूखंड में गड्ढा खोद कर घरों से आ रहा गंदा पानी छोड़ने की व्यवस्था बना ली है। आलम ये है कि खाली भूखंड में भी गंदा पानी उफन कर फिर से सड़क पर आ गया है। इतना ही नहीं सड़क पर काई तक जम गई है। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काई जमी होने से बच्चे व महिलाएं और बुजुर्ग फिसल कर चोटिल हो जाते हैं। अन्यथा उन्हें गांव से बाहर जाने के लिए दूसरे लंबे रास्ते से होकर जाना पड़ता है। जलभराव को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सड़क पर जभराव से मच्छर पनपने लगे हैं। जिससे जानलेवा बीमारियां फैलने का अंदेशा बना रहता है। बारिश के दिनों में रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है।

पानी की निकासी बाधित होने पर जलभराव से गुजरता युवक।

हाइवे पर जाने के लिए जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। जलभराव में काई जमा होने से फिसल हो गई है। जिससे फिसलने का भय बना रहता है। कई लोग फिसल कर चोटिल भी हो चुके हैं। **-चंद्रवती देवी**

जल निकासी बाधित होने से जलभराव की समस्या लंबे समय से चली आ रही है। गर्मी में मच्छर पनप रहे हैं। जिससे बीमारियों के फैलने का भय बना रहता है। समस्या का समाधान कराया जाए। **-सुनील कुमार**

बारिश के दिनों में घर के दरवाजे तक जलभराव हो जाता है। जिससे छोटे बच्चों को खतरा बना रहता है। नाला निर्माण करा जलभराव की समस्या से निजात दिलाई जाए। **-संगीता देवी**

जलभराव की समस्या से ब्लॉक बनियाखेड़ा के अधिकारियों का मौखिक रुप से अवगत करा दिया गया है। स्थानीय लोगों के साथ ब्लॉक व तहसील अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंप कर समस्या समाधान की मांग की जाएगी। **-ब्रजेश कुमार**

रुपये के लेन-देन को लेकर दंपती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर में रुपये के लेन-देन को लेकर दंपती को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला की तहरीर पर दो महिलाओं सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने घायलों का उपचार सीएचसी में कराया है।

ग्राम प्रहलादपुर निवासी महिला सीमा पत्नी राकेश कुमार ने थाने में दी तहरीर में कहा कि 18 मई की शाम पांच बजे वह अपने घर में थी। उसका पति खेत पर गया हुआ था।

तभी गांव के मुकेश दिवाकर व तेजपाल पुत्र रामौतार व प्रेमवती पत्नी मुकेश दिवाकर व अंशु पुत्री तेजपाल महिला के घर में घुस आए और रुपये के लेन-देन को लेकर गाली-गलौज करने लगे। महिला ने कहा कि उसके पति व जेठ ने जो रुपये लिए थे, वह गेहूं की फसल बेचकर लौटा दिए। अब कुछ शेष नहीं बचा है। तभी चारों ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। तभी उसका पति खेत से वापस आ गया और अपनी पत्नी को बचाने पहुंचा, तो चारों ने राकेश के साथ भी मारपीट की।

महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची और हमलावरों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त चारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म

- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

आधी सीटों पर सीधी, एक तिहाई में त्रिकोणीय लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। प्रदेश में अब जिन 27 सीटों पर अगले दो चरणों में लोकसभा चुनाव होना है, उसे पूर्वांचल का रण कहा जा रहा है। यहां जातीय गोलबंदी के बीच आधी सीटों पर सीधी तो एक तिहाई में तिकोनी लड़ाई की तस्वीर उभर रही है। 2019 के परिणाम के मुताबिक इन 27 सीटों में भाजपा ने 18, अपना दल ने दो यानी एनडीए गठबंधन ने 20 सीटें जीती थीं। आजमगढ़ की सीट भाजपा ने उपचुनाव में सपा से छीन ली थी। इस तरह एनडीए के पास वर्तमान में 21 सीटें हैं, जबकि छह सीटें बसपा के पास हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। इस बार सपा ने कांग्रेस से गठबंधन किया है, जबकि बसपा अकेले चुनाव मैदान में है। बसपा ने 2019 के चुनाव में जौनपुर, घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज लोकसभा सीटों पर सफलता पाई थी।

अंतिम दो चरणों में मतदान वाली 27 लोकसभा सीटों में भाजपा ने 24 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। दो सीटों पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) और एक सीट पर ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में है। इसके मुकाबले सपा ने 22 सीटों पर उम्मीदवार उतार रखे हैं। चार सीटों पर गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव लड़ हैं। एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार मैदान में है। बसपा के प्रत्याशी सभी 27 सीटों पर ताल ठोंक रहे हैं।

भाजपा के सामने मिशन-80 की कामयाबी के लिए इन 27 सीटों पर क्लीन स्वीप करने की चुनौती है, तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने आजमगढ़ सीट भाजपा से वापस लेने के साथ अपने पीडीए फॉर्मूले की सफलता सुनिश्चित करनी है। बसपा प्रमुख मायावती की सबसे बड़ी चुनौती अपनी पार्टी का सियासी आधार कायम रखना है, तो कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली के बाहर अपना वजूद तलाशने की चुनौती से जूझना है।

25 मई को14 सीटों पर पड़ेंगे वोट: प्रदेश में छठे चरण में 14 सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर व भदोही लोकसभा सीट पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। सातवें चरण का मतदान एक जून को 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज में होगा।

अगले दो चरणों में 27 लोकसभा सीटों पर पूर्वांचल का रण जीतने की जंग



27 लोकसभा सीटों पर प्रदेश में चुनाव रह गया शेष

14 सीटों पर छठे चरण में 25 मई को होगा मतदान

13 सीटों पर अंतिम चरण में पहली जून को वोटिंग

2019 का परिणाम



(आजमगढ़ की सीट सपा उपचुनाव में भाजपा से हार गई थी)

इंडिया ब्लॉक

- 22 – सीटों पर सपा ने उम्मीदवार उतारे
- 04 – सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव
- 01 – एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार
- 27 – सभी सीटों पर बसपा प्रत्याशी ठोंक रहे ताल

कौन कितनी सीट पर मुकाबले में (एनडीए)

- 24 – लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी
- 02 – सीटों पर अपना दल (एस) के उम्मीदवार
- 01– सीट पर सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में

चुनावी चक्रव्यूह का छठा द्वार भाजपा पांच सीटें गई थी हार

- छठे चरण की अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, लालगंज और जौनपुर सीट साल 2019 के चुनाव में बसपा ने जीती थी तो आजमगढ़ में सपा ने जीत दर्ज की थी, हालांकि अब इस सीट पर उसका कब्जा नहीं है। ऐसे में इस बार भाजपा के लिए इन पांच सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, जो आसान काम नहीं है। इसकी वजह, पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जातीय समीकरणों का मकड़जाल है। यहां आधी से ज्यादा सीटों पर पिछड़ों का प्रभाव है। वही हार जीत तय करते हैं। इसके कारण ही अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी जैसे छोटे दल पिछड़े वर्ग के मतदाताओं में खास जाति के आक्सीजन पर ही चल रहे हैं। इसी तरह करीब एक तिहाई सीटों पर सवर्ण विशेष रूप से ब्राह्मण और ठाकुर मतदाता प्रभाव रखते हैं। इसे देखते हुए सभी दल अपने आधार वोट बैंक को जातीय वोटों के साथ जोड़कर प्रत्याशी उतारते रहे हैं।

पहले जाति-बिरादरी फिर पार्टी : पूर्वांचल में छठे चरण की वे छह सीटें जिन पर आर-पार का मुकाबला

लालगंज में सात चुनावों में एक बार जीती भाजपा

- लालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर पिछले सात चुनावों में चार बार बसपा, दो बार सपा जबकि भाजपा ने सिर्फ एक बार 2014 में जीत दर्ज की है। इससे पहले 2009 में बसपा जीती थी और 2019 में सपा के साथ गठबंधन में जीत हासिल की थी। बसपा की संगीता आजाद को 54.01 तो भाजपा की नीलम सोनकर को 37.19 प्रतिशत मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी लगभग दो प्रतिशत वोट ही हासिल कर पाया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटें जीत ली थी। इस बार भाजपा ने फिर से नीलम सोनकर पर ही भरोसा जताया है। सपा ने पुराने समाजवादी दरोगा सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है, तो बसपा ने डॉ. इंदु चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है।

2019



जौनपुर में आठ चुनावों में भाजपा तीन बार जीती

- जौनपुर सीट पर 1996 से भाजपा और बसपा को तीन-तीन बार जीत मिली है। सपा यहां दो बार जीती है। 2019 के चुनाव में बसपा के श्याम सिंह यादव ने भाजपा के सांसद कृष्ण प्रताप सिंह को 60 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के देवव्रत मिश्रा 27 हजार वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। 2014 में भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह वोटों के बंटवारे से जीत गए थे। उन्हें 3.67 लाख वोट मिले थे। बसपा के सुभाष पांडे को 2.20, सपा के पारसनाथ यादव को 1.80, निर्दलीय धनंजय सिंह को 64 हजार, आप पार्टी के डॉ. केपी यादव को 43 हजार और कांग्रेस के रविकिशन को भी करीब 43 हजार मतों मिले थे। इस मर्तबा यहां बसपा से सांसद श्याम सिंह यादव, भाजपा से कृपाशंकर सिंह, सपा से पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा मैदान में हैं।

2019



आजमगढ़ में बीते नौ चुनावों में दो बार ही खिल पाया कमल

- आजमगढ़ लोकसभा पर 1996 से अब तक हुए नौ लोकसभा चुनावों में चार बार सपा, तीन बार बसपा और दो बार भाजपा को जीत मिली है। 2019 के चुनाव में समाजवादी पारेटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ को 2.60 लाख मतों से हराया था। अखिलेश के इस्तीफा देने पर 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा से दोबारा उतरे निरहुआ आठ हजार वोटों से जीत गए थे। इस चुनाव में सपा के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को 2.66 लाख वोट मिलना था। इस बार सपा ने धर्मेंद्र यादव, भाजपा ने दिनेश लाल यादव निरहुआ को उतारा है, तो बसपा से मशहूद सबीहा अंसारी चुनाव मैदान में हैं।

2019



पिछली बार सिर्फ 181 मतों से ही मिली थी जीत

- मछलीशहर लोकसभा सीट पर नजर डालें तो तीन दशक के चुनाव में भाजपा ने चार बार, सपा ने दो बार और बसपा ने बार जीत हासिल की है। 2019 के चुनाव में यहां दिल की धड़कनें रोक देने वाला मुकाबले में भाजपा के बीपी सरोज ने बसपा के त्रिभुवन राम को 181 मतों से हरा दिया था। 2014 में भाजपा से रामचरित्र निषाद वोटों का बंटवारा होने से जीत गए थे। राम चरित्र को 4.38 लाख, बसपा के बीपी सरोज को 2.66 लाख, सपा के तूफानी सरोज को 1.91 लाख, कांग्रेस के तूफानी निषाद को 36 हजार और भाकपा के सुभाष चंद्र को 18 हजार से ज्यादा मत मिले थे। इस बार भाजपा से सांसद बीपी सरोज, सपा ने अपने तीन बार के सांसद तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज, बसपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी कृपाशंकर सरोज पर दांव लगाया है।

2019



श्रावस्ती में जीत का आधार बना ब्राह्मण कार्ड

- श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र ब्राह्मण-मुस्लिम बहुल है। 2008 में बनी इस सीट पर तीन चुनावों में कांग्रेस, भाजपा व बसपा एक-एक बार जीती है। 2019 में बसपा के रामशिरोमणि शर्मा ने भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा को 5,320 मतों से हरा दिया था। कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह 58 हजार मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। बसपा ने इस बार मुइनुद्दीन अहमद खान को मैदान में उतारा है। 2014 में जीते भाजपा के दद्दन मिश्रा को मिले 3.45 लाख मतों के मुकाबले सपा के अतीक अहमद को 2.60, बसपा के लालजी वर्मा को 1.94 लाख, पीईसीपी के रिजवान जहीर को 1.01 लाख वोट मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र साकेत मिश्र को उतारा है। सपा से सांसद रामशिरोमणि वर्मा और बसपा से मुइनुद्दीन अहमद हैं।

2019



अंबेडकरनगर में आठ में छह चुनाव बसपा ने जीते

- अंबेडकर नगर लोकसभा सीट से बसपा सुप्रीमो मयावती 2019 में बसपा के रितेश पांडेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को 96 हजार मतों से हरा दिया था। इससे पहले 2014 में भाजपा के हरिओम पांडे 4.32 लाख वोट पाकर जीते थे। लेकिन बसपा के राकेश पांडेय को 2.92 लाख, सपा के राममूर्ति वर्मा को 2.34 लाख और कांग्रेस के अशोक सिंह को 23 हजार मत मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने बसपा से आए सांसद रितेश पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। रितेश के पिता 2009 में बसपा से यहां से सांसद चुने गए थे, 2014 में हार गए थे। बसपा ने जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमर हयात तो सपा ने छह बार के विधायक लालजी वर्मा पर भरोसा जताया है।

2019



गुरुग्राम लोकसभा सीट पर रोचक हुआ चुनावी संग्राम

हरियाणवी खून और बब्बर शेर के बीच कर गई चुल्ल


राज बब्बर।


राव इंद्रजीत सिंह।


राहुल फाजिलपुरिया।

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। देश का प्रमुख आईटी व इनोवेशन केंद्र गुरुग्राम इस समय रोचक चुनावी संघर्ष का नजारा देख रहा है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सिने अभिनेता राज बब्बर जिन्हें कांग्रेसी 'बब्बर शेर' बता रहे हैं, का मुकाबला 2019 में जीत की हैट्रिक लगा चुके भाजपा के केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से हो रहा है। राव इंद्रजीत सिंह ने 2009 में कांग्रेस से चुनाव जीता था और 2014 के चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा से मतभेद के चलते भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा यहां राजबब्बर को बाहरी बताकर 'हरियाणवी खून' के लिए वोट मांग रही है। लेकिन इन दोनों के मुकाबले में तीसरी कड़ी बनकर तेजी से उभरे हैं, जेजेपी के प्रत्याशी बॉलीवुड रैपर हरियाणवी गायक राहुल फाजिलपुरिया। वह 2016 में आई फिल्म 'कपूर एंड संस' के गाने 'कर गई चुल्ल' में आवाज देकर मशहूर हुए थे। इन तीनों प्रत्याशियों के बीच चौथा कोण भी है, इंडियन नेशनल लोकदल ने यहां मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी तादाद देखते हुए हाजी सोहराब खान को मैदान में उतार रखा है।

गुरुग्राम 25,78,523 मतदाताओं के साथ हरियाणा का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। शानदार चमक-दमक वाले इलाकों के साथ मेव मुस्लिम बहुल पिछड़ा नूंह क्षेत्र भी इस लोकसभा सीट का हिस्सा है। यहां 19% के साथ सबसे बड़ा वोट बैंक मेव मुस्लिम हैं। अहीरों की आबादी 17% है, जाट यहां आबादी का 8% हिस्सा हैं और सामान्य श्रेणी में सबसे बड़ा समुदाय हैं। इनके बाद पंजाबी करीब 7% हैं। दलित आबादी 15% है।

भाजपा प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह अपनी चौथी जीत के लिए चुनाव को मूल बनाम बाहरी लड़ाई बता रहे हैं। उनकी बेटी आरती सभाओं में हरियाणवी खून के लिए वोट मांग रही हैं। लेकिन राव इंद्रजीत सिंह की राह इस बार आसान नहीं दिख रही है। उन्हें इस भाजपा की गुटबाजी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के बड़े नेता भी उनके प्रचार में सिर्फ खानापूरी के लिए ही आते-जाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में राव इंद्रजीत ने अपने प्रचार अभियान में मोदी का गारंटी के साथ विकास पर फोकस कर रखा है। वह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण, एम्स रेवाड़ी की आधारशिला रखने और कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देकर वोट मांग रहे हैं। 2019 में राव इंद्रजीत सिंह ने लगभग चार लाख वोटों से कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन अजय यादव को हराया था। इसके मुकाबले कांग्रेस के राज बब्बर अपने पंजाबी समुदाय के साथ मुस्लिम मतों पर भरोसा करते हुए स्टारडम का फायदा उठाते हुए अन्य वर्गों को साधने में मेहनत कर रहे हैं।

भोजपुरी गीत और बदलाव को कसी मुट्ठियां

चुनाव डेस्क

- दिल्ली की नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला

अमृत विचार। दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों में नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट लगातार सबसे हॉट बनी हुई है। यहां भोजपुरी गीतों की धूम के बीच बदलाव के लिए कसी मुट्ठियों का जोश टकराता नजर आ रहा है। जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे कन्हैया कुमार जो राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा करके उनके भरोसेमंद बन चुके हैं, इस सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी का समर्थन मिला हुआ है। कन्हैया का मुकाबला दो बार के भाजपा सांसद भोजपुरी सिनेमा के गायक और सुपरस्टार मनोज तिवारी से हो रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी भले ही बिहार से हैं, लेकिन इनकी राजनीति दिल्ली में ही शुरू हुई है। इस कारण मुकाबला और रोचक हो गया है। इस सीट पर अधिकतर मतदाता पूर्वांचल से जुड़े हैं। ऐसा माना जाता है कि पूर्वी यूपी और बिहार के लोग ही यहां चुनाव का नतीजा तय करते हैं। इन लोगों की मुख्य मांगों में कॉलोनियों का नियमितीकरण, नौकरी की सुरक्षा, किफायती आवास और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता शामिल है। पूर्वांचल और बिहार के इन मूल निवासियों का कहना है कि राजधानी में कई साल बिताने के बाद भी उनके साथ दोयम दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता है। वे ज्यादातर छोटे आवासों में रहते हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। लेकिन इन सारी समस्याओं के बावजूद ये मतदाता बड़ा वोट बैंक हैं, जिन्हें लुभाने के लिए मनोज तिवारी की चुनावी सभाओं में 'रिंकिया के पापा' जैसे भोजपुरी गानों की धूम सुनी जा सकती है। दिल्ली की इस लोकसभा सीट पर पूर्वांचल और बिहार के मतदाताओं के साथ ही महिला वोटर के हाथ में जीत की कुंजी मानी जाती है। इसकी वजह इस लोकसभा सीट पर महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से ज्यादा होना है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र में 10 विधानसभा सीटें हैं। इनमें अधिकतर पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है, जो कांग्रेस से गठबंधन के चलते कन्हैया कुमार के साथ खड़ी है।

जीत का भरा जोश

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को धनबाद निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के समर्थन में बोकारो जिले में चुनाव प्रचार किया।

सुल्तानपुर सीट से दूसरी जीत दर्ज करने पर नौ बार सांसद चुने जाने का रिकार्ड बना देंगी भाजपा नेता

मेनका गांधी पिछली बार जैसे संघर्ष में ही उलझी दिख रहीं

सुल्तानपुर लोकसभा सीट

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। आठ बार की सांसद मेनका गांधी सुल्तानपुर से दूसरी बार चुनाव जीतने के साथ ही डीबी राय के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। राय भी नौ बार सांसद बने थे। वैसे सबसे ज्यादा बार लोकसभा में पहुंचने का रिकार्ड इंद्रजीत गुप्ता के नाम है, जो 11 बार चुनाव जीते थे। 10 बार सांसद बनने वालों में अटल बिहारी वाजपेई, सोमनाथ चटर्जी और पीएम सईद का नाम है। 2019 का लोकसभा चुनाव जीतने के लिए सुल्तानपुर में भाजपा की प्रत्याशी मेनका गांधी को खासा संघर्ष करना पड़ा था। कांटे के मुकाबले में उन्होंने बसपा उम्मीदवार चंद्रभद्र सिंह को 14 हजार वोटों से हराया था। इस जीत के साथ ही मेनका गांधी सुल्तानपुर की पहली महिला सांसद भी बन गई थीं। उनसे पहले यहां से कोई महिला उम्मीदवार जीत नहीं हासिल कर पायी थी।

भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के लिए सुल्तानपुर में इस बार का चुनाव भी आसान नहीं नजर आ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में निषाद मतदाता बड़ी संख्या में हैं। सपा ने इसी जातीय समीकरण को साधने के लिए तमाम आंतरिक कलह के बाद राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा है। वह पहले बसपा फिर भाजपा में रह चुके हैं।

2007 में बनी बसपा सरकार में मत्स्य राज्य मंत्री थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़े थे। बसपा से इस बार नए और युवा चेहरे के रूप में उदराज वर्मा क्षेत्र में मेहनत करते नजर आ रहे हैं। पिछले तीन चुनावों में यहां बसपा दूसरे नंबर पर रही है, ऐसे में बसपा की चुनौती को कमजोर करके नहीं आंका जा सकता है। जानकार इस बार त्रिकोणीय संघर्ष होना मान रहे हैं। दरअसल, बसपा ने यहां कुर्मी समाज पर दांव खेला है, जिनकी मतदाता संख्या एक लाख से ज्यादा है। बसपा की रणनीति कुर्मी और करीब साढ़े तीन लाख दलित मतों के सहारे मुकाबले में आकर मुस्लिम मतों को भी अपनी झोली में डालना है। उधर, सपा ने भी लोकसभा क्षेत्र में दो लाख से अधिक गिने जाने वाले निषाद मतदताताओं के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग और एम वाई समीकरण के तहत यादव और मुस्लिम मतों के सहारे जीत की उम्मीद लगा रखी है।

कांटे के मुकाबले में 2019 में 14,526 मतों से मिली थी जीत : 2019 के चुनाव में मेनका गांधी को 4,59,196 वोट मिले थे। बसपा के चंद्र भद्र सिंह ने 4,44,670 मत पाए थे। मेनका गांधी चुनाव 14,526 वोटों के अंतर से जीतने में सफल रही थीं। इससे पहले 2014 में मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी यहां से भाजपा के सांसद चुने गए थे। वरुण ने बसपा के पवन पांडेय को 1,78,902 वोटों से हराया था। सपा के शकील अहमद तीसरे और 41 हजार वोट पाकर कांग्रेस की अमिता सिंह चौथे स्थान पर पिछड़ गई थीं। 2009 का चुनाव कांग्रेस के डॉ. संजय सिंह ने जीता था, तब बसपा के मोहम्मद ताहिर दूसरे स्थान पर थे। भाजपा से उतरे सूर्यभान सिंह 44 हजार वोटों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए थे।

अकेले ही संभाल रखी है प्रचार की कमान

- मेनका गांधी सुल्तानपुर के गांवों में लगातार प्रचार में जुटी हैं। वह प्रतिदिन सैकड़ों लोगों से संपर्क कर रही है। अभी भाजपा के किसी बड़े नेता की सभा उनके समर्थन में नहीं हुई है। सुल्तानपुर लोकसभा में सुल्तानपुर, जयसिंहपुर सदर, लम्भुआ, कादीपुर और इसौली विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से इसौली को छोड़कर जहां से सपा के मो. ताहिर खान विधायक हैं, बाकी चार विधानसभाओं में भाजपा का कब्जा है। जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर के चेयरमैन पद पर भी भाजपा काबिज है। मेनका गांधी के साथ सीधे तौर पर कोई जातीय समीकरण नहीं है, लेकिन विधायकों और संगठन के माध्यम से भाजपा सभी वर्ग के मतदाताओं तक मोदी की गारंटी, विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के साथ राष्ट्रवाद का संदेश पहुंचा रही है।

सार-संक्षेप

आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को मिली राहत, कोर्ट ने जमानत दी

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को बड़ी राहत देते हुए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत दे दी है। मालूम हो कि 16 मई 2024 को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। 18 जून 2013 को पूर्व मंत्री के खिलाफ प्रयागराज के मुट्ठीगंज थाने में आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मंत्री पर आरोप था कि बसपा सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने ज्ञात आय से अधिक की संपत्ति अर्जित की। इसके अलावा उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कॉलेज को मान्यता देने सहित कई फर्जीवाड़ी भी किए। लोकायुक्त की जांच में वर्ष 2010 में अपने पद का गलत प्रयोग कर त्रिपाठी द्वारा कई कॉलेजों को मान्यता देने का खुलासा किया गया है। इसी मामले में एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट, प्रयागराज ने राकेश धर को दोषी मानते हुए तीन साल के कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसे वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई थी।

अफजाल अंसारी की अपील पर आज भी होगी सुनवाई

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी की अपील पर 21 मई यानी मंगलवार को 2 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान अंसारी के अधिवक्ताओं ने पक्ष रखते हुए सजा खत्म करने की मांग की, साथ ही कोर्ट को बताया गया कि लंबित मुकदमे के कारण अफजाल अंसारी के चुनाव लड़ने को लेकर संशय बना हुआ है। अत: कोर्ट से सजा रद करने की मांग की गई। हालांकि राज्य सरकार और भाजपा विधायक रहे कृष्णानंद राय के पुत्र पीयूष राय के अधिवक्ताओं ने अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग की। समयाभाव के कारण कोर्ट ने मामले को 22 मई के लिए स्थगित कर दिया। अब बुधवार को होने वाली सुनवाई अंसारी के चुनाव लड़ने या ना लड़ने का फैसला करेगी। मालूम हो कि गाजीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा मिली 4 साल की सजा के खिलाफ अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है।

रंगदारी व धमकी केस में रिजवान सोलंकी को जमानत

कानपुर, अमृत विचार : सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी को रंगदारी व धमकाने के मामले में दर्ज मुकदमें में हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। इस मामले में आरोपी शौकत अली को भी जमानत मिल गई। रिजवान और शौकत के खिलाफ आगजनी मामले में गवाह विष्णु सैनी ने धमकाने व रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए नंवबर 2023 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी के मामले में गवाह विष्णु कुमार सैनी ने जाजमऊ थाने में सात नंवबर 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विष्णु ने बताया था कि आगजनी मामले में वह बयान देने कोर्ट पहुंचा तो पेशी पर आए रिजवान सोलंकी व शौकत अली ने उन्हें धमकाया और रंगदारी की मांग की। जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले में जाजमऊ पुलिस ने रिजवान, शौकत अली समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। रिजवान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसपर वे हाईकोर्ट गए थे।

कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले की अगली सुनवाई 24 को

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड तथा हिंदू पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद मामले को शुक्रवार 24 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हुई। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने अपने तर्कों में कहा कि 12 अक्टूबर, 1968 को हिंदू पक्ष और वक्फ बोर्ड के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके माध्यम से विवादित संपत्ति शाही ईदगाह को सौंपी गई थी। वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता ने कहा कि वर्ष 1974 में तय एक दीवानी वाद में भी इस समझौते की पुष्टि की गई है, साथ ही इस समझौते को करने वाले संस्थान में कई नामी व्यक्ति सदस्य थे। चूंकि दोनों पक्षों के बीच कई मुकदमे चल रहे थे, इसलिए उन्होंने समझौता करने का निर्णय किया और तब से मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा वहां नमाज अदा की जा रही है। सुन्नी वक्फ बोर्ड की दलील पर आपत्ति करते हुए हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि मुस्लिम पक्ष का स्वयं का कथन है कि समझौते में वक्फ बोर्ड और शाही ईदगाह के किराएदार शामिल थे जो दर्शाता है कि हस्ताक्षर करने वाले संपत्ति के स्वामी नहीं थे, बल्कि वे किराएदार थे।

दबंगों ने लाठी डंडो से पीट पीटकर युवक की हत्या

रायबरेली, अमृत विचार : सोमवार की देर शाम लाठी डंडों से लैस लगभग आधा दर्जन लोगों ने युवक पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए युवक चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन दबंगों की दहशत के आगे आसपास के स्थानी लोग युवक को बचाने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाए। इसी दौरान पोलिंग बूथ से वापस आ रही पुलिस की गाड़ी को देखते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने भाग रहे आरोपियों को पकड़ने की जहमत तक उठाना जरूरी नहीं समझा। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। भदोखर थाना क्षेत्र के जफरपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार (25) पुत्र पुत्तीलाल बाजार से शाम लगभग छह बजे घर वापस जा रहा था। तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे लगभग आधा दर्जन लोगों ने युवक पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित युवक बचाव के लिए इधर-उधर भागता रहा, लेकिन दबंगों ने लाठी डंडों से इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

पहली बार अयोध्या में होगी प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता

अयोध्या, अमृत विचार : उप्र स्टेट रायफल एसोसिएशन के तत्वावधान में 22 वीं प्री-स्टेट एयर शूटिंग प्रतियोगिता जिले की भवदीय शूटिंग रेंज में आयोजित होगी। वरिष्ठ शूटिंग कोच शनि कुमार वर्मा ने मंगलवार को बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में सैकड़ों शूटिंग खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। महिला व पुरुष वर्ग के विभिन्न कैटेगरी में होने वाली प्रतियोगिता में एयर रायफल व एयर पिस्टल के उप्र के अलावा अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे। इसमें यूपीएसआरए की ओर से नियुक्त ऑफीसियल, निर्णायक व रेफरी प्रतियोगिता में निष्पक्ष निर्णय देंगे। इसके लिए यूपीएसआए के निर्देशन में प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। उन्होंने बताया कि जिले में पहली बार आयोजित होने वाली प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता से क्वालीफाई खिलाड़ी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे। अभी तक दिल्ली, नोएडा, पश्चिमी क्षेत्र, जयपुर आदि में ही प्री-स्टेट प्रतियोगिता आयोजित होती रही है। भवदीय ग्रप के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि उप्र के पूर्वी क्षेत्र राम नगरी अयोध्या में यह प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें देश के लगभग तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों के प्रतिभागिता की संभावना है।

तेज रफ्तार कार ने 4 महिलाओं को रौंदा, मौत

फतेहपुर से आ रही थी कार, चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर फ्लाईओवर के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : महाराजपुर थानाक्षेत्र स्थित चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर हाथीपुर फ्लाईओवर के पास मंगलवार शाम फतेहपुर से आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहीं किशोरी समेत चार महिलाओं को रौंद दिया। हादसे में चारों की मौत हो गई।

कार की चपेट में आकर महिलाएं करीब 200 मीटर तक घिसटती हुई चली गईं। एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल है। उसे हैलट अस्पताल भेजा गया है। कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना पर

प्रयागराज हाईवे पर क्षतिग्रस्त वाहन।

डीसीपी पूर्वी समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। श्याम नगर निवासी पूनम पांडेय (50) मंगलवार सुबह नीलवाली गली निवासी बेटी चंचल द्विवेदी (30) के साथ महाराजपुर थाना क्षेत्र निवासी ननद सरिता द्विवेदी (53) व रूपा तिवारी (38) के घर गई थीं। सरिता के पति जितेंद्र ने

- **जबरदस्त टक्कर के बाद करीब 200 मीटर घसीटती ले गई कार**
- **मृतकों में दो बहनें, एक ननद और एक बेटी शामिल**

बताया कि शाम करीब साढ़े छह बजे पत्नी सरिता अपनी बेटी अपर्णा (17) व रूपा, पूनम और चंचल को कुछ दूर छोड़ने के लिए उनके साथ जा रहीं थीं। वह चकेरी-प्रयागराज हाईवे पर रोड पार करने लगीं तभी फतेहपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ईको कार ने सभी को जोरदार टक्कर मार दी।

कार की चपेट में आकर पूनम, सरिता, चंचल व रूपा करीब 200 मीटर दूर घिसटती हुई चली गईं। हाथीपुर फ्लाईओवर के पास कार अनियंत्रित होकर दो बार पलट गई। हादसे के बाद क्षेत्रीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने पूनम, रूपा व सरिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद चंचल व अपर्णा को हैलट रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान चंचल की भी मौत हो गई। सूचना पर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार समेत कई थानों का फोर्स व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार जब्त कर घटनास्थल पर साक्ष्य संकलित किए।

मंत्री के साथ सेल्फी लेने में मतदान अधिकारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- **बीएसए ने कहा, कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन किया**

अमृत विचार : विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को मतदान के दौरान वोट डालने के बाद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ सेल्फी लेने के मामले में मतदान अधिकारी प्रथम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बीएसए का कहना है कि यह कार्य कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने की श्रेणी में आता है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने उमरी विद्यालय के सहायक अध्यापक आशीष कुमार की ड्यूटी मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में लगाई थी। इन्होंने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के मतदेय स्थल 112 में मतदान कराया।

यहां का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें आशीष कुमार ने मतदान के दौरान मतदाताओं की फोटो खींची और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ सेल्फी ली जो सरासर गलत है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ब्लाक संसाधन केंद्र मुस्करा में संबद्ध किया गया है।

जानबूझकर किया गया अपमान एससी/एसटी एक्ट में अपराध नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत होने वाले अपराधों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जानबूझकर अपमान या धमकी देने का कथित कृत्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(आर) के तहत अपराध तभी माना जाएगा, जब यह सार्वजनिक रूप से किया गया हो।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी.चौहान की एकलपीठ ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत पिंटू सिंह उर्फ राणा प्रताप सिंह और दो अन्य के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई को रद करते हुए पारित किया। नवंबर 2017 में याचियों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और एससी/एसटी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। याचियों पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर जाति आधारित टिप्पणी की और परिवारीजनों पर हमला किया। कोर्ट ने अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि एससी/ एसटी एक्ट का यह प्रावधान सार्वजनिक स्थान पर अनुसूचित जाति या जनजाति के सदस्य को अपमानित करने या उसे डरने के उद्देश्य से जानबूझकर किए गए अपराध पर लागू होता है।

चार युवक सरयू में डूबे, एक लापता

अयोध्या, अमृत विचार : सरयू नदी का जलस्तर भले ही घट गया हो, लेकिन आए दिन डूबने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मंगलवार सुबह नदी में स्नान करने गए चार युवक गहरे पानी में डूबने लगे। जल पुलिस ने युवकों को बचाने की कोशिश की, जिसमें तीन युवक आकाश सिंह, एस श्रीवास्तव और राहुल को बचा लिया गया, जबकि प्रिंस साहनी (19) निवासी कौशलपुरी को बाहर नहीं निकाल पाए। जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कर रही है। जल पुलिसकर्मी नित्यानंद ने बताया सुबह जल पुलिस गश्त कर रही थी कि अचानक गुहार मची। तीन युवक को बाहर निकाल लिया।

किशोरी ने पिता को गला रेतकर मार डाला

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- **सोते समय दिया घटना को अंजाम भाई पर भी किया जानलेवा हमला**

अमृत विचार: परिवार प्रेम प्रसंग में बाधा बना तो किशोरी ने भयानक योजना बना डाली। इसके तहत रात के समय जब पिता सो रहे थे उसने धारदार हथियार से उनका गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद भाई पर भी जानलेवा हमला कर दिया लेकिन वह समय रहते जाग गया इसलिए जान बच गई।

शोरशराबा सुनकर परिवार के और लोग दौड़ पड़े और हमलावर हुई किशोरी को किसी तरह से काबू किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। साथ ही किशोरी को हिरासत में ले लिया। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर चौकी के करमुल्लापुर निवासी अजय पाल राजपूत सौरिख विकासखंड में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। वह पत्नी मोनी (48), बेटों सिद्धार्थ (18),अमन (14) और बेटी (17) के साथ गांव में ही रह रहे थे। सोमवार की शाम परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर गहरी नींद में सो गए।

रात करीब दो बजे बेटी जो कक्षा 12 की छात्रा है, ने धारदार हथियार से पिता की गला रेत कर हत्या कर दी। इसके कुछ देर बाद भाई के पास पहुंच उसकी गर्दन पर पैर रख कर हथौड़े से प्रहार करना चाहा लेकिन वह जाग गया और बहन की गर्दन पकड़कर दबोच लिया। इस पर किशोरी ने भाई के पैर और हाथ में काट लिया। चीखपुकार सुन पड़ोस में रहने वाले परिजन दौड़े और किशोरी को काबू कर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उच्चाधिकारियों को सूचना देने के साथ ही किशोरी को हिरासत में ले लिया। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली और किशोरी को कोतवाली भेज दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण में एसपी अमित आनंद का कहना है कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गोमती और इंदिरा नहर में नहाने गए दो लोग डूबे, मौत

लखनऊ, अमृत विचार : ठाकुरगंज पीपे वाले पुल के पास नहा रहे बाबू (14) की डूबने से मौत हो गई। दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। वहीं गोसाईंगंज स्थित इंदिरा नहर में दोस्तों के साथ नहा रहे यूसुफ (18) की डूबकर मौत हो गई। उधर गोमतीनगर रिवर फ्रंट पर ओमप्रकाश (47) ने कूदकर जान दे दी। मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी गौतम विश्वास मछली का व्यापार करते हैं। गौतम के मुताबिक, बेटा बाबू बाबा ठाकुरदास स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र था। मंगलवार सुबह अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था।

भातखंडे संगीत विद्यापीठ की रजिस्ट्रार मीरा माथुर का निधन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **मुरादाबाद में जन्म हुआ था संगीतज्ञ मीरा माथुर का**

अमृत विचार : भातखंडे संगीत विद्यापीठ की रजिस्ट्रार, संगीतज्ञ मीरा माथुर (74) का मंगलवार को लखनऊ के न्यू हैदराबाद स्थित आवास पर निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार थीं। उनकी संगीत साधना के मद्देनजर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने 2011 में उन्हें कला उन्नयन सम्मान से अलंकृत किया था।

मुरादाबाद में 16 अप्रैल 1950 को जन्मी मीरा माथुर ने एमए(संगीत) के अलावा कम्प्यूटर साइंस में एमएससी व एलएलबी की डिग्री भी हासिल की। उन्होंने संगीत की विधिवत शिक्षा उस्ताद शराफत हुसैन खां, पं. जगदीश मोहन, सुजीत देवघरिया और प्रोसेनजीत देवघरिया से हासिल की। उन्होंने लर्न कथक डांस, थ्योरी ऑफ़ भरतनाट्यम आदि के छह सॉफ्टवेयर विकसित किए। देश -विदेश में अनेक संगीत समारोहों में उन्होंने अपनी गायन कला का शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें वामा सम्मान, सहयोग रत्न अवार्ड, स्वरश्री सम्मान और संगीत कला निधि सम्मान हासिल हुए।

अखिलेश की सभा में सपा समर्थकों का उपद्रव

एजेंसी

- **भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठियां चलानी पड़ीं**

आजमगढ़ : समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव की आजमगढ़ जिले की पहली जनसभा में ही मंगलवार को बेलगाम कार्यकर्ताओं ने जमकर उपद्रव किया और जनसभा स्थल पर लगाई गई कुर्सियों को तोड़कर एक दूसरे के ऊपर फेंका। मंच से अखिलेश यादव खुद भी समझाते रहे ,लेकिन बेलगाम कार्यकर्ताओं का उपद्रव जारी रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था में लगाये गए पुलिस कर्मियों को भी मोर्चा संभालना पड़ा।

मंच के करीब पहुंचने के लिए सपा कार्यकर्ता आपस में ही हाथापाई करने लगे। इन बेकाबू कार्यकर्ताओं को संभालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्क़त करनी पड़ी और लाठियां भी चलानी पड़ीं। पुलिस द्वारा काफी देर तक लाठियां चलाने के बाद किसी तरह स्थिति पर काबू पाया गया। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण का मतदान हो चुका है। छठे चरण के मतदान में 25 मई को आजमगढ़ में मतदान होना है। इसी के मद्देनजर आजमगढ़ जिले की लालगंज लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज के पक्ष में सपा सुप्रीमो सरायमीर के खरेवा मोड पर एक जनसभा को संबोधित करने आए थे। इस दौरान बेलगाम कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के सामने ही सभा स्थल पर लगाई गई कुर्सियां तोड़ी और हवा में फेंकते रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा पत्थर और एक दूसरे के ऊपर चप्पल फेंकी गयी। सभा स्थल पर लगाया गया लाउडस्पीकर भी गिरा दिया गया। सभा स्थल पर जैसे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव मंच पर पहुंचे की कार्यकर्ताओं ने डी दीर्घा की बैरिकेटिंग तोड़कर घुसने की कोशिश करने लगे। पुलिस बल द्वारा अथक प्रयास के बाद उन्हें नियंत्रित किया जा सका। काफी देर तक कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह हालात पर काबू पाया जा सका तब उसके बाद जाकर अखिलेश यादव मंच से संबोधन कर पाए।

बर्ड फ्लू : जांच में सैंपल मिले निगेटिव फिर भी अलर्ट बरकरार

लखनऊ। प्रदेश में बर्ड फ्लू की जांच के लिए जिलों से भेजे गए पक्षियों के सैंपल निगेटिव आए हैं। स्थिति सामान्य होने पर पशुपालन विभाग ने राहत की सांस ली है। लेकिन, प्रदेश में अलर्ट जारी है। झारखंड के रांची में राजकीय पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू वायरस मिलने पर उत्तर प्रदेश में पशुपालन विभाग ने अलर्ट जारी किया था। साथ ही जिलों पर टीमें बनाकर सर्विलांस कर पोल्ट्री फार्म से पक्षियों के सैंपल लेने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में अप्रैल में सभी जिलों से 20-20 सैंपल लेकर भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली परीक्षण के लिए भेजे थे। निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि सभी सैंपल निगेटिव आए हैं। प्रदेश में स्थिति सामान्य है। रोकथाम के प्रयास जारी हैं।

वर्ग पहेली-77

बाएं से दाएं

2.1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।

3.1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।

4.1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।

6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा

8.1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।

9.1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

ऊपर से नीचे

1. कामदेव, मदन।

2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत

4.1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।

5.1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।

7.1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।



वर्ग पहेली -76 का हल

				1 जा		
	2 दि		3 अं	ज	न	क
	4 वां	टे	ड		का	
5 पौ	ध		बं		री	
		6 कं	ड	रा		7 सो
8 मू		गा				ह
ढ़ी		ली		9 बु	न	ना

सुडोकू -156

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1		2						
							4	5
			4	6				
		1	3					
	8	5						
				5	1			
			5	9				
	7	6						
				7		1		8

सुडोकू -155 का हल

6	8	9	1	5	2	3	4	7
4	5	1	7	3	6	9	8	2
2	7	3	9	8	4	6	5	1
3	4	5	2	6	9	1	7	8
9	2	6	8	7	1	4	3	5
8	1	7	5	4	3	2	9	6
7	9	4	6	1	8	5	2	3
1	3	8	4	2	5	7	6	9
5	6	2	3	9	7	8	1	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मई बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18.47 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-स्वाती 07.47 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष
आज आप बहुत कुछ एक साथ करना चाहेंगे। इसके कारण आप सम्भवत: वह कार्य न कर पायें जिसका आपने लक्ष्य निर्धारित किया है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। अच्छे मित्रों से मिलना हो सकता है। आज आपको अपने पारिवारिक जीवन पर बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है।

वृष
आज व्यवसाय में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए। दूसरों के मामलों में आप ज्यादा व्यस्त रहने वाले हैं। नया रोजगार शुरू करने की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रुओं से आपको मुक्ति मिल सकती है। जीवनशैली काफी अच्छी रहेगी।

मिथुन
आज प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा नहीं है। भविष्य को लेकर लम्बी-चौड़ी योजना न बनाएं। विदेश में शिक्षा ले रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। मित्रों के ऊपर अति विश्वास करना उचित नहीं होगा। बोलचाल के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

कर्क
आज आप दिखावे में ज्यादा धन खर्च न करें। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से हानि हो सकती है। जिन जातकों को स्वास्थ्य की समस्या है उन्हें अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में किसी से ज्यादा अपेक्षा भाव न रखें।

सिंह
आज यात्राओं के लिए काफी अनुकूल दिन है। व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रुके हुए कार्यों में अचानक प्रगति से होने से उत्साहित रहेंगे। प्रबन्धन से जुड़े कार्यों में अच्छी सफलता मिलने की सम्भावना है।

कन्या
आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित हो सकते हैं। इसीलिए आज आपको काफी संभल कर लोगों से व्यवहार करना चाहिए। धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें।

तुला
आज आय के नए विकल्पों पर आप काम शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक लोगों के बीच आपकी साख मजबूत होगी। ऐसे किसी भी कार्य की तरफ प्रवृत्त न हो जो आपको भविष्य में नुकसान पहुंचाए। गूढ़ रहस्यात्मक विषयों पर आप कुछ शोध कार्य जैसा कर सकते हैं।

वृश्चिक
आज आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ असन्तोष जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा के दौरान बाहर का भोजन करने से बचें। व्यापार में कुछ बड़े बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

धनु
आज आप कुछ बड़ी समस्याओं का सामना कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने प्रतिद्वन्दियों पर भारी पड़ने वाले हैं। लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय हो सकते हैं। यात्राओं से लाभ होगा। दिनचर्या काफी व्यस्त हो सकती है।

मकर
आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्सुक रहेंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। यदि आप अपने काम के लिए किसी सहयोगी पार्टनर को जोड़ना चाहते हैं तो आज का दिन शुभ है। नई योजनाओं की शुरुआत आप कर सकते हैं।

कुंभ
आज लोगों के बीच में आपके विषय में काफी चर्चा हो सकती है। फिल्म और साहित्य से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नए हैं तो आपको आज कुछ लोग परेशान कर सकते हैं। लेकिन आपको अपने आप विश्वास बनाये रखना चाहिये।

मीन
आज का दिन आपके लिए तनावपूर्ण हो सकता है। अपनी रहस्य की बातों को गोपनीय रखें। किसी भी बात पर एकदम से प्रतिक्रिया न दें। आपके द्वारा की हुई गलतियों पर गौर करें और तुरन्त उसे दूर कर लें। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की सम्भावना कम है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
बरसात
सुबह : 11.15
बादशाह
शाम : 05.51

&pictures
डाक्टर जी
सुबह : 10.32
गजनी
दोपहर : 03.48

SONY PIX
द वॉटर हाउस
सुबह : 10.45
दे रेड 2
शाम : 05.05

ZEE CINEMA
दिल्लगी
सुबह : 10.35
एनेमी
शाम : 06.00

colors CINEPLEX
पद्मावत
सुबह : 09.20
चेन्नई एक्सप्रेस
शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 03.48 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..
गोलू का बहाना सुनकर टीचर की हंसी छूट गई।

गर्लफ्रेंड- मैं अपना पर्स घर पर भूल आई, मुझे 1000 रुपये की जरूरत है।
बॉयफ्रेंड- कर दी न छोटी बात, पगली यह ले 10 रुपये।
अभी रिक्शा करके घर जा और पर्स ले आ।
गर्लफ्रेंड बेहोश

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये, धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत :90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

एक नजर

सोने और चांदी के भाव में आई गिरावट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आईं। कमजोर वैश्विक रुख और मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमत में 550 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, सोने की कीमत 550 रुपये गिरकर 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं राजधानी में चांदी की कीमतें 1,600 रुपये टूटकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।

घरेलू बचत 2023-24 में बढ़ने की संभावना

मुंबई। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023–24 में घरेलू बचत बढ़ने की संभावना है। फर्म ने कहा कि शुरुआती संकेतक बताते हैं कि वित्त वर्ष 2023–24 में घरेलू बचत रफ्तार पकड़ेगी, जबकि घरेलू देनदारियों में वृद्धि घट जाएगी। शुरुआती आंकड़े वित्त वर्ष में घरेलू बचत के साथ समग्र बचत दर में तेजी का संकेत देते हैं।

भारत 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था होगा

सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री चंद्रशेखर बोले-अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही

नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और इसके वर्ष 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने एक कार्यक्रम में कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए समर्पित इंडिया एआई मिशन का मूल्य भी 10,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर 20,000 करोड़ रुपये हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार को पहले 2026-27 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था के एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन कोविड-19 महामारी सहित कई वजहों से इस लक्ष्य को एक साल आगे बढ़ा दिया गया है। चंद्रशेखर ने कहा-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। वर्ष 2015 में निर्धारित यह दृष्टिकोण कारगर रहा है। हम पहले से ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य है कि 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को हासिल करना है।

वित्त मंत्रालय पूर्ण बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बढ़ा सकता है सीपीएसई लाभांश अनुमान

वित्त मंत्रालय जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में चालू वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सीपीएसई लाभांश अनुमान को 5,000 करोड़ रुपये बढ़ाकर करीब 53,000 करोड़ रुपये कर सकता है। सरकार ने अंतरिम बजट 2024–25 में चालू वित्त वर्ष के लिए गैर–वित्तीय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) से लाभांश का अनुमान 48,000 करोड़ रुपये लगाया है। एक अधिकारी ने कहा–जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में अनुमान करीब 5,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि अंतरिम बजट अनुमान दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 के अनुमानों पर आधारित थे। पूर्ण बजट में अनुमान अधिक होंगे क्योंकि अब लाभांश की तस्वीर अधिक स्पष्ट है। किसी विशेष वित्त वर्ष में सरकार की लाभांश प्राप्तियों में वित्त वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा घोषित अंतरिम लाभांश, साथ ही पिछले वित्त वर्ष के लिए अंतिम लाभांश शामिल होते हैं।

वैश्विक यात्रा व पर्यटन सूचकांक में भारत 39वें स्थान पर पहुंचा

नई दिल्ली। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक-2024 में भारत 39वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 में जारी सूची में भारत 54वें स्थान पर था।

डब्ल्यूईएफ के अनुसार, अमेरिका इस सूची में शीर्ष पर है। भारत, दक्षिण एशिया और निम्न-मध्यम-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में सर्वोच्च स्थान पर है। भारत 2021 में प्रकाशित सूचकांक में 54वें स्थान पर था। हालांकि, सूचकांक मापदंडों में किए गए बदलाव इसकी पिछले वर्षों से तुलना को सीमित करते हैं। अमेरिका के बाद स्पेन, जापान, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 2024 की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं। जर्मनी छठे स्थान पर और उसके बाद शीर्ष 10 में ब्रिटेन, चीन, इटली और स्विट्जरलैंड ने जगह बनाई है।

आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी

- भारतीय रिजर्व बैंक के लेख में जताई गई उम्मीद

सकल मांग और गांवों में गैर-खाद्यान्न वस्तुओं पर खर्च बढ़ने के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के मंगलवार को जारी मई बुलेटिन में यह कहा गया है। बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करने वाली वैश्विक बाधाओं के बावजूद उल्लेखनीय मजबूती को दिखाया है।

इसमें कहा गया है कि आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) के अनुसार, अप्रैल में गतिविधियों में तेजी आई और शुरुआती अनुमान बताते हैं कि 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.5 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है। आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) का निर्माण 'डायनेमिक फैक्टर मॉडल' का उपयोग करके, आर्थिक गतिविधियों से जुड़े 27 महत्वपूर्ण (हाई फ्रीक्वेंसी) संकेतकों के सामान्य रुख को निकालकर किया गया। फरवरी, 2020 में ईएआई को 100 रखा गया जबकि अप्रैल, 2020 में इसे शून्य कर दिया गया। इसका कारण अप्रैल महीना कोविड महामहारी के कारण आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण सबसे अधिक प्रभावित था।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	95,700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	76,350
गिन्नी (प्रति नग)	56,900–57,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	74,250
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	74,100
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,000
चांदी तैयार	88,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	74,000
सोना जेवरात गिन्नी	73,000
चांदी पक्की	890 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	74,250
चांदी आभूषण	89,000।

अनचाही कॉलों पर अंकुश के लिए कनेक्शन के नियम कड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने 'अनचाही' कॉल और संदेशों के बढ़ते प्रकोप पर अंकुश लगाने के लिए व्यावसायिक मोबाइल कनेक्शन जारी करने के संबंध में ग्राहक को जानो (केवाईसी) से जुड़े नियम और कड़े कर दिए हैं।

दूरसंचार विभाग की ओर से इस संबंध में कुछ अतिरिक्त नियमों की सूची जारी की गयी है ताकि ऐसे कनेक्शनों के वास्तविक उपयोग सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी पर डाली जा सके। सरकार ने इस संबंध में कुछ दिशानिर्देश पिछले वर्ष जारी किए थे। उन नियमों में अन्य बातों के साथ-साथ, थोक कनेक्शन बंद कर दिए गए थे और उनकी जगह व्यावसायिक कनेक्शन शुरू किए गए थे। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने अब कहा है कि अनुसंधान एवं विकास कार्य या जांच जैसे कामों के लिए लिए गए सिम जैसे मामलों में, जहां व्यावसायिक कनेक्शनों अंतिम उपयोगकर्ताओं पहचाना नहीं जा सकती है, अंतिम उपयोगकर्ता के केवाईसी की शर्त वैकल्पिक है। लेकिन अब इस श्रेणी के ग्राहकों के लिए, यह जरूरी होगा कि मोबाइल कनेक्शन केवल लाइसेंसधरक के कर्मचारियों द्वारा ही जारी किए जाएंगे।

इक्रा ने जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान

नई दिल्ली। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर चार तिमाही के निचले स्तर 6.7% पर रहने का अनुमान लगाया है। इक्रा का अनुमान है समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8% रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कम मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ जिंस की कीमतों से कम लाभ के साथ कुछ औद्योगिक क्षेत्रों की लाभप्रदता में गिरावट से वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में जीवीए वृद्धि में कमी आने की उम्मीद है।

6 महीने के औसत से तय होगा कंपनियों का बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मार्केट कैप की गणना के तरीकों में किया बदलाव

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा आवश्यकता (एलओडीआर) नियमों के तहत सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) की गणना के तरीके को बदल दिया है। एक दिन (वर्तमान में 31 मार्च) के बाजार पूंजीकरण का उपयोग करने के बजाय सूचीबद्ध कंपनियां अब छह महीने की अवधि के लिए 'औसत बाजार पूंजीकरण' का उपयोग करेंगी।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि किसी सूचीबद्ध इकाई के बाजार पूंजीकरण में बाजार की गतिशीलता के आधार पर दैनिक आधार पर उतार-चढ़ाव होता रहता है। इसलिए एक उचित अवधि में बाजार पूंजीकरण के आंकड़ों का औसत उस सूचीबद्ध इकाई के बाजार आकार को अधिक सटीक ढंग से दर्शाएगा। सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य एस के मोहंती की अध्यक्षता में गठित एक विशेषज्ञ समिति ये बदलाव किए हैं।

बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के हुआ पार

घरेलू शेयर बाजार में उतार–चढ़ाव भरे कारोबार के बीच मंगलवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच गया। बीएसई के मंच पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, कारोबारी सत्र के अंत में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 4,14,62,306.56 करोड़ रुपये (4.97 लाख करोड़ डॉलर) रहा। यह इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। हालांकि, सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन ने पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी पहली बार पार किया।

राष्ट्रीय

एक नजर

एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अनोखा वाहन पंजीकरण नंबर खरीदा

हैदराबाद। हैदराबाद में एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अपनी कार के लिए अनोखा पंजीकरण नंबर '9999' खरीदा है। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैदराबाद के संयुक्त परिवहन आयुक्त सी. रमेश ने कहा कि अनोखे (फैंसी) पंजीकरण नंबरों की ऑनलाइन नीलामी में '9999' के लिए सबसे ऊंची बोली लगी, जिसमें कार मालिक ने 'टीजी–09 9999' नंबर के लिए विभाग को 25,50,002 रुपये का भुगतान किया। सोमवार को आयोजित अनोखे नंबर '9999' की नीलामी में 11 लोगों ने भाग लिया और यह नंबर 25.5 लाख रुपये में बिका।

भाजपा में शामिल हुए पूर्व आप नेता जगबीर

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता जगबीर सिंह बराड़ लोकसभा चुनाव के शेष दो चरणों से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। पंजाब के पूर्व विधायक बराड़ ने यहां पार्टी मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। करीब एक साल पहले आप में शामिल होने से पहले बराड़ शिरोमणि अकाली दल के सदस्य थे। उन्होंने 2007 के विधानसभा चुनाव में शिअद के टिकट पर जालंधर छावनी सीट जीती थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि वह पूर्व में कांग्रेस की जालंधर जिला इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

विमान की चपेट में आने से कई फ्लेमिंगो की मौत

मुंबई। मुंबई में कथित तौर पर एक विमान की चपेट में आने के बाद 30 से अधिक फ्लेमिंगो (राजहंस) की मौत हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से इसकी जांच कराने की मांग की है और साथ ही दावा किया है कि शहरी योजनाकर्ताओं ने ऐसे आपदाओं के बारे में चेतावनियों को नजरअंदाज किया है।

5 चरण के बाद भाजपा 310 सीट जीत चुकी: शाह

गृह मंत्री ने दावा करते हुए ओडिशा के लोगों से की समर्थन करने की अपील

संबलपुर/क्योंझर (ओडिशा), एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ओडिशा के संबलपुर में मां समलेश्वरी मंदिर का दौरा किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के 5 चरण पूरे होने के बाद भाजपा को 310 सीट मिलने का दावा करते हुए मंगलवार को ओडिशा के लोगों से अपील की कि वे राज्य को बाबू-राज से आजाद कराएं और भाजपा को केंद्र एवं राज्य दोनों में सरकार बनाने के लिए समर्थन दें। शाह ने संबलपुर में दो चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार ओडिशा में कमल खिलेगा।

संबलपुर सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा-पांचवें चरण के मतदान के बाद भाजपा को 310 सीट पहले ही मिल चुकी हैं। छठे और सातवें दौर के मतदान के बाद हम 400 से अधिक सीट हासिल कर लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में मुट्ठी भर अधिकारियों का शासन है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राज्य में मौजूदा बाबू राज को समाप्त कर देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की ज्यादातर खदानें और खनिज भंडार क्योंझर जिले में स्थित होने के बावजूद यहां के आदिवासियों को कोई लाभ नहीं मिला है। शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि देश भर में कोई आतंकवाद न हो।

जीत के और निकट बढ़ रहा इंडिया गठबंधन

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर दिल्ली के लोगों को पाकिस्तानी कहने का आरोप लगाया और कहा कि दिल्लीवासी उनका परिवार हैं और उनके लिए अपशब्द नहीं कहे जाने चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि चार जून के बाद मोदी की सरकार की विदाई होने वाली है और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आ रहा है।

बांग्लादेश के सत्तारूढ़ दल आवामी लीग के सांसद लापता

कोलकाता। इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे बांग्लादेश के सांसद अनवारूल अजीम अनार पिछले कुछ दिनों से लापता हैं। यहां बांग्लादेश उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी आवामी लीग के सांसद अनार 13 मई से लापता हैं। अधिकारी ने कहा-वह इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता आये थे और शहर के उत्तरी हिस्से में बरानगर में अपने एक दोस्त के घर पर ठहरे हुए थे। वह 13 मई को किसी से मिलने गये थे लेकिन वापस नहीं आये। उनके मित्र ने बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि अनार पिछले 8 दिन से लापता हैं लेकिन उनके फोन से उनके परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए कि वह दिल्ली चले गए हैं।

सीबीआई दलों ने दो से 10 लाख तक की रिश्वत ली

नई दिल्ली, एजेंसी

मध्य प्रदेश नर्सिंग महाविद्यालय घोटाला

मध्य प्रदेश में नर्सिंग महाविद्यालय घोटाले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने खुलासा किया है कि उसके अधिकारी निरीक्षण के बाद अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए हर शिक्षण संस्थान से कथित रूप से दो से 10 लाख रुपये तक की रिश्वत ले रहे थे। सीबीआई ने यह जानकारी दी है।

इस मामले में सीबीआई के पुलिस उपाधीक्षक आशीष प्रसाद, निरीक्षक राहुल राज एवं सुशील कुमार मजोका तथा ऋषिकांत असाथे एजेंसी द्वारा नामजद 22 लोगों में शामिल हैं। राहुल राज और सुशील कुमार मजोका सीबीआई में मध्य प्रदेश पुलिस से संबद्ध थे। राज को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। सीबीआई की प्राथमिकी में नर्सिंग पाठ्यक्रम चला रहे आठ महाविद्यालयों के निदेशकों, अध्यक्षों, कर्मियों एवं बिचौलियों के भी नाम हैं जिन्होंने निरीक्षण दलों की ओर से रिश्वत ली थी और उन तक रकम पहुंचायी थी। एक सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा-सीबीआई द्वारा दर्ज यह मामला भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की उसकी नीति की प्रतिपुष्टि करता है और यह भी दर्शाता है कि सीबीआई अपने अधिकारियों को भी नहीं बख्शती है। इन निरीक्षण दलों को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित किया गया था। उच्च न्यायालय ने राज्य में नर्सिंग महाविद्यालयों के निरीक्षण के लिए इन दलों का गठन करने का निर्देश दिया था।

क्या कोर्ट गिरफ्तारी की वैधता की कर सकती है पड़ताल

नई दिल्ली, एजेंसी

- भूमि घोटाले को लेकर हेमंत सोरेन से न्यायालय ने पूछा

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर निचली अदालत के संज्ञान लेने के बाद उनकी गिरफ्तारी की वैधता की क्या रिट अदालत पड़ताल कर सकती है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोरेन के वकील से अदालत को पहले यह बताने को कहा कि नियमित जमानत के लिए उनकी अर्जी खारिज होने के बाद लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उन्हें कैसे अंतरिम जमानत दी जा सकती है। पीठ ने विषय की अगली सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की है। सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने अदालत के सवालों का जवाब देने के लिए बुधवार तक का वक्त मांगा। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस वी राजू ने सोरेन की अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि उनका मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अलग है, जिन्हें आम चुनाव में प्रचार करने के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी गई थी। उन्होंने कहा कि निचली अदालत ने सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया एक मामला बनते पाये जाने के बाद चार अप्रैल को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया था। ईडी ने अपने हलफनामे में कहा है कि सोरेन राज्य सरकार की मशीनरी का दुरूपयोग कर अपने खिलाफ धन शोधन मामले की जांच प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के उनके विशेष अनुरोध का विरोध किया है। जांच एजेंसी ने कहा कि 31 जनवरी को सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंड उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा है और उनकी नियमित जमानत अर्जी निचली अदालत ने 13 मई को खारिज कर दी थी।

असम में 600 परिवारों को स्थानांतरित करने के लिए चला अभियान

गुवाहाटी, एजेंसी

- वरिष्ठ अधिकारी ने बताया परिवारों को नहीं किया जा रहा बेदखल

असम सरकार दो साल पहले बेदखली अभियान के दौरान विस्थापित हुए लगभग 600 परिवारों को दरांग जिले के गोरुखुटी में उनके अस्थायी आवास से स्थानांतरित करने के लिए एक अभियान चला रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

प्रभावित परिवारों ने दावा किया है कि गोरुखुटी के दो स्थानों पर 620 घर पहले ही नष्ट हो चुके हैं और कार्रवाई अब भी जारी है। दरांग जिला आयुक्त मुनींद्र नाथ नगेटी ने बताया कि परिवारों को बेदखल नहीं किया जा रहा, बल्कि उन्हें सिपाझार राजस्व परिक्षेत्र से पास के डलगांव राजस्व परिक्षेत्र के 'चार' (नदी के द्वीप) क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा-वर्ष 2021 के बेदखली अभियान के दौरान लगभग 2,300 परिवार विस्थापित हो गए और वे गोरुखुटी के कुछ अन्य इलाकों में अस्थायी आवास में रहने लगे। हम तब से उन्हें प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट अन्य स्थानों पर स्थानांतरित होने के लिए कह रहे हैं। मुनींद्र ने कहा कि स्थायी बसावट के लिए मागुरमारी, श्यामपुर, कलाईचर और अरिमारी 'चार' की पहचान की है।

हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के लिए मोदी को सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिदिन हिंदू–मुस्लिम बयानबाजी कर रहे हैं और समाज में नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं जिसके चलते उन्हें सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए। खरगे ने एक साक्षात्कार में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के इरादे साफ नहीं हैं क्योंकि वह चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू–मुस्लिम बयानबाजी के साथ रोजाना नफरत भरे भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भैंस छीनने और मुसलमानों को बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा देने जैसी बातें करते हैं और ऐसी बातें कहकर वह खुद समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, दूसरी ओर उनका दावा था कि अगर वह हिंदू–मुस्लिम बात करेंगे तो उन्हें सार्वजनिक जीवन में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

3.22 करोड़ का घोटाला करने वाला अमेजन कर्मचारी गिरफ्तार

हैदराबाद। हैदराबाद में आर्थिक अपराध शाखा पुलिस थाने में भारतीय पेरोल के एक अमेजन कर्मचारी के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कर्मचारी ने लगभग तीन करोड़ बाईस लाख चार हजार चार रुपए से अधिक का घोटाला किया है। इस गबन को 50 बैंक खातों में धन ट्रांसफर करके अंजाम दिया गया, जो कि सहयोगियों के थे, जिससे 184 पूर्व-कर्मचारी/निष्क्रिय कर्मचारी अपने उचित बकाया से वंचित हो गए। इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के बाद पुलिस ने कल हैदराबाद के बाहरी इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पूर्व आईएएस अधिकारी के ठिकानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत मंगलवार को उनके ठिकानों पर छापे मारे।

ईडी का मामला उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव अभिषेक के खिलाफ सीबीआई द्वारा हाल में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। 1982 बैच के आईएएस अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने फरवरी में छापेमारी की थी। वह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले डीपीआईआईटी से 2019 में सेवानिवृत्त हुए थे। सूत्रों ने बताया कि ईडी धनशोधन जांच के तहत राष्ट्रीय राजधानी के ग्रेटर कैलाश इलाके में और कुछ अन्य स्थानों पर अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है।

सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि अभिषेक ने सेवानिवृत्ति के बाद उन निजी कंपनियों से परामर्श शुल्क के रूप में 'बड़ी रकम' प्राप्त करके खुद को समृद्ध किया, जिनके मामले में उन्होंने सेवा में रहते हुए निपटाए थे।

न्यायालय ने अनुच्छेद 370 से संबंधित याचिकाएं खारिज कीं

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखने के 11 दिसंबर 2023 के अपने आदेश की समीक्षा के लिए दायर याचिकाएं खारिज कर दी हैं। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने समीक्षा याचिकाओं पर विचार किया और उन्हें खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के अनुरोध को खारिज कर दिया। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना भी थे। इसने एक मई के अपने आदेश में कहा कि समीक्षा याचिकाओं पर गौर करने के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि न्यायालय नियमावली 2013 के नियम 1 आदेश 47 के तहत समीक्षा के लिए कोई आधार नहीं है, इसलिए समीक्षा याचिकाएं खारिज की जाती हैं। पिछले साल 11 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने केंद्र के 2019 के फैसले को बरकरार रखा था। साथ ही अदालत ने इस साल सितंबर के अंत तक जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनाव कराने और इसका राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने का आदेश दिया था।

आज का मुकाबला

राजस्थान रॉयल्स

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	14	24
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
अर्शदीप (पंजाब)	14	19

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	14	708
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	14	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	12	533

मैकगुर्क और शॉर्ट कुछ अलग : मैकडोनाल्ड

सिडनी। आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि करिश्माई बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट को टी20 विश्व कप के लिए यात्रा रिजर्व के तौर पर इसलिए रखा गया है क्योंकि वे कुछ अलग हैं। मैकगुर्क ने अपने पहले आईपीएल में दिल्ली के लिए नौ मैचों में 234 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए जिसमें 32 चौके और 28 छक्के थे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि ये दोनों बाकियों से अलग है। फ्रेसर सलामी बल्लेबाज है तो शॉर्ट बल्लेबाज के साथ स्पिनर भी है।

सनराइजर्स को 8 विकेट से हराकर केकेआर फाइनल में

कप्तान श्रेयस और वेंकटेश अय्यर की आक्रामक पारी से पहला क्वालीफायर मुकाबला कोलकाता ने जीता

अहमदाबाद,एजेंसी

मिचेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और वेंकटेश अय्यर की आक्रामक पारियों से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 38 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। सनराइजर्स को 159 रन पर समेटने के बाद केकेआर ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बना कर चौथी बार लीग के फाइनल में प्रवेश किया।

सनराइजर्स को 26 मई को होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए राजस्थान और बेंगलुरु के बीच बुधवार को होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से शुक्रवार 24 मई भिड़ना होगा। श्रेयस और वेंकटेश दोनों ने अपनी नाबाद पारियों में एक समान 5 चौके और 4 छक्के जड़े। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए महज 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की।

स्टार्क को शुरुआती ओवरों में वैभव अरोड़ा का अच्छा साथ मिला और दोनों ने पहले दो ओवरों में शानदार लय में चल रहे सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन की राह दिखा दी। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी ने मध्यक्रम में सनराइजर्स के बल्लेबाजों को ज्यादा देर तक पैर जमाने का मौका नहीं दिया। हर्षित राणा और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। सनराइजर्स के लिए राहुल त्रिपाठी ने 35 गेंद में 55 रन बनाने के साथ हेनरिच क्लासेन के साथ 62 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 21 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरों में कप्तान पैट कमिंस ने 24 गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के की मदद से 30 रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए विजयकांत के साथ 33 रन जोड़े।

लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल सॉल्ट की जगह टीम में आए विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज ने भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ चौके से खाता खोला तो वही नारायण ने दूसरे ओवर में कमिंस का स्वागत दो चौके से किया। टी नटराजन ने चौथे ओवर में उनकी 14 गेंद में 23 रन की पारी को खत्म किया। क्रीज पर आए वेंकटेश अय्यर ने भुवनेश्वर के खिलाफ दो चौके लगाए तो वहीं नारायण ने नटराजन की गेंद को सीमा रेखा के पार भेज पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 63 रन कर दिया। कमिंस ने नारायण को व्यासकांत के हाथों कैच कराया। वेंकटेश पर इसका असर नहीं पड़ा और उन्होंने कमिंस और फिर व्यासकांत पर छक्का जड़ रन गति को बनाये रखा। कप्तान श्रेयस अय्यर को 10वें ओवर में व्यासकांत की गेंद पर उस समय जीवनदान मिला जब विकेटकीपर क्लासेन और त्रिपाठी में गफलत से कैच छूट गया। कमिंस ने विकेट की तलाश में गेंद हेड को थमाई लेकिन श्रेयस और वेंकटेश ने चौके लगाकर उन्हें असरहीन किया। वेंकटेश ने रेड्डी के खिलाफ छक्का लगाकर 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। श्रेयस ने हेड के खिलाफ तीन छक्के और चौका लगाकर टीम को जीत दिलाने से पहले महज 23 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। इससे पहले गेंदबाजी का न्योता मिलने के बाद स्टार्क ने अपने शुरुआती तीन ओवरों में तीन विकेट चटकाकर आईपीएल में अपनी महंगी कीमत को चिरतार्थ किया।

उन्होंने पहले ओवर में शानदार लय में चल रहे हेड को बोल्ड करने के बाद पारी के पांचवें ओवर में लगातार गेंदों पर नीतिश कुमार रेड्डी और शाहबाज अहमद को चलता किया। इस बीच अरोड़ा ने पारी के दूसरे ओवर में आंद्रे रसेल के हाथों कैच कराकर अभिषेक को पवेलियन भेजा। विकेटों के पतन के बीच त्रिपाठी ने पावर प्ले में इन दोनों गेंदबाजों के खिलाफ चौके जड़े जिससे छह ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 45 रन हो गया। त्रिपाठी ने आठवें ओवर में हर्षित की गेंद को दर्शकों के पास भेज कर पारी का पहला छक्का जड़ा तो दूसरे छोर से क्लासेन ने नारायण की गेंद पर शानदार छक्का और फिर चौका लगाकर रन गति को तेज किया। चक्रवर्ती के खिलाफ 11वें ओवर में चौके के साथ त्रिपाठी ने अपना अर्धशतक और टीम के रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश कर रहे क्लासेन को पवेलियन की राह दिखा दी।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद के खिलाफ शॉट खेलते कोलकाता के खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रद	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	14	9	3	20	2	+1.428
हैदराबाद (क्वा)	14	8	5	17	1	+0.414
राजस्थान (क्वा)	14	8	5	17	1	+0.273
बेंगलुरु (क्वा)	14	7	7	14	0	+0.459
चेन्नई (बा)	14	7	7	14	0	+0.392
दिल्ली (बा)	14	7	7	14	0	-0.377
लखनऊ (बा)	14	7	7	14	0	-0.667
गुजरात (बा)	14	5	7	12	2	-1.063
पंजाब (बा)	13	5	8	10	0	-0.347
मुंबई (बा)	14	4	10	8	0	-0.318

हैदराबाद 159/10 — 19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ट्रैविस हेड बो स्टार्क	00	02	0/0
अभिषेक शर्मा कैच रसल बो वैभव	03	04	0/0
राहुल त्रिपाठी रन आउट (रसल/गुरबाज़)	55	35	7/1
नितीश कुमार रेड्डी कैच गुरबाज़ बो स्टार्क	09	10	1/0
शाहबाज़ अहमद बो स्टार्क	00	01	0/0
हाइनरिक क्लासन कैच रिंकू बो चक्रवर्ती	32	21	3/1
अब्दुल समद कैच श्रेयस बो हर्षित	16	12	0/2
सनवीर सिंह बो नारायण	00	01	0/0
पैट कमिंस कैच गुरबाज़ बो रसल	30	24	2/2
भुवनेश्वर कुमार पगबाधा चक्रवर्ती	00	04	0/0
विजयकांत वियसकांत नाबाद	07	05	0/0

गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-34-3, अरोड़ा 2-0-17-1, हर्षित 4-0-27-1, नारायण 4-0-40-1, रसेल 1.3-0-15-1, चक्रवर्ती 3-0-15-2

कोलकाता 164/2 — 13.4 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋरहमानुल्लाह का व्यासकांत बो नटराजन	23	14	2/2
सुनील का व्यासकांत बो कमिंस	21	16	4/0
वेंकटेश अय्यर नाबाद	51	28	5/4
श्रेयस अय्यर नाबाद	58	24	5/4

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 3-0-28-0, कमिंस 3-0-38-1, नटराजन 3-0-22-1, व्यासकांत 2-0-22-0, रेड्डी 1.4-0-32-0, शाहबाज 1-0-13-0

भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने बेल्जियम को 4-2 से हराया

एंटवर्प। श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट से हराकर यूरोप दौरे की जीत से शुरुआत की। तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल दागे। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढ़त थी। तीसरे क्वार्टर में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल दागा। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिए गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।

एकता ने क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

कोबे (जापान), एजेंसी

विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप

भारत की एकता भयान ने 20.12 मीटर का थ्रो फेंककर विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 श्रेणी की रेस में स्वर्ण पदक जीता था।

एकता के स्वर्ण के अलावा कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया की नाजेत बूशेर्फ ने 12.70 मीटर के साथ कांस्य पदक पाया। हरियाणा सिविल सेवा अधिकारी एकता ने एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने तोक्यो पैरालम्पिक 2020 के लिए भी क्वालीफाई किया था। एकता डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन 2003 में सड़क दुर्घटना ने उनके सारे सपने छीन लिए। वह कैब से जा रही थी जब दिल्ली हरियाणा सीमा पर ट्रक उनकी कैब पर उलट गया। वह तब से व्हीलचेयर पर है। उस हादसे में छह अन्य छात्रों की मौत हो गई थी। भारत के अब दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं।

भाला फेंक : विश्व खिताब का सुमित ने किया बचाव

कोबे (जापान)। गत पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने मंगलवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखा जबकि थंगावेलु मरियप्पन ने भी ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत के लिए दिन अच्छा रहा।

तोक्यो पैरालंपिक और 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित ने भाले को 69.50 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुमित के हमवतन संदीप ने इसी प्रतिस्पर्धा में 60.41 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मरियप्पन ने इसके बाद 1.88 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ टी63 ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया।

खेल डायरी

चोटिल केर ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल टीम से बाहर

सिडनी। ओलंपिक शुरू होने से पहले ही आस्ट्रेलिया की महिला फुटबॉल टीम की कप्तान सैम केर टखने की चोट से बाहर हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल नियामक संस्था ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि 30 वर्षीय कप्तान घरेलू क्लब में स्वास्थ्य लाभ कार्यक्रम जारी रखेंगी और पेरिस ओलंपिक 2024 के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने एडिलेड और सिडनी में चीन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 23 खिलाड़ियों की सूची जारी करने वाले दिन यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई स्टार खिलाड़ी गोलकीपर मैकेंजी अर्नोल्ड, डिफेंडर ऐली कारपेंटर और फॉरवर्ड मैरी फाउलर इनमें शामिल हैं।

भारत क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर

येचियोन (दक्षिण कोरिया)। एशियाई खेल चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के चौथे स्थान पर रहने से तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारतीय कंपाउंड महिला टीम क्वालीफाइंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। विश्व कप में सत्र के पहले शंघाई चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने के बाद ज्योति शीर्ष तीन में रहने से तीन अंक से चूक गई। वह तीसरे स्थान पर रही दक्षिण कोरिया की ओह युहयुन (707 अंक) से तीन अंक पीछे रह गई। हान सियुंगियोन पहले और लक्जेमबर्ग की मारिया शकोल्ना दूसरे स्थान पर रही। भारत की परनीत कौर आठवें और विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी 15वें स्थान पर रही। भारतीय टीम दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही।

चंदू ने जसकरण को हरा राष्ट्रीय खिताब जीता

हैदराबाद। तमिलनाडु के उभरते मुक्केबाज चंदू ने पंजाब के जसकरण सिंह को चौथे दौर में नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीसी इंडिया क्रूजरवेट चैंपियनशिप खिताब जीता। इस मुकाबले में 10-0 के जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ उतरे चंदू जीत दर्ज करने में सफल रहे। दूसरे दौर से चंदू ने दबदबा बनाना शुरू किया और फिर विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया। चंदू ने चौथे और निर्णायक दौर में जसकरण के चेहरे पर दाएं हाथ से दमदार मुक्का जड़कर उन्हें धराशाई कर दिया। अक्षय चहल और राम सिंह के बीच आठ दौर का मुकाबला बराबरी पर छूटा जबकि आशीष चौधरी ने मनीष शर्मा को सर्वसम्मत फैसले से हराया।

टोनी क्रूज यूरो 2024 के बाद लेंगे संन्यास

मैड्रिड। जर्मनी के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी टोनी क्रूज 2024 यूरोपीय चैंपियनशिप के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। उनके क्लब रीयाल मैड्रिड ने बताया कि 34 साल के क्रूज ने यूरो 2024 के बाद पेशेवर फुटबॉलर के रूप में अपने करियर को समाप्त करने का फैसला किया है। क्लब ने कहा कि रीयाल मैड्रिड टोनी क्रूज के प्रति अपना आभार और स्नेह व्यक्त करना चाहता है। वह हमारे क्लब के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के महानतम दिग्गजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे। क्रूज 2014 से रीयाल मैड्रिड के साथ है। टीम ने 22 खिताब जीते है, जिसमें चार यूरोपीय कप और चार स्पेनिश लीग शामिल हैं। उन्होंने क्लब के साथ 463 मैच खेले हैं।

त्रिसा और गायत्री महिला युगल के दूसरे दौर में

कुआलालंपुर, एजेंसी

मलेशिया मास्टर्स

● पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हारे

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन और लियांग जिंग यू को 21-14, 21-10 से हराया।

पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हार गए। पिछले साल दिसंबर में ओडिशा मास्टर्स जीतने वाले सतीश करुणाकरन ने मलेशिया के चीम जून वेइ को 21-15, 21-19 से हराया, लेकिन इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21-13, 20-22, 13-21 से हार गए। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने हमवतन कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21-7, 21-14 से हराया, लेकिन थाईलैंड के पानीचाफोन तीरारात्साकुल से 21-23, 12-16, 17-21 से हार गए। पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता एस शंकर सुब्रहमण्यन को रुस्तावितो ने पहले दौर में 21-12, 21-17 से हराया। महिला क्वालीफायर में तान्या हेमंत को चीनी ताइपै की लिन सिह युन ने 23-21, 21-8 से मात दी। महिला युगल में पलक अरोरा और उन्नति हुड्डा को चीनी ताइपै की सू यिन हुइ और लिन जि युन ने 21-10, 21-5 से हराया।

अभ्यास को रोलां गैरो पहुंचे नडाल

पेरिस, एजेंसी

फ्रेंच ओपन

● फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति

रिकॉर्ड 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन रफेल नडाल तैयारी के लिये रोलां गैरो लौटे हैं हालांकि उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति है। 37 वर्ष के नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और दो अभ्यास जोड़ीदारों के साथ यहां पहुंचे।

फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास देखने के लिए करीब 6000 दर्शक मौजूद थे। करीब डेढ घंटे तक चले अभ्यास सत्र के बाद नडाल ने प्रशंसकों को आटोग्राफ दिए और लॉकर रूम में चले गए। फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल कूल्हे की चोट के कारण 2023 में लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे। वह हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे दौर में हुबर्ट हुरकाज से हार गए थे। अभी उन्होंने बताया नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन खेलेंगे या नहीं। पिछले साल भी वह कूल्हे की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर थे।

बॉलीवुड हलचल

सुष्मिता सेन 30 साल पहले बनी थीं मिस यूनिवर्स

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन को मिस यूनिवर्स बने 30 साल हो गए हैं। सुष्मिता ने 21 मई 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज पहना था। ये खिताब जीतने वाली सुष्मिता भारत की पहली महिला है। सुष्मिता ने इसको याद करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। सुष्मिता ने अपने इंस्टाग्राम पर पुरानी तस्वीर शेयर की और लंबा चौड़ा नोट लिखा। फोटो में सुष्मिता एक बच्ची को गोद में लिए नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, ये छोटी लड़की, जिससे मैं अनाथालय में मिली थी, उसने मुझे जिंदगी का सबसे मासूम, लेकिन गहरा सबक सिखाया, जिसे मैं आज तक जी रही हूं। ये फोटो 30 साल पहले ली गई थी, जब मिस यूनिवर्स का ताज पहली बार भारत आया था! सुष्मिता से ने लिखा,यह कमाल का सफर रहा था और अभी भी जारी है हमेशा मेरी सबसे बड़ी पहचान और ताकत बने रहने के लिए भारत को धन्यवाद! कभी न खत्म होने वाले प्यार और अपनेपन के लिए फिलीपींस को धन्यवाद तीन दशक बीत गए और अभी आने बाकी हैं!



मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज

मुंबई। अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का दूसर गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा कंपोज किया गया और जुबिन नौटियाल द्वारा गाए गए इस गाने की शूटिंग जयपुर में हुई है। इस गाने के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। गाने में महिमा (जाह्नवी) और महेंद्र (राजकुमार) के रिश्ते की मिठास को दर्शाया गया है। गाने को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए राजकुमार ने लिखा, अगर हो तुम में प्यार को गहराई के साथ महसूस करें। संगीतकार तनिष्क ने कहा, अगर हो तुम एल्बम का फ्रेश एलिमेंट है। कौसर मुनीर के बोल और जुबिन की आवाज लोगों के दिलों में बस जाएगी। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस गाने को पसंद करेंगे और इसका आनंद लेंगे।

डब्ल्यूएफआई ने ओलंपिक कोटा विजेताओं को ट्रायल से दी छूट

हंगरी में भारतीय पहलवानों का होगा आकलन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को ओलंपिक कोटा विजेता सभी छह पहलवानों को चयन ट्रायल से छूट दे दी, लेकिन उनके फॉर्म और फिटनेस का आकलन आगामी रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और हंगरी में अभ्यास शिविर में होगा।

डब्ल्यूएफआई ने कहा कि यह विशेष परिस्थितियों में लिया गया फैसला है और इसे भविष्य के लिये परिपाटी नहीं माना जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई ने यह भी कहा कि अगर किसी भी पहलवान की फिटनेस में कमी पाई गई तो महासंघ आठ जुलाई से पहले ट्रायल के जरिये विकल्प के बारे में सोचेगा। प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख आठ जुलाई है। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए छह कोटा हासिल किए हैं जिनमें अमन सेहरावत (57 किलो) अकेले पुरुष पहलवान हैं। विनेश फोगाट (50 किलो), अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो), निशा दहिया (68 किलो) और रीतिका हुड्डा (76 किलो) ने भी क्वालीफाई किया है। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई से ट्रायल नहीं कराने का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि इससे चोट का खतरा है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने इसे स्वीकार कर लिया।

संजय सिंह ने कहा कि हमने बात की और दोनों मुख्य कोचों का कहना था कि ट्रायल से चोट का खतरा होगा जिससे भारत की पदक उम्मीदों पर विपरीत असर पड़ सकता है, जिस वजह से हमने ट्रायल नहीं कराने का फैसला लिया।

कोटा विजेता बुडापेस्ट में छह से नौ जून तक यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरिज में भाग लेंगे। इसके बाद 10 से 21 जून तक अभ्यास शिविर लगेगा। सिंह ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी पहलवान को चोट ना लगे। इसलिए ट्रायल की जगह भारतीय कोच कोटा विजेताओं का आकलन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और अभ्यास शिवर में करेंगे। अगर कोई फिट नहीं है तो उसके विकल्प पर विचार किया जा सकता है। हम आठ जुलाई से पहले उस वर्ग में चयन ट्रायल का आयोजन करेंगे।

रवि और सरिता के लिए रास्ते बंद

तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि दहिया (57 किलो) और सरिता मोर (57 किलो) के लिए रास्ते भी बंद हो गए जो ट्रायल की तैयारी कर रहे थे। चयन समिति की बैठक में महिला टीम के मुख्य कोच वीरेंदर दहिया और फ्रीस्टाइल मुख्य कोच जगमंदर सिंह भी मौजूद थे। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त, पूर्व पहलवान गीतिका जाखड़, डब्ल्यूएफआई उपाध्यक्ष और ओलंपियन जय प्रकाश, कोषाध्यक्ष संदीप देशवाल ने भी बैठक में भाग लिया। गीतिका ने वीडियो कॉल के जरिये बैठक में भाग लिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे की जांच से अमेरिका का इनकार

● अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा- रईसी के हाथ खून से सने

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान सरकार की ओर से हेलीकॉप्टर दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए अमेरिका से किया गया आग्रह को उसने ठुकरा दिया है। यह जानकारी अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ईरान में राष्ट्रपति के तौर पर रईसी का रिकॉर्ड सही नहीं था। उनके हाथ खून से सने थे। रविवार को राष्ट्रपति रईसी का हेलीकॉप्टर कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

मैथ्यू मिलर से सोमवार को जब प्रेस वार्ता में ईरानी सरकार की ओर से मदद का आग्रह किये जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका इस तरह की स्थितियों में विदेशी सरकारों से आग्रह आने पर मदद करता है, लेकिन अमेरिका उसकी किसी भी तरह की मदद कर पाने में सक्षम नहीं है। मिलर ने कहा कि काफी हद तक लॉजिस्टिक कारणों के चलते मदद नहीं की जा रही है।

तेहरान में दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को श्रद्धांजलि देते सदस्य।

ईरानी सेना के नेतृत्व में हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच शुरू

तेहरान। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की नियुक्ति की है। समिति की बागडोर ब्रिगेडियर अली अब्दुल्लाही को सौंपी गयी है, जिन्होंने जांच शुरू कर दी है।

मशहद में दफनाया जाएगा रईसी का शव

तेहरान। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहसिन मंसूरी ने कहा है कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पार्थिव शरीर को गुरुवार को पूर्वोत्तर शहर मशहद में दफनाया जाएगा। ईरानी स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी ने ईरानी उपराष्ट्रपति के हवाले से यह जानकारी दी।

ईरान में 28 जून को होगा राष्ट्रपति चुनाव

तेहरान। ईरानी सरकार ने सोमवार को निर्णय लिया कि देश में 14वें राष्ट्रपति का चुनाव 28 जून को होगा। यह जानकारी आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। खबर में कहा गया कि चुनाव की तारीख का निर्धारण एक बैठक में किया गया है।

इन लक्षणों से समझें गंदगी से सिकुड़ रही खून की नसें, आ सकता है हार्ट अटैक

भागदौड़ से भरी और अक्सर तनावपूर्ण रहने वाली आज की जिन्दगी में एथेरोस्क्लेरोटिक कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (एएससीवीडी) का जोखिम बढ़ा हुआ है। एएससीवीडी की शुरूआत में थोड़े या न के बराबर लक्षण होते हैं और इसलिए इसे अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है। यह बीमारी गुजरते वर्षों के साथ धीरे-धीरे बढ़ती है और इससे दुनिया में लाखों लोगों को बड़ा खतरा है। आईसीएमआर के हाल के अध्ययनों ने भारत की शहरी आबादी में हाई कोलेस्ट्रॉल के 25-30% और ग्रामीण आबादी में 15-20% मामले होने की बात कही है। ज्यादा आमदनी वाले देशों की तुलना में, भारत के 83% लोगों में बड़ी कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों और मौत की दर काफी ज्यादा है। लेकिन इन अनिश्चितताओं के बीच कुछ अच्छी खबर भी है: कोलेस्ट्रॉल, और खासकर बुरे कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने से बड़ा परिवर्तन आ सकता है।

एएससीवीडी के जोखिम कारक

एएससीवीडी में कई कारकों का योगदान होता है। इनमें से कुछ में बदलाव होते हैं, जबकि कुछ ऐसे ही बने रहते हैं। जोखिम के बदलाव वाले घटकों में कोलेस्ट्रॉल, हाइपरटेंशन, डायबिटीज और धूम्रपान शामिल हैं। इनमें कोलेस्ट्रॉल के बढ़े हुए लेवल और हाई ब्लड प्रेशर खासतौर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एएससीवीडी क्या है और इसके संकेत और लक्षण क्या हैं?

एएससीवीडी में कई तरह की स्थितियां होती हैं, जैसे कि आर्टरीज में गंदगी जमा होना, जिससे हृदय और मस्तिष्क जैसे जरूरी अंगों में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है। इस स्थिति को एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है और कोलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण धीरे-धीरे आर्टरीज बंद होने लगती हैं। ऐसे में आर्टरीज कठोर हो जाती हैं और हार्टअटैक, स्ट्रोक तथा हृदय की अन्य समस्याओं की संभावना बढ़ जाती है।

अपना टारगेट एलडीएल-सी जानना क्यों जरूरी

अलग-अलग लोगों के लिये जोखिम के कारकों और स्वास्थ्य-लक्ष्यों के आधार पर एलडीएल-सी के आदर्श स्तर में अंतर होता है। लेकिन आमतौर पर यह 100 एमजी/डीएल होना चाहिए, जबकि ज्यादा जोखिम वालों के लिये इससे भी कम। एलडीएल-सी पर नजर रखने के लिये खून की नियमित रूप से जांच हो सकती है। यह मरीज के जोखिम और उपचार के आधार पर हर 3 से 12 महीने में होती है। अपने लिपिड पर नजर रखना एएससीवीडी को मैनेज करने का आधार होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल्स को मैनेज करने के लिये दिल की सेहत को अच्छा रखने वाला आहार, नियमित व्यायाम और तनाव का प्रबंधन महत्वपूर्ण है।

दिल की सेहत के लिए कोलेस्ट्रॉल की जांच क्यों जरूरी

एलडीएल लेवल को मैनेज करने के लिये कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है। 2019 में दुनिया में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) के कारण 32% मौतें हुई थीं और आकलन है कि 2030 तक हर साल ऐसी 23 .6 मिलियन मौतें हो सकती हैं। ऐसे में कम उम्र से ही कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है।

कोलेस्ट्रॉल के प्रकार, प्रभाव और दिल की सेहत पर असर

कोलेस्ट्रॉल के विभिन्न प्रकार होते हैं, जिनमें से एलडीएल (लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अक्सर बुरा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। क्योंकि आर्टरी की दीवारों में गंदगी के जमा होने में उसकी भूमिका होती है। जबकि एचडीएल (हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अच्छा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है।

एएससीवीडी के संकेत और लक्षण

शुरुआती अवस्था के कुछ आम लक्षण हैं एंजिना, जिसे चेस्ट पैन भी कहा जाता है। सांस छोटी होना, थकान, चक्कर आना और धड़कन बढ़ना। यह समझना महत्वपूर्ण है कि कोई जानलेवा स्थिति आने तक कुछ लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। बीमारी का जल्दी पता लगाने और सही समय पर दखल देने के लिये स्वास्थ्य की नियमित जांच और पूर्व सक्रिय होकर कोलेस्ट्रॉल को जानना आवश्यक है।

एक नजर

स्लोवाकिया में सर्वसम्मति से राजनीतिक हिंसा के खिलाफ प्रस्ताव पारित

ब्रातिस्लावा। स्लोवाकिया की संसद ने प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या की कोशिश के बाद मंगलवार को सर्वसम्मति से राजनीतिक हिंसा के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। संसद में मौजूद सभी 130 सांसदों ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के खिलाफ नफरत फैलाने से परहेज करने का आह्वान किया गया है। पेजिनोक शहर की एक अदालत ने शनिवार को हमले के संदिग्ध को कारागार में ही रखने का आदेश दिया। इस बीच, अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में गंभीर रूप से घायल फिको की सेहत में सुधार हो रहा है। बंस्क बिस्ट्रिका शहर के जिस अस्पताल में फिको का इलाज चल रहा है उसने बताया फिको होश में हैं और बातचीत कर रहे हैं।

इजरायली हमले में हिजबुल्लाह अधिकारी की मौत

बेरूत। दक्षिणी लेबनान के मंसूरी में इजरायली हमले में एक हिज़्बुल्लाह अधिकारी की मौत हो गई और एक नागरिक घायल हो गया। लेबनानी सैन्य सूत्रों के अनुसार सोमवार शाम अधिकारी टायर जिले के मंसूरी में मोटरसाइकिल पर जब जा रहा था तभी इजरायल की ओर से दो मिसाइलें दागी गईं, जिसमें मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई और एक राहगीर घायल हो गया। मृतक की पहचान दक्षिणी नगरपालिका डेयर कानून एन नहर से हिजबुल्लाह के स्थानीय अधिकारी कासिम सकलावी के रूप में की गयी है।

जापान के ओगासावारा द्वीप समूह में 6.0 तीव्रता का भूकंप

टोक्यो। दक्षिण में प्रशांत महासागर में ओगासावारा द्वीप समूह के पास मंगलवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने दी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 9 :39 बजे लगभग 50 किमी की गहराई में आया, जिसकी तीव्रता हाहाजिमा द्वीप में 7 के जापानी भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर 4 मापी गई। मौसम एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

स्पेन ने अर्जेंटीना से अपना राजदूत वापस बुलाया

ब्यूनस आयर्स। दो ऐतिहासिक सहयोगियों स्पेन और अर्जेंटीना के बीच राजनयिक संकट मंगलवार को तब और बढ़ गया जब स्पेन ने ब्यूनस आयर्स से अपने राजदूत को वापस बुला लिया। वहीं, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे एक अहंकारी समाजवादी की बकवास करार दिया। स्पेन ने कहा कि वह मैड्रिड में रविवार की रैली में राष्ट्रपति माइली द्वारा की गई टिप्पणियों के जवाब में आधिकारिक तौर पर अर्जेंटीना से अपने राजदूत को हटा रहा है।

बांग्लादेश के पूर्व सेना प्रमुख अजीज पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के कारण सोमवार को प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि उनके कदमों ने बांग्लादेशी लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं में लोगों के भरोसे को कमजोर किया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर बड़े भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाने की आज सार्वजनिक रूप से घोषणा की। उनके कदमों ने बांग्लादेश के लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थानों और प्रक्रियाओं में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है।

37 हजार फीट पर एयर टर्बुलेंस एक की मौत, 30 लोग घायल

सिंगापुर एयरलाइंस का विमान झटके से 6 हजार फीट नीचे आया

बैंकॉक, एजेंसी

सिंगापुर एयरलाइन्स की एक फ्लाइट 21 मई को आसमान में एयर टर्बुलेंस (वायुमंडलीय विक्षोभ) में फंस गई। अचानक लगे झटकों से 73 साल के ब्रिटिश यात्री की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। फ्लाइट एसक्यू321 लंदन से सिंगापुर जा रही थी। सिंगापुर एयरलाइन्स की बोइंग 777-300ईआर फ्लाइट ने लंदन से उड़ान भरी थी।

टेकऑफ के कई घंटे बाद फ्लाइट म्यांमार के एयरस्पेस में 37 हजार फीट पर खराब मौसम की वजह एयर टर्बुलेंस में फंस गई। इस दौरान कई झटके लगे। विमान 5 मिनट के अंदर 31 हजार फीट की ऊंचाई पर आ गया। इस दौरान ऊंचाई कम करते वक्त यात्रियों को सीट बेल्ट पहनने की वॉर्निंग नहीं दी गई। कई यात्री अपनी सीट से ऊपर उछल गए। उनका सिर लगेज कंटेनर से टकरा गया। कई लोगों को चोट लगी। एक पैसेंजर की मौत हो गई। इसके बाद फ्लाइट को बैंकॉक डायवर्ट किया गया। यहां के स्वर्णभूमि एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। थाईलैंड के परिवहन मंत्री ने एक बयान में कहा कि मामूली रूप से घायल और घायल नहीं हुए यात्रियों को शहर के चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचाने के लिए सिंगापुर मंगलवार रात दूसरा विमान भेजेगा।

विमान के भीतर यात्री द्वारा ली गई तस्वीर।



बैंकाक एयरपोर्ट पर खड़ा विमान।

फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य थे

फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य सवार थे। जिन्हें सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट उतरना था। लेकिन एयर टर्बुलेंस के कारण बैंकॉक एयर पोर्ट पर उतारना पड़ा। प्लेन की लैंडिंग के तुरंत बाद एम्बुलेंस की कई गाड़ियां एयरपोर्ट पहुंची। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंगापुर एयरलाइन्स ने मारे गए यात्री के परिजनों के प्रति शोक जताया है। कंपनी के अधिकारी बैंकॉक से लगातार संपर्क में है। सभी यात्रियों को जरूरी मदद पहुंचाई जा रही है।

सिंगापुर में भारतीय मूल के डिलीवरी ब्वॉय को 30 माह की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक डिलीवरी ब्वॉय को एक होलसेलर के यहां काम करते हुए 1,70,000 सिंगापुर डॉलर से ज्यादा मूल्य के मांस उत्पाद चुराने के मामले में 30 महीने जेल की सजा सुनाई गयी है।

टुडे समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शिवम करुप्पन (42) और ची सॉन्ग फूड्स विक्रेता में काम करने वाला उसका एक अन्य सहकर्मी चुराये हुए मांस उत्पादों को ग्राहक को बेचते थे और इससे प्राप्त धन को अपने पास रखते थे। करुप्पन के सहयोगी के खिलाफ अदालत में मामला फिलहाल शुरू नहीं हुआ है।

सहयोगी नेशान गुणसुंदरम (27) भी भारतीय मूल का नागरिक है, जो कंपनी ने गोदाम में सुपरवाइजर के रूप में तैनात था। गुणसुंदरम का काम गोदाम के अंदर और बाहर माल के आवागमन की निगरानी करना था। अदालत में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, करुप्पन और गुणसुंदरम ने कुल मांस उत्पाद चुराए। उपलोक अभियोजक (डीपीपी) रोनी एंग ने करुप्पन के अपराधों के लिए 32 से 38 महीने की जेल की सजा की मांग करते हुए कहा कि उसने अपने मालिक के साथ विश्वासघात किया है। अदालत ने करुप्पन को 30 महीने जेल की सजा सुनाई।

माउंट फूजी पर्वत पर बढ़ रही गंदगी, देना होगा शुल्क



जापान का माउंट फूजी पर्वत।

● जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने के लिए तय किए नए नियम

टोक्यो, एजेंसी

जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने की इच्छा रखने वाले लोगों को अब स्लाट की बुकिंग करानी होगी और इसके लिए उन्हें शुल्क का भी भुगतान करना होगा। पर्वतारोहियों की बढ़ती संख्या और वहां फैल रही गंदगी के चलते यह फैसला लिया गया है। सुरक्षा और संरक्षण भी चिंता का विषय बन चुका है।

यह नए नियम, 3,776 मीटर (लगभग 12,300 फीट) ऊंचे पर्वत के यामानाशी किनारे पर योशिदा मार्ग से जाने वाले पर्वतारोहियों पर लागू होगा। माउंट फूजी पर्वत पर एक जुलाई से 10 सितंबर तक पर्वतारोही चढ़ाई कर सकते हैं। यामानाशी प्रान्त ने सोमवार को जापान के विदेशी प्रेस केंद्र के माध्यम से बताया कि नए नियम के अनुसार केवल 4,000 पर्वतारोहियों को मार्ग में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

इसके लिए प्रति दिन 2,000 येन (लगभग 18 अमेरिकी डॉलर) का शुल्क लिया जाएगा। 3,000 स्लॉट्स ऑनलाइन बुक किए जाएंगे और शेष 1,000 को चढ़ाई के दिन व्यक्तिगत रूप से बुक किया जा सकता है। पर्वतारोही माउंट फूजी क्लाइंबिंग वेबसाइट के माध्यम से अपने स्लॉट बुक कर सकते हैं।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में चार राज्यों में एनआईए की छापेमारी

● 1 मार्च को विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट से संबंधित मामले की जांच के तहत मंगलवार को 4 राज्यों में छापे मारे।

यह कार्रवाई कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 11 जगह पर की गई। एक मार्च को कैफे में हुए विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थी। विस्फोट से कैफे को भारी नुकसान हुआ था। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अधिक विवरण साझा किए बिना कहा कि कई राज्यों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। तीन मार्च को जांच का जिम्मा संभालने वाली एजेंसी ने 12 अप्रैल को मामले के सरगना अब्दुल मतीन अहमद ताहा समेत दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कथित तौर पर कैफे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखने वाले ताहा और अन्य आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब को कोलकाता के पास एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था, जहां वे फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे।

डेढ़ लाख का कर्ज नहीं लौटा पाया तो किसान ने की आत्महत्या

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी में 55 वर्षीय किसान ने 1.50 लाख रुपये की ऋण राशि लौटाने के लिए एक महिला साहूकार द्वारा परेशान किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार किसान राजू खोतागी ने रविवार को जहर खा लिया जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां अगले दिन उनकी मौत हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि किसान ने गंभीर सूखे के कारण नुकसान झेलने के बाद लगभग छह महीने पहले उसी गांव की 60 वर्षीय सिद्धव्वा बय्यानवारा से 1.50 लाख रुपये का ऋण लिया था।

रेड कार्पेट पर नैंसी

कॉन्स में नैंसी त्यागी का जलवा

कॉन्स। उत्तर प्रदेश में पैदा हुई नैन्सी त्यागी ने कॉन्स फिल्म फेस्टिवल में खुद का सिला हुआ गाउन पहनकर इतिहास रच दिया है। इस पिंक रफफल्ड गाउन को बनाने के लिए नैन्सी ने 1000 मीटर कपड़ा लिया और एक महीने में इसे तैयार किया। जब नैन्सी से यह पूछा गया कि उन्हें कैसा महसूस हो रहा है तो बेहद ही मासूमियत के साथ यह जवाब दिया कि इतना बड़ा तो उनका सपना भी नहीं था। नैन्सी को इंफ्लुएंसर के तौर पर पहचान तब मिली जब इंस्टाग्राम पर उनकी वीडियोज वायरल होने लगीं।

श्रीलंका ने भारत में गिरफ्तार नागरिकों की जांच शुरू की

कोलंबो। श्रीलंका ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध रखने वाले अपने चार नागरिकों के बारे में सूचना हासिल करने के लिए जांच शुरू की है। इन्हें भारत में गिरफ्तार किया गया था, वे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे।

गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ता ने एक गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से हिरासत में लिया था। वे कोलंबो से चेन्नई पहुंचे थे। इन लोगों ने इस्लामिक स्टेट के इशारे पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत की यात्रा की थी।

खगोल विज्ञान | पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का नए शोध में दावा

निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हमारे सबसे करीबी खूबसूरत निहारिका ओरियन नेबुला वैज्ञानिकों को ग्रह नक्षत्रों के निर्माण व विकास की नई दिशा प्रदान करेगी। पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नए शोध में यह दावा किया है। शोध में नेबुला की नवीन विचित्र तस्वीरों के जरिए इस निहारिका खाका तैयार किया है।

ओरियन नेबुला नग्न आंखों से नजर आने वाली बेहद खूबसूरत निहारिका है। इसकी लोकप्रियता पूरी दुनिया में है। दुनिया में सर्वाधिक शोध व फोटोग्राफ इसी निहारिका की हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड में ग्रह नक्षत्रों के रहस्य उजागर करने के लिए इससे बेहतर कोई दूसरी निहारिका नहीं हो सकती। इसी उद्देश्य को लेकर पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्याल के वैज्ञानिको ने इस पर नया शोध किया। शोध के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप का सहारा लिया गया और जो परिणाम देखने को मिले, वह शोधकर्ताओं के लिए आश्चर्यजनक थे। इस आधार पर इसका नया खाका खींचने पर वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली है। नए मानचित्र में ओरियन नेबुला के हृदय के साथ विकिरण, गर्म आयनित गैस व ठंडे आणविक बादल में संक्रमण को चिह्नित किया गया है। गैस के बादल का बचा हुआ हिस्सा दर्शाया गया है, जिससे तारों का निर्माण हुआ। वैज्ञानिक जानते हैं कि तारे और ग्रह निर्माण का रहस्य आज भी उलझा हुआ है। जिसे समझने के लिए यह नेबुला बेहद मददगार साबित होगी।

वेब टेलीस्कोप द्वारा ली गई ओरियन निहारिका की ताजा तस्वीर।

ग्रह नक्षत्रों की प्रक्रिया समझने में मिलेगी मदद

शोधकर्ता खगोलशास्त्री एल्स पीटर्स कहते हैं कि किसी भी ग्रह व तारे की उत्पत्ति को लेकर रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद जरूरी है। इस दिशा में अधिक जानकारी अभी तक नही मिल पाई है। तारा निर्माण सैद्धांतिक प्रक्रिया में नया शोध मदद करेगा। ग्रह निर्माण व उनके अंत में होने वाली रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद महत्वपूर्ण हैं। जिसे समझे बिना आगे की खोज संभव नही हो सकती।

इंजीनियरों को कुचलने वाला नाबालिग का पिता गिरफ्तार

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में लग्जरी कार से दो इंजीनियरों को कुचलने के आरोपी 17 वर्षीय लड़के के पिता को मंगलवार को छत्रपति संभाजीनगर से हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

नशे की हालत में किशोर ने रविवार तड़के कल्याणी नगर इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। मामले में अपराध शाखा के अधिकारियों ने जाने-माने रियल एस्टेट कारोबारी नाबालिग के पिता को पुणे से लगभग 250 किलोमीटर दूर छत्रपति संभाजीनगर में हिरासत में लिया और शाम को शहर ले आए। होटल ब्लैक क्लब के कर्मचारियों में से एक जयेश बोनकर को भी गिरफ्तार किया गया है, जहां लड़के को शराब परोसी गई थी।

अंतरिक्ष में हथियार नहीं भेजने वाला रूस का प्रस्ताव खारिज

● अमेरिका ने कहा- रूस पहले ही कर चुका उपग्रह प्रक्षेपित, हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने सोमवार को खारिज कर दिया। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है।

सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। पिछले महीने रूस के प्रतिद्वंदी देश अमेरिका और जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया था। अमेरिका और जापान द्वारा रखे प्रस्ताव में अलग-अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं।

अमेरिका ने कहा- ध्यान भटकाने की कोशिश

अमेरिकी उपराजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया आज हमारे सामने रखा गया प्रस्ताव और कुछ नहीं बल्कि रूस की ध्यान भटकाने की पराकाष्ठा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया कि उनका देश दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है।